seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

■ वर्ष : 56 ■ अंक : 300 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 | श्रीगंगानगर, सोमवार, 02 नवम्बर, 2026 | seema-sandesh.com

LOVED IN 100 COUNTRIES

BAJAJ THE WORLD'S FAVOURITE INDIAN

नया 125

5" TFT कंसोल गूगल मैप्स के साथ | 3 राइड मोड्स | मोनोशॉक सस्पेन्शन

इस उत्सव सिर्फ pulsar

₹12 000/- की बचत

कैश ऑफर | NIL प्रोसेसिंग शुल्क | 5 फ्री सर्विसेस

नया N160 SS

इंटेलिजेंट थ्रॉटल | 5" TFT कंसोल गूगल मैप्स के साथ | 4 राइड मोड्स

	125	NS 125	N160 S/SS	N250	NS 400
एक्स-शोरूम कीमत	₹92 276/-	₹1 02 548/-	₹1 21 988/-	₹1 45 459/-	₹1 86 806/-
कैश ऑफर	₹2 500/-	₹2 500/-	₹3 000/-	₹3 000/-	₹5 000/-
PF सेविंग्स + 5 फ्री सर्विसेस	₹3 500/-	₹3 700/-	₹4 500/-	₹4 900/-	₹7 000/-
कुल बचत	₹6 000/-	₹6 200/-	₹7 500/-	₹7 900/-	₹12 000/-

pulsar DEFINITELY DARING

Ogilvy HIN

Flipkart amazon.in पर भी उपलब्ध*

10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE

72198 21111

SHRIRAM Finance | L&T Finance | TATA CAPITAL

*नियम और शर्तें लागू. बचत केवल सीमित समय तक लागू. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैश ऑफर से प्राप्त बचत की कुल राशि, ज़ीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). शून्य पीएफ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. लागू होने वाले ऑफर अलग-अलग मॉडल या क्षेत्र के हिसाब से अलग-अलग हो सकते हैं. बताई गई एक्स-शोरूम कीमतें संबंधित मॉडल के बेस वैरिएंट की हैं. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Sriganganagar: SHREE AMBA BAJAJ 9413385023 • Hanumangarh GANPATI BAJAJ 9462207055. Bikaner: GANPATI BAJAJ 8094444525, 0151-2945514.

ब्रांडेड मिठाइयों और नमकीन हैम्पर्स ने बदली गिफ्टिंग परंपरा

त्योहारी उपहारों में बढ़ा बीकाजी का क्रेज़



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

त्योहारी सीजन और विशेष अवसरों पर उपहार देने के तौर-तरीकों में बड़ा बदलाव आया है। पारंपरिक मिठाइयों की जगह अब ब्रांडेड मिठाइयों और नमकीन ने ले ली है, जिसमें ह्यबीकाजीह्न उपभोक्ताओं की पहली पसंद बनकर उभरा है। सेहत के प्रति बढ़ती जागरूकता, शुगर की चिंता और लंबी शेल्फ-लाइफ के चलते लोग अब खुले मिष्ठान के बजाय पैक्ड और ब्रांडेड विकल्पों को प्राथमिकता दे रहे हैं। श्रीगंगानगर में 73 ई ब्लॉक गोशाला रोड शनि मंदिर के पास स्थित शोरूम बीकाजी के सुपर स्टॉकिस्ट हिमांशु अग्रवाल के अनुसार, स्थानीय स्तर पर डिपो होने से बीकानेर से ताजी मिठाइयों और नमकीन की नियमित आपूर्ति सीधी जिले तक हो रही है। जिलेभर में 27 डीलरों के मजबूत नेटवर्क के जरिए उपभोक्ताओं को बीकानेर का असली स्वाद उपलब्ध कराया जा रहा है।



'रिश्ते' हैम्पर और हेल्दी वैरायटी


उपहारों के लिए कंपनी ने 'रिश्ते' सीरीज के तहत 9 अलग-अलग रेंज के गिफ्ट हैम्पर्स पेश किए हैं। इनमें 'फेस्टिव डिलाइट', 'शाही दावत', 'नमकीन दावत' और 'डबल मजा' जैसे पैक शामिल हैं। इसके साथ ही पांच स्वादों में सोन पापड़ी, मैंगो चॉकलेट, और पापड़ की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराई गई है।

मिठाइयों से आगे निकली नमकीन की मांग

त्योहारों पर घरों में पहले से मीठा बनने के कारण सामान्य मिठाइयों के खराब होने का जोखिम रहता है। इसके उलट नमकीन लंबे समय तक उपयोग की जा सकती है। इसी ट्रेंड को देखते हुए बीकाजी ने विशेष रूप से केवल नमकीन वाले गिफ्ट पैक भी बाजार में उतारे हैं। इसके अलावा आटा लड्डू, बेसन लड्डू, ड्राईफ्रूट मिक्स, काजू कतली, अंजीर बर्फी और डिब्बाबंद रसगुल्ले व गुलाब जामुन जैसी मिठाइयों की मांग भी तेजी से बढ़ी है, जिन्हें कूरियर के जरिए आसानी से दूर-दराज भेजा जा सकता है।

बीकानेर के स्वाद की वैश्विक पहचान

बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक दीपक अग्रवाल के अनुसार, कंपनी के भुजिया और नमकीन उत्पादों की विशिष्ट पहचान बीकानेर के पानी और पारंपरिक निर्माण शैली से जुड़ी है। कंपनी के भुजिया केवल बीकानेर प्लांट में ही तैयार किए जाते हैं, जिन पर बीकानेर मार्क अनिवार्य है। वर्तमान में पारंपरिक भुजिया के साथ-साथ स्वास्थ्यवर्धक मिलेट भुजिया, रागी-ज्वार-बाजरा नमकीन, रोस्टेड मिक्सचर, दक्षिण भारतीय मुरुक्कू और कोलकाता की झालमुड़ी, डोडा बर्फी, चिढ़ावा बर्फी, मथुरा बर्फी, चना बर्फी भी खूब पसंद की जा रही है। इसके अलावा रॉयल स्वीट्स के लिये अलग से डिब्बे तैरूार किये हैं। कोलेस्ट्रॉल व ट्रांसफैट-मुक्त गुणवत्ता के साथ बीकाजी ने 80 से अधिक नमकीन वैरायटी और 10 से 12 कॉम्बो पैक्स के दम पर गिफ्टिंग बाजार में अपनी मजबूत धाक जमाई है।



5 से 10 साल बाद जब ट्रैक्टर बेचने की जरूरत पड़े, तो उसकी कितनी कीमत मिलेगी, रखें ध्यान

रीसेल वैल्यू और डीलर की साख–दोनों परखें, तभी करें ट्रैक्टर खरीदने का फैसला, ताकि भविष्य में ना हो नुकसान

किसानों के लिए नया ट्रैक्टर खरीदना जितना बड़ा निवेश है, उतना ही जरूरी है भविष्य में उसकी कीमत का अंदाजा लगाना। पांच-दस साल बाद जब ट्रैक्टर बेचने की जरूरत पड़े, तो उसकी कितनी कीमत मिलेगी? क्या हर ब्रांड और मॉडल की रीसेल वैल्यू एक जैसी होती है? और जिस डीलर से ट्रैक्टर खरीद रहे हैं, क्या वह भरोसेमंद है? इन सवालों के जवाब खरीदारी से पहले जानना जरूरी है, ताकि मेहनत की कमाई का सही इस्तेमाल हो और भविष्य में नुकसान से बचा जा सके।

रीसेल वैल्यू कैसे परखें ?

ट्रैक्टर खरीदते समय किसान अक्सर उसकी कीमत, हॉर्स पावर और माइलेज पर ध्यान देते हैं, लेकिन भविष्य में मिलने वाली कीमत यानी रीसेल वैल्यू को नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि ट्रैक्टर बेचने या बदलने के समय यही कीमत किसान के अगले निवेश को काफी हद तक प्रभावित करती है।

1. पुराने ट्रैक्टरों का बाजार भाव पता करें

जिस कंपनी और मॉडल का ट्रैक्टर खरीदने जा रहे हैं, उसी मॉडल के पांच साल पुराने ट्रैक्टर का बाजार भाव पता करें। इसके लिए पुराने ट्रैक्टरों के कारोबारियों, स्थानीय मंडी और आसपास के किसानों से जानकारी लें। इससे अंदाजा लगेगा कि समय के साथ ट्रैक्टर की कीमत कितनी कम होती है।

2. पार्ट्स और मैकेनिक की उपलब्धता देखें

जिस ब्रांड के स्पेयर पार्ट्स आसानी से मिल जाते हैं और जिसके मैकेनिक गांव या आसपास के क्षेत्र में उपलब्ध हैं, उस ट्रैक्टर को खरीदने में किसानों की रुचि अधिक रहती है। इससे मरम्मत में कम परेशानी होती है और पुराने ट्रैक्टर को बेचते समय भी खरीदार मिलने की संभावना बेहतर रहती है।

3. केवल कंपनी के दावे पर भरोसा न करें

कई बार ट्रैक्टर बेचते समय डीलर या कंपनी बेहतर रीसेल वैल्यू का दावा करते हैं। किसान को ऐसे दावों की वास्तविकता बाजार में जाकर जांचनी चाहिए। पुराने ट्रैक्टरों की कीमत, उनकी स्थिति और बिक्री में लगने वाले समय की जानकारी लेकर ही निर्णय करें।

डीलर की साख कैसे परखें ?

अच्छा ट्रैक्टर खरीदना ही काफी नहीं है, बल्कि सही और भरोसेमंद डीलर से खरीदना भी उतना ही जरूरी है। डीलर की गलत जानकारी या अधूरे वादे किसान को आर्थिक नुकसान पहुंचा सकते हैं।

1. डीलर अधिकृत है या नहीं, इसकी पुष्टि करें : ट्रैक्टर कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट या कस्टमर केयर से पता करें कि संबंधित डीलर कंपनी का अधिकृत विक्रेता है या नहीं। केवल दुकान पर लगे बोर्ड या कंपनी के नाम से प्रभावित होकर खरीदारी न करें।

2. पहले खरीद चुके किसानों से बात करें : जिस डीलर से ट्रैक्टर खरीदने की योजना है, उससे पहले ट्रैक्टर खरीद चुके दो-तीन किसानों से सीधे बातचीत करें। उनसे पूछें कि खरीदारी के समय किए गए वादे पूरे हुए या नहीं, सर्विस कैसी मिली और वारंटी में कोई परेशानी तो नहीं आई।

3. सोशल मीडिया रिव्यू को समझदारी से देखें : डीलर के सोशल मीडिया पेज और ऑनलाइन रिव्यू से जानकारी जरूर लें, लेकिन केवल अच्छी रेटिंग देखकर फैसला न करें। कई बार ऑनलाइन समीक्षाएं पूरी तस्वीर नहीं दिखातीं। वास्तविक ग्राहकों के अनुभव और व्यक्तिगत बातचीत को अधिक महत्व दें।

4. हर वादा लिखित में लें : ट्रैक्टर की कीमत, एक्सचेंज वैल्यू, फ्री सर्विस, वारंटी, अतिरिक्त सामान और अन्य सुविधाओं की जानकारी लिखित में लें। मौखिक वादों के आधार पर भुगतान करने से बचें। यदि कोई विशेष ऑफर दिया जा रहा है, तो उसकी शर्तें भी स्पष्ट रूप से समझें।

जमीनी जांच: खरीदने से पहले यह सवाल जरूर पूछें

किसान जिस मॉडल का नया ट्रैक्टर खरीदना चाहते हैं, उसके पांच साल पुराने ट्रैक्टर का बाजार भाव कम से कम दो-तीन जगह से पता करें। इससे अलग-अलग डीलरों और बाजार में कीमत का अंतर समझ आएगा। इसी तरह, जिस डीलर से ट्रैक्टर खरीदना है, वहां से पहले ट्रैक्टर खरीद चुके किसानों की सूची या संपर्क लेकर उनसे अनुभव पूछें। इससे डीलर की सर्विस, व्यवहार और भरोसेमंद होने का वास्तविक अंदाजा मिलेगा।

एक से डेढ़ साल लाख रुपए तक दाम बढ़े



पिछले छह वर्षों के दौरान ट्रैक्टरों की कीमतों में काफी बदलाव आया है। वर्ष 2020 में जिस 40 से 50 एचपी क्षमता के ट्रैक्टर को किसान लगभग 5 से 7 लाख रुपये में खरीद सकते थे, उसी श्रेणी के नए ट्रैक्टर की कीमत अब कई मामलों में 7 से 10 लाख रुपये या इससे अधिक तक पहुंच गई है। असल में ट्रैक्टर की कीमत उसके एपी और लोडिंग क्षमता पर निर्धारित होती। एक बार जीएसटी के दाम कम किए परन्तु बाद मे दो बार बढ़ा भी दिए। कम्पनी अपने स्तर पर लगातार रेट बढ़ा रही है। इसके पीछे ट्रैक्टर की बॉडी, चेसिस, गियर बॉक्स, एक्सल और अन्य पुर्जों के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल का महंगा होना है। इसके अलावा अब ट्रैक्टरों में पहले की तुलना में बेहतर इंजन तकनीक, फ्यूल सिस्टम और सुरक्षा सुविधाएं दी जा रही हैं। नए उत्सर्जन मानकों के कारण भी कंपनियों को तकनीक में बदलाव करना पड़ा है। ऐसे में रेट भी बढ़ रहे हैं परन्तु जितनी तेजी से दामों में बढ़ोतरी हो रही है उसके हिसाब से मालिक को अपना पुराना वाहन बेचते समय रीसेल वैल्यू नहीं मिलती। क्योंकि कम्पनी की 15 साल बाद वाहन को कबाड़ मानती है।

– विनोद खुराना, खुराना आईसर श्रीगंगानगर

सीमा सन्देश की सलाह

अच्छा ट्रैक्टर और भरोसेमंद डीलर–दोनों मिलें, तभी सौदा पक्का करें। ट्रैक्टर खरीदते समय केवल आज की कीमत नहीं, बल्कि आने वाले पांच-दस साल में उसकी उपयोगिता, रखरखाव और रीसेल वैल्यू को भी ध्यान में रखें। सही जानकारी और जमीनी जांच से किसान अपने निवेश को सुरक्षित रख सकते हैं।

अगली कड़ी में पढ़ें: ठगी हुई? चुप मत रहिए-ट्रैक्टर खरीद में धोखाधड़ी होने पर कहां और कैसे करें शिकायत।

अगली कड़ी · 4 नवंबर
"ठगी हुई? चुप मत रहिए"

आपके साथ धोखा हुआ? हमें बताएं
बिल, लोन या रसीद की फोटो के साथ WhatsApp पर लिखें या वॉइस नोट भेजें। आपकी पहचान आपकी अनुमति के बिना नहीं छापी जाएगी।

स्कैन करें या संदेश भेजें
93528 93528

किसान की बात, किसान के साथ – यही है सीमा सन्देश की पहचान 1951 से

रायसिंहनगर के 6, अनूपगढ़ के 5, सूरतगढ़ व करणपुर के 2-2 और गंगानगर के एक जोन में बहुकोणीय संघर्ष में उलझे मुख्य प्रत्याशी

बहुकोणीय मुकाबले ने प्रत्याशियों के साथ ही नेताओं को भी चक्करघिन्नी बनाया!

रेवतीरमण शर्मा



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। जिला परिषद के चुनाव में 16 सीटें ऐसी हैं, जिन पर बहुकोणीय मुकाबला है। इन सीटों पर दोनों मुख्य पार्टियों की टिकट से वंचित रहे कई बागी निर्दलीय के रूप में चुनाव मैदान में उतरकर जहां अपनी ही पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को नुकसान पहुंचा रहे हैं, वहीं बसपा, माकपा, रालोपा व आप भी चुनाव मैदान में उतरे हुए हैं। आप पार्टी को इस जिले से बहुत कुछ नहीं मिलने वाला लेकिन उसके प्रत्याशी जितने वोट लेंगे, किसी न किसी पार्टी को नुकसान ही पहुंचाएंगे। माकपा ने इस समय अनूपगढ़ व रायसिंहनगर में अपना पूरा जोर लगा रखा है। बहुकोणीय मुकाबले वाली इन सीटों पर अधिकांश में माकपा, रालोपा व बसपा की उपस्थिति है। ऐसे में इन जोन में न केवल मुकाबला रोचक हो गया है, बल्कि मुख्य पार्टियों के नेता भी इन जोन में ही चक्करघिन्नी बने हुए हैं। उन्हें यह लगते हैं कि उनकी पार्टी के प्रत्याशी के मुकाबले में उतरे अधिक प्रत्याशी कहीं थोड़े-थोड़े वोट काटकर भी उन्हें नुकसान न पहुंचा दें। ऐसी स्थिति में उन्होंने पूरा जोर इन इलाकों में चुनाव प्रचार व सभाओं पर लगा रखा है। बहुकोणीय मुकाबले में कौन किसके वोट काट ले जाएगा, इस पर ही मुख्य दलों के प्रत्याशियों की हार-जीत निर्भर करेगी। अंतिम दौर में पहुंचा जिला परिषद के डायरेक्टरों का चुनाव इस समय चर्चा का केन्द्र बना हुआ है और रविवार को दिनभर विभिन्न इलाकों में प्रत्याशियों की सभाओं का दौर जारी रहा। बड़े गाँवों में मुख्य पार्टियों के नेता अर्थात विधायक व पूर्व विधायक अच्छी सभाएं कर रहे हैं। इसके विपरीत दूसरे दलों के प्रत्याशी डोर टु डोर जाकर मतदाताओं को रिझाने के प्रयासों में जुटे हुए हैं। वोट-काटू प्रत्याशियों की उपस्थिति में प्रत्याशियों को मिलने वाले वोट घट सकते हैं, लेकिन लगता यह है कि बहुकोणीय संघर्ष वाले इन जोन में जीतने वाले प्रत्याशी की जीत का अंतर बढ़ सकता है। हालांकि राजनीतिक विश्लेषक यह मानते हैं कि अधिक प्रत्याशी होने पर जीत का अंतर घटता है, किन्तु इस बार के चुनाव में उक्त जोन यह मिथक तोड़ेते हुए दिखाई देते हैं।

रायसिंहनगर इलाके में स्थित जिला परिषद का जोन नं. 3 में आप पार्टी की ईश्वरी देवी, भाजपा की सुचित्रा देवी, माकपा की मोनिका, कांग्रेस की सुमन, रालोपा की सुमित्रा व निर्दलीय इन्द्रजीत कौर चुनाव मैदान में हैं। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा, माकपा, कांग्रेस व रालोपा के बीच है। यह सीट इस समय जिले की हॉट सीट बनी हुई है। पांच पार्टियों के नेता व पदाधिकारी इस सीट पर अपनी प्रत्याशी को जिताने के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं। लोगों में चर्चा है कि इस सीट से जीतने वाली प्रत्याशी अपनी पार्टी की ओर से जिला प्रमुख टिकट की दावेदार हो सकती है। इसलिए सभी प्रत्याशी एक-दूसरे की टांगों में रस्सा फेंककर गिराने की कोशिश में जुटे हुए हैं। यह ऐसा जोन है कि कब क्या खेल हो जाए, कुछ नहीं कहा जा सकता। कारण यह है कि तीन पार्टियों के प्रमुख नेताओं की आपसी खींचतान भी इस जोन में चुनाव को प्रभावित कर रही है। याने जिसके समर्थक को टिकट नहीं मिल पाई, वह इस कोशिश में भी भीतरखाने लगा हुआ है कि पार्टी ने जिसे टिकट दी, उसे हरा दिया जाए। नेताओं की टांगखिंचाई भी इस जोन में परिणाम को प्रभावित करने वाली साबित हो सकती है। इसलिए इस जोन के बारे में कुछ कयास लगाना ही मुश्किल हो रहा है। इसी इलाके के जोन नं. 4 में भाजपा के ओमप्रकाश सोलंकी, माकपा के देवकरण, कांग्रेस के नंदराम व निर्दलीय सुनील कुमार मैदान में हैं। चारों ने पूरी ताकत झोंक रखी है। इसी क्षेत्र के जोन नंबर 5 में भाजपा की उषा देवी, माकपा की कविता, कांग्रेस की राधादेवी, रालोपा की नीना देवी मैदान में हैं। अनूपगढ़ इलाके के जोन नं. 7 में भाजपा की खुशदीप कौर, माकपा की मनजीत कौर, कांग्रेस की कुलविन्दर कौर व निर्दलीय साक्षी तलवार मैदान में हैं। यहां युवा निर्दलीय प्रत्याशी साक्षी तलवार ने मुकाबले को अत्यंत रोचक बना दिया है। चारों प्रत्याशी एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। इन हालातों में मामूली वोटों का हेरफेर ही इस जोन के परिणाम को बदलकर रख सकता है। इसी विधानसभा क्षेत्र के जोन नम्बर 9 में भाजपा की अनिला देवी, माकपा की रामेश्वरी, कांग्रेस की सोमती देवी, निर्दलीय वंदना व रालोपा की चन्द्रकला चुनाव मैदान में हैं। चारों पार्टी प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला है, लेकिन निर्दलीय वंदना को मिलने वाले वोट फैसला करेंगे कि जीत किसकी होगी। यहीं के जोन नं. 10 में भाजपा की शांति देवी, माकपा की हरप्रीत, कांग्रेस की चन्द्रकला, रालोपा की शशि वर्मा मैदान में हैं। माकपा की हरप्रीत व रालोपा की शशि वर्मा ने इस मुकाबले को इतना रोचक बना दिया है, कि कोई अंदाजा नहीं लगा सकता कि ऊँट किस करवट बैठेगा? यहीं के जोन नं. 11 में भाजपा की नसीब कौर, माकपा की चन्दादेवी, कांग्रेस की निन्द्रकौर व रालोपा की रोशनी चुनाव मैदान में हैं। लेकिन मुकाबला तिकोणा ही है, क्योंकि रालोपा की रोशनी के परिवार का बाद में मन बदल गया और वे जिला परिषद की बजाय दूसरे पंचायती चुनाव को तरजीह दे रहे हैं। इसी क्षेत्र के जोन नं. 12 में भाजपा के बनवारी, माकपा के विनोद कुमार, कांग्रेस के रुघाराम व रालोपा के भानीराम मैदान में हैं। यहां भी मुकाबला रोचक और कांटे का है। अंतिम समय में सुई किधर घूम जाए, कुछ नहीं कहा जा सकता। रायसिंहनगर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले जोन नं. 15 में भी यही स्थिति है। यहां भाजपा की शारदा, माकपा की नवदीप कौर, कांग्रेस की पूजा बाई व रालोपा की वीरपाल कौर मैदान में हैं। सूरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के जोन नम्बर 16 में भाजपा के चेतराम, बसपा के भागीरथ, कांग्रेस के लक्ष्मणराम व निर्दलीय हंसराज मैदान में हैं। हंसराज भाजपा के बागी हैं। इसी इलाके के जोन नं. 17 में भाजपा के जयवर्धन सिंह, बसपा के हनुमान प्रसाद, कांग्रेस के महेन्द्र सिंह व रालोपा के महेन्द्र नाथ मैदान में हैं। चारों के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। सूरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ही जोन नं. 20 में भाजपा के अमर सिंह, बसपा की जसप्रीत कौर, कांग्रेस के रूप सिंह, निर्दलीय वैद अली व रालोपा के दयाराम मैदान में उतरे हुए हैं। यहां जसप्रीत कौर ने मुकाबले को अत्यंत रोचक बना दिया है। पुरुष प्रत्याशियों के बीच ग्रामीण क्षेत्र में महिला का चुनाव मैदान में उतरना गांवों में चर्चा का विषय बन गया है। रालोपा के दयाराम और निर्दलीय वैद अली भी कड़ी मेहनत कर रहे हैं। रायसिंहनगर क्षेत्र के जोन नं. 23 में भाजपा की सुमित्रा देवी, माकपा की प्रमिला, कांग्रेस की विमला व रालोपा की रोशनी कुमारी शर्मा मैदान में उतरे हुए हैं। चारों ने इस चुनाव को जीतने के लिए दिन रात एक कर रखा है। मुकाबला जोरदार है। इसी इलाके के जोन 24 में आप पार्टी के सोहनलाल, भाजपा के सुभाष चन्द्र, माकपा के माणकलाल, कांग्रेस के जगतार सिंह, रालोपा के चरणजीत सिंह व निर्दलीय मामराज मैदान में हैं। यह वही जोन है, जहां से भाजपा के पृथीपाल का पर्चा रद्द हो गया था। यहां भाजपा व कांग्रेस दोनों दलों से 4-4 टिकट के दावेदार थे। भाजपा के ही बागी मामराज निर्दलीय के रूप में चुनाव में कूद गए। बहुकोणीय मुकाबले में कुछ भी स्पष्ट नहीं है। टिकट न मिलने से मायूस कार्यकर्ता क्या गुल खिलाएंगे, परिणाम इसी पर निर्भर करता दिखाई दे रहा है। श्रीकरणपुर इलाके का जोन नं. 25 भी चर्चा का केन्द्र बना हुआ है। यहां भाजपा के सुभाषचन्द्र, कांग्रेस के पृथ्वीराज, रालोपा के नवीन सिराव तथा निर्दलीय भीमराज व सतवीर कौर चुनाव मैदान में हैं। यहां भाजपा में टिकट के 4 व कांग्रेस में तीन टिकट के दावेदार थे। कांग्रेस टिकट न मिलने पर भीमराज चुनाव मैदान में निर्दलीय के रूप में आ गए। सतवीर कौर भी यहां चर्चा का विषय बनी हुई हैं। इस तरह से यहां सभी प्रत्याशी मुकाबले को रोचक बनाए हुए हैं और सभी ने पूरा जोर लगा रखा है। इसी इलाके के जोन नं. 28 में भाजपा के राकेश कुमार, माकपा के अमनदीप सिंह, कांग्रेस के बृजमोहन व रालोपा की कृष्णादेवी चुनाव मैदान में हैं। श्रीगंगानगर विधानसभा क्षेत्र में आने वाले जोन नं. 34 में भाजपा के विजय कुमार, माकपा के बेअंत सिंह, कांग्रेस की रोशनी देवी व निर्दलीय तनसुखराम मैदान में हैं। चारों ने ही मुकाबले को रोचक बना दिया है।

शहर का पहला शुद्ध चाँदी का स्टोर बना आकर्षण का केंद्र

श्रीगंगानगर में 'REYAH' शोरूम का भव्य उद्घाटन



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

गौशाला रोड, बीरबल चौक के पास (12 जे ब्लॉक) श्रीगंगानगर में 'REYAH' (सिल्वर, गोल्ड और डायमंड) शोरूम का भव्य उद्घाटन आज 1 नवंबर को संपन्न हुआ। यह श्रीगंगानगर का पहला शुद्ध चाँदी का स्टोर है, जो इस त्योहारी सीजन में ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर्स के साथ शुरू किया गया है। उद्घाटन अवसर पर शोरूम के संचालक संजय गोयल, दीनदयाल बंसल और दीनदयाल गोयल, चेतन गोयल उपस्थित रहे। इसके साथ ही इस गरिमामयी समारोह में भाजपा विधायक जयदीप बिहानी, सभापति लक्की दावड़ा, मोहित टांटिया, महेश पेडीवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

विशेष आकर्षण व ऑफर्स

डायमंड ज्वैलरी: डायमंड ज्वैलरी पर 0% मेकिंग चार्ज की सुविधा दी जा रही है।



फाइन सिल्वर ज्वैलरी: फाइन सिल्वर ज्वैलरी पर एमआरपी पर 25% तक की छूट उपलब्ध है।

इस स्टोर के खुलने से शहरवासियों को त्योहारी सीजन में खरीदारी के लिए एक बेहतरीन और नया विकल्प मिल गया है।

Email : advt.seemasandesh@gmail.com
CLASSIFIED
99280-38379, 95095-96000

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

Teacher Hiring

■ RYSEN Group of Schools- Pilibanga, Sri Vijaynagar , Shri Ganganagar
Requires all subject teachers
Coordinator, PGT, TGT, PRT, Pre-Primary Teachers, Activity Teachers (arts and craft) Female PTI & Administrative Staff. Attractive Salary | Immediate Joining | Experienced & Freshers Can Apply Mob.9216075291
E- mail- principal.svnr@rysen.group

seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

असफलता सिर्फ यह बताती है कि अभी और मेहनत बाकी है।

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की



■ वर्ष : 56 ■ अंक : 300 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 | seema-sandesh.com | श्रीगंगानगर, सोमवार, 02 नवम्बर, 2026

53 वर्ष की हुईं पूर्व मिस वर्ल्ड ऐश्वर्या राय... 11 >

मोदी, शाह, ज्ञानेश वोट चोरी के जिम्मेदार, मिलेगी सजा : राहुल

'वोट बचाओ, देश बचाओ' आयोजित रैली में विपक्ष भाजपा पर हमलावर हुआ



नई दिल्ली।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर वोट चोरी के जरिए लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वोट चोरी करने वाले बच नहीं सकते और उनके खिलाफ कार्रवाई होगी और उनके किए की उन्हें जरूर सजा मिलेगी। गांधी ने विपक्षी इंडिया गठबंधन की 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली को यहां रविवार को रामलीला मैदान में संबोधित करते हुए कहा कि कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त के पद से हटाना विपक्ष का पहला लक्ष्य है और वह पद से हटेंगे तथा जेल जाएंगे। उन्होंने कहा कि आप संविधान से बड़े नहीं हैं। लंबे समय से वोट चोरी होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश, हरियाणा, छत्तीसगढ़ तथा महाराष्ट्र समेत कई राज्यों के चुनावों में धांधली की गई है। गांधी ने कहा कि यह प्रदर्शन किसी एक राजनीतिक दल या नेता के खिलाफ नहीं, बल्कि पूरे हिंदुस्तान और उसकी आत्मा की आवाज है। वोट चोरी बहुत बड़ा अपराध है और कुमार ने बहुत बड़ा अपराध किया है। वोट चोरी के मामले में जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह बनाकर देश के लोगों को न्याय दिलाना होगा और यह काम होकर रहेगा। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद करीब साढ़े तीन करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। करीब 60 मतदाताओं में से एक मतदाता का नाम सूची से हटा और इस तरह करीब 15 प्रतिशत वोटरों को सूची से हटाया गया। राजग और विपक्ष के बीच मतों का अंतर केवल तीन प्रतिशत था। मतदाता सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया ने चुनाव परिणामों को प्रभावित किया और यह देश के नागरिकों की आवाज छीनने जैसा है।

राहुल गांधी के आरोप और प्रमुख बातें

- 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद करीब साढ़े तीन करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए।
- इसको रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस कहते हैं। इसको देशद्रोह कहते हें। यदि मुख्य चुनाव आयुक्त वोटों की हेराफेरी नहीं करते और वोट चोरी नहीं होती तो नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री और अमित शाह गृह मंत्री नहीं बन सकते थे।
- उन्होंने सीबीआई, ईडी, न्यायपालिका और नौकरशाही जैसी संस्थाओं पर सरकार के नियंत्रण का आरोप लगाया। इन संस्थाओं का उद्देश्य लोगों के हितों की रक्षा करना है, लेकिन इनके जरिए युवाओं, गरीबों, किसानों और श्रमिकों को उनका अधिकार नहीं मिल रहा है।
- देश ऐसा भारत नहीं चाहता, जहां गरीबों के पैसे का इस्तेमाल कुछ चुनिंदा लोगों के फायदे के लिए हो।
- किसान को उसकी मेहनत का फल मिलना चाहिए और विद्यार्थियों को उनकी पढ़ाई व मेहनत का उचित परिणाम मिलना चाहिए।
- कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन किसी से नफरत नहीं करते और किसी को दुश्मन नहीं मानते। उन्होंने कहा कि विपक्ष अहिंसा और भाईचारे की राजनीति में विश्वास करता है।
- मोदी, शाह और आरएसएस ने देश में नफरत फैलाई है, जिससे देश को नुकसान हो रहा है। गांधी ने कहा कि देश के लोग नफरत नहीं, बल्कि भाईचारा, प्यार और मोहब्बत चाहते हैं।
- राहुल ने मोदी को चेतावनी देते हुए कहा कि आपने अडाणी को जो देश बेचा है, उसका बदला लेंगे। आपको भागने नहीं देंगे, आप यहीं के यहीं रहोगे। कार्रवाई होकर रहेगी।

इन नेताओं ने भी किया सम्बोधित

- ममता ने बंगाल का उदाहरण दिया, एमपी हरियाणा छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र कर्नाटक और 2024 की लोकसभा सारे चुनावों में वोट चोरी हुई है।
- पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जो इस देश की समस्या है, उसको बदलना चाहते हैं, देश को बदलना चाहते हैं।
- नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि हम लोग यहां जमा हैं कि ये बताएं कि मुसलमानों पर ये हर वक्त उंगली उठाते हैं। कहते हैं कि ये पाकिस्तानी है। मैं भाजपा को कहना चाहता हूं कि हमने भारत के लिए खून दिया है। आगे भी देते रहेंगे। हमें इसी वतन में रहना है।
- अखिलेश ने कहा कि जो लोग कभी यूपी से आए थे, वो यूपी से ही जाएंगे। यूपी वाले स्वागत अच्छा करते हैं तो विदाई भी अच्छी करते हैं। ये राम जी की लीला का मैदान है। जो पापी है उसका नाश होता है। राम जी के सामने वो पापी बचने वाले नहीं। जिन्होंने चंदा चोरी की है, जिन्होंने चढ़ावा चोरी की उनका नाश नहीं, सर्वनाश होगा।
- राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि पैसे तो रामलीला मैदान में रामलीला आयोजित होती है। हमने वोट चोरों के लिए महाभारत का आयोजन किया है। हमें कुरुक्षेत्र बनाना पड़ रहा है। आप शकुनि को जानते हैं, उसका पांसा कौन था।

भाजपा घुसपैठियों के नाम पर झूठ बोल रही

कांग्रेस अध्यक्ष तथा राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने तीखा हमला करते हुए कहा कि मोदी सरकार की विदाई के दिन नजदीक हैं और देश में वोट चोरी की साजिश में भूमिका निभाने वाले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना होगा तथा उनके खिलाफ जांच भी होगी। उन्होंने सवाल किया कि वोटरलिस्ट से हटाए गए नामों में कितने विदेशी नागरिक थे। छह राज्यों में 10 करोड़ मतदाताओं में केवल 1,600 विदेशी मिले हैं, जिनमें अधिकतर नेपाल के नागरिक हैं। भाजपा घुसपैठियों के नाम पर झूठ बोल रही है और मतदाता सूची में बदलाव का इस्तेमाल चुनावी फायदे के लिए किया जा रहा है।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का गांधी परिवार पर हमला: 1984 को बताया लोकतंत्र की हत्या, केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी बोले- वह दंगा नहीं नरसंहार था

भाजपा ने राजधानी दिल्ली में आयोजित किया 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च

नई दिल्ली।

दिल्ली में भाजपा की ओर से 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च का आयोजन किया गया। इसमें दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा और पार्टी के कई अन्य नेताओं के साथ हिस्सा लिया। इस दौरान नेताओं ने 1984 के सिख विरोधी दंगों में मारे गए सिखों की याद में सिर पर काली पट्टियां बांधीं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि भारत का सिख समुदाय आज उन लोगों से सवाल पूछ रहा है, जो अपनी जेब में संविधान की प्रति रखते हैं और लोकतंत्र की बात करते हैं। नवंबर 1984 में जो हुआ, क्या वह लोकतंत्र की हत्या नहीं थी? यह हत्या खुद गांधी परिवार ने की थी। गांधी परिवार ने बार-बार लोकतंत्र की हत्या की है। इंदिरा गांधी ने 1975 में, राजीव गांधी ने 1984 में और राहुल गांधी आज ऐसा कर रहे हैं। वे चुनी हुई सरकारों को चुनौती देकर ऐसा करते हैं। आज देश में अराजकता फैलाने का काम भी वही कर रहे हैं। आज की पदयात्रा में शामिल हजारों सिख भाई-बहन कांग्रेस और उसके सहयोगियों से जवाब मांग रहे हैं कि उनकी चिंताओं का समाधान कब होगा और उन्हें न्याय कब मिलेगा? देश की जनता अराजकता फैलाने और अशांति पैदा करने वाले तत्वों को जवाबदेह जरूर ठहराएगी।



■ केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि दिल्ली में 2,733 लोगों की हत्या हुई थी। उस घटना को दंगा कहा जाता है, लेकिन इसके लिए सही शब्द नरसंहार है। दिल्ली हाईकोर्ट ने इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया था।

पीएम मोदी कहीं नहीं जाएंगे : पंकज चौधरी

लखनऊ। भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने रविवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया पर निशाना साधते हुए कहा कि चाहे जितना जोर लगा लो, मोदी कहीं नहीं जाएंगे। चौधरी ने एक पोस्ट में कहा कि काश, इंडिया गठबंधन के भ्रमित नेताओं को अच्छे सलाहकार मिल जाते तो आज देश का मस्तक और ऊंचा होता। संवैधानिक संस्थाओं को नीचा दिखाकर ऊपर नहीं उठा जा सकता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोगों के दिलों में बसते हैं। लोगों के दिलों में उतरने के लिए जमीन पर काम करके दिल जीतना पड़ता है। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, लालच जब मन में छाता है, तब विवेक का हरण हो जाता है... सत्ता की लालसा में बदहवास इंडिया गठबंधन ने विवेक खो दिया है। अराजकता की एक सीमा होती है। सत्ता पाने की सनक में देश के मूल्यों के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

राहुल को धक्का देकर बांग्लादेश भेज दूंगा : सरमा

शिमला। असम के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को यहां पार्टी की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने तीखे अंदाज में कहा कि अगर इतना ही बांग्लादेश के लिए प्यार है, तो राहुल जी जाकर चुनाव बांग्लादेश से लड़ो। सीएम ने धक्का देकर बांग्लादेश भेजने तक की बात कह दी। भारत में शासन तब बदलता है, जब लोगों के दिल में आता है कि सरकार को बदलना है। वोट से बदलते हैं। ईवीएम से बदलते हैं। अब कभी कांग्रेस आने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस न केवल ईवीएम पर बल्कि बैलेट पेपर पर भी हार रही है। ऐसा इसलिए है क्योंकि बीजेपी वोट नहीं, दिल चुराती है।

राहुल का नम्बर कभी नहीं आना : शाह

चंडीगढ़। यहां विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास समारोह में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर मॉक संसद चलाने के मामले में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर तीखा तंज कसा है। शाह ने कहा है कि राहुल गांधी को अगर प्रधानमंत्री बनना है तो पूरा जीवन मॉक पार्लियामेंट में ही बने रहें। असली में तो उनका नंबर कभी नहीं आना है। अमित शाह ने कहा कि 15 साल से तीन चुनाव से वे हार रहे हैं। सोनिया जी का सपना- उनके लाल प्रधानमंत्री बने, पूरा नहीं होता है। अब उन्होंने नया तरीका ढूंढा है मॉक संसद करने का। ठीक भी है भाई, मैं राहुल जी को कहना चाहता हूं आपको प्रधानमंत्री बनना है तो पूरा जीवन मॉक पार्लियामेंट में ही बने रहिए। आपका नंबर कभी नहीं लगना है। शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि 1984 के सिख विरोधी दंगों की बरसी पर दिल्ली में उनकी रैली पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसी है। उन्होंने कहा कि इतने बुरे दिन पर रैली करने के लिए आपकी 'मोहब्बत की दुकान' से सिर्फ नफरत ही सीखी जा सकती है। कांग्रेस पार्टी को देखिए: जैसे राजीव गांधी ने एक बार कहा था कि जब कोई बड़ा पेड़ गिरता है, तो धरती हिलती है, वैसे ही उनके बेटे राहुल गांधी ने आज दिल्ली में एक बड़ी रैली की है-असल में दंगा पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़का है। हमने सोचा कि शायद वह उस समय बहुत छोटा था, या उसने इतिहास नहीं पढ़ा था और इसलिए उसे पता नहीं था।



सुपर फ्लॉप रैली, रामलीला मैदान 40 प्रतिशत खाली : सम्बित पात्रा

भाजपा ने दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली का मजाक उड़ाया। इसे 'सुपर फ्लॉप' करार देते हुए दावा किया कि मैदान लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा खाली था। बीजेपी सांसद संबित पात्रा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्ष के अन्य नेताओं पर निशाना साधते हुए पूछा कि वे 10 लाख लोग कहां हैं, जिनके आने की उम्मीद जताई गई थी। रैली का वीडियो शेयर करते हुए पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी बोल रहे हैं और सामने खाली कुर्सियां हैं। कांग्रेस 50,000 की क्षमता वाले रामलीला मैदान को भी नहीं भर पाई। यह एक सुपर फ्लॉप रैली है। पात्रा ने कहा कि बीजेपी सुबह से ही इस रैली और राहुल गांधी के भाषण पर नजर रखे हुए थी, लेकिन अंत में उन्हें लगा कि यह पूरी तरह से समय की बर्बादी थी। वे 10 लाख लोग कहा थे? हमें दिखाएं। इस तरह के हथकंडों से कोई नेता या प्रधानमंत्री नहीं बन जाता। उन्होंने कहा कि पीएम का मतलब सिर्फ प्राइम मिनिस्टर नहीं है। यहां पी का मतलब 'पसीना' और एम का मतलब 'मेहनत' है। एक प्रधानमंत्री पसीने और कड़ी मेहनत से बनता है। इतने सारे दलों और झंडों के एक साथ लाने के बावजूद, वे 10 लाख लोगों को इकट्ठा नहीं कर पाए। विपक्ष पर आरोप लगाता हुए पात्रा ने कहा कि उन्होंने भीड़ को बड़ा दिखाने के लिए कैमरा एंगल का इस्तेमाल किया है। उन्होंने इन दृश्यों को 'ट्रिक फोटोग्राफी' करार दिया। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि राहुल जी, हिंदुस्तान आपके पूर्वजों की जागीर नहीं है। हिंदुस्तान हिंदुस्तानियों का है। यहां एक चायवाला भी प्रधानमंत्री बन सकता है, और यही बात आपको खटकती है।



ये शिवजी की बारात नहीं, अराजकता की धमाचौकड़ी है

पात्रा ने कहा कि जिन लोगों को शिव तांडव और शिवजी की बारात में अंतर पता नहीं है, वह आध्यात्म की बातें करते हैं। रामलीला मैदान 10 से 12 एकड़ का। यह 15 फीसदी स्टेज ने घेरी। 40 फीसदी जगह को टेंट लगाकर खाली छोड़ दिया। कुल मिलाकर करके रामलीला मैदान में 28,000 सीटें डालीं। चार बजे अगर रामलीला मैदान का यह आलम यह है कि ग्राउंड खाली था। कहां थे 10 लाख लोग हमें दिखाइए। भाजपा की तरफ से कहा गया कि इस प्रदर्शन में इंडी गठबंधन की सारी पार्टियां एकजुट होकर आई थीं। अनेक झंडे थे, लेकिन इसके बाद भी यह लोग लोगों को इकट्ठा नहीं कर पाए। क्योंकि इन्होंने मेहनत नहीं की।

एक दिन में सोना 3,200 व चांदी 4,200 रुपये टूटी, दिसंबर 2025 के स्तर के करीब भाव

धनतेरस से पहले सोना-चांदी में बड़ी गिरावट, नवम्बर की शुरूआत निवेशकों के लिए झटका

नई दिल्ली।

नवंबर की शुरूआत सोना-चांदी के निवेशकों के लिए निराशाजनक रही। रविवार, 1 नवंबर 2026 को देश में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 3,200 रुपये गिरकर 1.42 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि चांदी 4,200 रुपये टूटकर 1.86 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। लगातार गिरावट के चलते दोनों कीमती धातुओं के भाव दिसंबर 2025 के स्तर के करीब आ गए हैं। सोना शुक्रवार को 1.45 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। मौजूदा गिरावट के बाद निवेशकों की नजर इस बात पर है कि कीमतों को किस स्तर पर सहारा मिलता है।

बाजार का रुख और मांग का दबाव : दूसरी ओर, जनवरी 2026 में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची चांदी की तेजी भी अब कमजोर पड़ती दिखाई दे रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि निवेश और औद्योगिक मांग दोनों में नरमी के संकेत मिलने से चांदी पर अतिरिक्त दबाव बना है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार नवंबर में सोना-चांदी की चाल काफी हद तक वैश्विक आर्थिक संकेतों पर निर्भर करेगी। खासकर अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति, डॉलर की चाल, बॉन्ड प्रतिफल और अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीतिक हालात कीमतों की दिशा तय करेंगे।

गिरावट के प्रमुख कारण

1. अमेरिकी महंगाई के अपेक्षा से अधिक मजबूत आंकड़े।
2. फेडरल रिजर्व द्वारा दिसंबर में ब्याज दर बढ़ाने की आशंका।
3. डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में मजबूती।
4. कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और महंगाई की चिंता।
5. चांदी की औद्योगिक मांग कमजोर पड़ने की आशंका।
6. वैश्विक बाजार में निवेशकों की बिकवाली और जोखिम से बचने की रणनीति।



निवेशकों के लिए सलाह

यदि वैश्विक अनिश्चितता बढ़ती है तो सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग फिर बढ़ सकती है, जबकि ब्याज दरें ऊंची रहने की स्थिति में दबाव बना रह सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि नवंबर में सोना-चांदी में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। ऐसे में निवेशकों को जल्दबाजी में निर्णय लेने के बजाय वैश्विक आर्थिक संकेतों और केंद्रीय बैंकों की नीतियों पर नजर रखनी चाहिए।

नया रिकॉर्ड

अक्टूबर में जीएसटी संग्रह 2.33 लाख करोड़ के पार पहुंचा

नई दिल्ली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में अक्टूबर 2026 में जोरदार वृद्धि दर्ज की गई। सरकार के अनुसार, इस महीने सकल जीएसटी राजस्व 22.9 प्रतिशत बढ़कर 2,31,290 करोड़ रुपये पहुंच गया, जो पिछले वर्ष अक्टूबर में 1,88,125 करोड़ रुपये था। राजस्व वृद्धि में आयात पर लगने वाले आईजीएसटी का बड़ा योगदान रहा। आयातित वस्तुओं पर जीएसटी संग्रह 42.2 प्रतिशत बढ़कर 72,246 करोड़ रुपये रहा। वहीं, घरेलू जीएसटी संग्रह 15.8 प्रतिशत बढ़कर 1,59,044 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। अक्टूबर में कुल रिफंड 27,934 करोड़ रुपये रहा। रिफंड के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व 2,03,356 करोड़ रुपये पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 25.6 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष अप्रैल से अक्टूबर तक सकल जीएसटी संग्रह 13.2 प्रतिशत बढ़कर 14,77,569 करोड़ रुपये हो गया है।

लड़ाकू क्षमता बढ़ाने, आत्मनिर्भरता और तीनों सेनाओं के बेहतर तालमेल पर रहेगा फोकस

वायुसेना को हर समय युद्ध के लिए तैयार रहना होगा: एयर चीफ मार्शल दीक्षित

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना के नए प्रमुख एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने पदभार संभालने के बाद अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट करते हुए कहा कि वायुसेना को हर परिस्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्क्वाड्रन, रडार, वायु रक्षा इकाई और वायु सैनिक को चौबीसों घंटे सतर्क रहना जरूरी है, ताकि किसी भी आपात स्थिति का तुरंत जवाब दिया जा सके।

लड़ाकू क्षमता बढ़ाना पहली प्राथमिकता

एयर चीफ मार्शल दीक्षित ने कहा कि वायुसेना का सबसे बड़ा लक्ष्य अपनी लड़ाकू क्षमता को स्वीकृत स्क्वाड्रन संख्या के करीब पहुंचाना होगा। इसके साथ ही आधुनिक हथियारों, सैन्य उपकरणों और तकनीकी क्षमताओं को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बदलती सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए वायुसेना को अगले दशक की जरूरतों के अनुरूप तैयार करना आवश्यक है।

आत्मनिर्भर तकनीक पर जोर

एयर चीफ मार्शल दीक्षित ने कहा कि भारतीय तकनीक से विकसित सेंसर, सैन्य प्लेटफॉर्म और हथियारों को बढ़ावा देना वायुसेना की प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक अभियान चलाने के लिए स्वदेशी समाधानों की पर्याप्त संख्या और मजबूत आपूर्ति व्यवस्था जरूरी है।



'वायु' विजन के तहत चार प्रमुख लक्ष्य

वायुसेना प्रमुख ने अपनी रणनीतिक सोच को 'वायु' नाम दिया है। इसके तहत अभियान की तैयारी और सतर्कता, आत्मनिर्भरता, रणनीतिक कौशल तथा तीनों सेनाओं के बीच बेहतर समन्वय को प्रमुख लक्ष्य बनाया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युद्ध की प्रकृति तेजी से बदल रही है। ड्रोन, लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियार, अंतरिक्ष तकनीक, साइबर हमले, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सिस्टम जैसी तकनीकें भविष्य के युद्धों में निर्णायक भूमिका निभाएंगी।

दुश्मन को संघर्ष से रोकने की क्षमता

उन्होंने कहा कि वायुसेना की भूमिका केवल युद्ध लड़ने और जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपनी मजबूत हवाई ताकत के जरिए दुश्मन को संघर्ष शुरू करने से रोकना भी है। इसके लिए सैन्य योजनाओं, कमांड सिस्टम, ड्रोन रोधी सुरक्षा, उपकरणों के रखरखाव और सैन्य ठिकानों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

आपके भीतर एक शांति और आश्रय है जहाँ आप किसी भी समय वापस जा सकते हैं और स्वयं बन सकते हैं। - हरमन हेस

संपादकीय

क्या दुनिया फिर युद्ध की ओर बढ़ रही है?

पश्चिम एशिया एक बार फिर वैश्विक तनाव का केंद्र बनता दिखाई दे रहा है। ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ती बयानबाजी, इजरायल के साथ जारी टकराव और अब ब्रिटेन की नौसेना तथा वायुसेना को ईरान द्वारा आतंकवादी संगठन घोषित किया जाना इस बात का संकेत है कि क्षेत्र में तनाव अभी समाप्त नहीं हुआ है। युद्ध भले कुछ समय के लिए थमा हुआ प्रतीत हो, लेकिन हालात बताते हैं कि संघर्ष की आग भीतर ही भीतर सुलग रही है। ईरान के रक्षा मंत्री का यह बयान कि अमेरिका यदि दोबारा हमला करता है तो उसके जवाब का समय, तरीका और दायरा ईरान स्वयं तय करेगा, केवल एक चेतावनी नहीं बल्कि अपनी रणनीतिक क्षमता का सार्वजनिक प्रदर्शन भी है। इससे यह स्पष्ट होता है कि तेहरान किसी भी प्रकार के दबाव में झुकने को तैयार नहीं है। दूसरी ओर, अमेरिका भी लगातार कड़े रुख के संकेत देता रहा है। ऐसे में दोनों देशों के बीच अविश्वास और गहराता जा रहा है।

सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि यह विवाद अब केवल अमेरिका, ईरान और इजरायल तक सीमित नहीं रह गया है। ब्रिटेन की सैन्य संस्थाओं को आतंकवादी संगठन घोषित करने जैसे कदम इस संघर्ष के दायरे को और व्यापक बना सकते हैं। यदि प्रमुख वैश्विक शक्तियां प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से आमने-सामने आती हैं तो इसका प्रभाव केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया इसकी कीमत चुकाएगी। इतिहास गवाह है कि पश्चिम एशिया में अस्थिरता का सबसे पहला असर ऊर्जा बाजार पर पड़ता है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति प्रभावित होने पर अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेजी आती है। इसका सीधा असर भारत सहित ऊर्जा आयात करने वाले देशों की अर्थव्यवस्था, महंगाई, परिवहन लागत और औद्योगिक उत्पादन पर पड़ता है। यदि तनाव और बढ़ता है तो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला भी प्रभावित हो सकती है, जिसका असर विश्व व्यापार पर दिखाई देगा।

हालांकि किसी भी अंतरराष्ट्रीय विवाद में सभी पक्ष अपने-अपने दावे और तर्क रखते हैं, लेकिन समाधान का रास्ता सैन्य शक्ति नहीं बल्कि संवाद और कूटनीति से ही निकलता है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की जिम्मेदारी है कि वे तनाव कम करने के लिए प्रभावी पहल करें। यदि महाशक्तियां स्वयं शक्ति प्रदर्शन और सैन्य दबाव की राजनीति अपनाएंगी तो वैश्विक शांति की अवधारणा कमजोर होगी। आज दुनिया ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया का संकट और विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव पहले ही अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। ऐसे समय में किसी नए बड़े सैन्य संघर्ष की आशंका पूरी मानवता के लिए चिंता का विषय है। विश्व समुदाय को यह समझना होगा कि युद्ध में किसी की स्थायी जीत नहीं होती, जबकि उसका आर्थिक, मानवीय और राजनीतिक नुकसान पूरी दुनिया को उठाना पड़ता है। शांति, संयम और कूटनीतिक समाधान ही वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता हैं। महाशक्तियों को प्रतिस्पर्धा के बजाय सहयोग का रास्ता अपनाना होगा, क्योंकि यदि संघर्ष का दायरा बढ़ा तो उसकी आंच सीमाओं में नहीं बंधेगी, बल्कि पूरी दुनिया को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। योरप के विभिन्न देशों में जब आंतरिक तौर पर स्थितियां तनावपूर्ण हैं। महंगाई के विरोध में प्रदर्शन, हिंसा व लूटपाट हो रही है। ऐसे में दुनिया को क्यों महंगाई व युद्ध की आग में धकेला जा रहा है, यह चिन्ता की सबसे बड़ी बात है।

प्रश्नोत्तरी

किसान पूछें-विशेषज्ञ बताएं

प्र 1: गेहूँ की समय पर बुआई करने का उपयुक्त समय कब तक होता है, इसकी समय पर बोने वाली किस्मों के नाम व उनकी पैदावार बतायें।

- संतोष कुमार, गंगानगर

उ: गेहूँ की समय पर बुआई करने का उपयुक्त समय 5 नवम्बर से 25 नवम्बर तक का है। गेहूँ की सामान्य समय पर बोने वाली अनेक किस्में हैं, इनकी उपलब्धता के अनुसार चयन करके बुआई करें। ये किस्में हैं डी.बी.डब्लू 621-50 (उपज लगभग 17 क्विन्टल प्रति बीघा), डब्लू एच 1105 (उपज 17.7 क्विन्टल), एच.डी. 3086 (पूसा गौतमी 17.7 क्विन्टल), पी.बी.डब्लू. 343 (12.5-13.75 क्विन्टल), राज 3077 (15 क्विन्टल), राज 1482 (11.25-12.5 क्विं.), एच.डी 2329 (11.25-12.5 क्विं.), राज 4037 (13.75-15 क्विं), पी.बी.डब्लू. 502 (11.5-15 क्विं), पी.बी.डब्लू 550 (11.25-14.5 क्विं).

प्र2. गेहूँ की कम पानी वाली किस्में जो दो पानी देकर भी लगभग 12 क्विं. प्रति बीघा की उपज देती हैं ये हैं डब्लू. एच - 1142 और राज 3077, इनमें पहला पानी 22 दिन बाद और दूसरा पानी 85 से 90 दिन बाद देकर अच्छी उपज ली जा सकती है। प्र 2: गेहूँ के पौधों को रोगों से बचाव के लिए गेहूँ के बीज को उपचारित करने के लिए दवा बतायें।

- पवन सैन, लालगढ़

उ: गेहूँ के प्रति किलो बीज को 2 ग्राम कार्बोक्सिन 70 डब्लू.पी. या कार्बेन्डाजिम 50 डब्लू.पी. से उपचारित करें फिर बुआई करें।

प्र 3: सरसों के छोटे पौधों पर अभी से ही कीड़ों द्वारा नुकसान हो रहा है, ये पत्तियों को नुकसान पहुँचा रहे हैं, इनसे बचाव के लिए उपचार बतायें।

- रामकिशन, नोहर

उ: सरसों की फसल को कीड़ों के प्रकोप से बचाव के लिए 1.5 मि.ली. क्यूनालफॉस 25 ई.सी या मैलाथियान 50 ई.सी का प्रति लीटर पानी की दर से घोल बना कर पौधों पर छिड़काव करें।

प्र 4: किन्नू के फल गिर रहे हैं, कुछ पीले भी हो रहे हैं, इनको गिरने से रोकने और कीड़े व बीमारी से बचाव के लिए उपचार बतायें।

- पवन राजपाल, अबोहर

उ: इस समय किन्नू के फलों को गिरने से रोकने और कीड़े व बीमारियों से बचाव के लिए 200 मि.ली. सोलोगान, 100 ग्राम बाविस्टिन और 25 मि.ली. प्लानोफिक्स का 100 लीटर पानी में घोल बना कर 30 मि.ली. सैन्डोविट या कोई अन्य स्टीकर सिफारिश के अनुसार मिलाकर पेड़ों पर छिड़काव करें।

डॉ. ओ.पी. वैश्य
वरिष्ठ कीट विशेषज्ञ (से.नि.)
श्रीगंगानगर
मो. 0154-2463610

ज्यादा गहराई में न डालें सरसों के बीज, रुक सकता है अंकुरण,विशेषज्ञों से जानें बंपर उपज लेने का तरीका

गंगानगर जिले में सरसों की अब तक 2 लाख हेक्टेयर अधिक बुवाई, सिंचाई पानी की कमी बन रही बाधा

इस रबी सरसों की बुवाई की अंतिम चरण में है। किसानों को कृषि विशेषज्ञों ने वैज्ञानिक तरीका अपनाने की सलाह दी है। विशेषज्ञों के अनुसार, अभी भी किसान पछेती बुवाई कर रहा है, क्योंकि तापमान पहले अधिक था, साथ ही पानी भी समय पर नहीं मिल रहा। ऐसे में किसान पछेती बुवाई भी जारी रखे हुये है। कई नहरों के किसानों की दो बारियां लगातार सूखी जाने से बुवाई का समय लडखड़ा गया है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. सतीश शर्मा ने बताया कि अब तक 2 लाख 16 हजार हेक्टैयर में सरसों की बुवाई की जा चुकी है। इसी तरह पानी की उपलब्धता को देखते हुये किसानों ने करीब 2 हजार हेक्टेयर में गेहूं की बुवाई कर दी है। विभाग का कहना है कि किसान सही समय पर बुवाई और नई विधियों से खेती की लागत कम और मुनाफा बढ़ा सकते हैं। बुवाई की सही समय स्थानीय मौसम, खेत की नमी और बीज की किस्म पर काफी निर्भर करता है।



खेत की तैयारी, अच्छी उपज का आधार

बुवाई से पहले खेती की तैयारी अच्छी उपज के लिए काफी अहम है। ऐसे में किसानों को सबसे पहले खेत को जोतकर मिट्टी को भुरभुरा और समतल करना चाहिए। समतल खेत में सिचाई का जल एक समान रूप से हर हिस्से में पहुंच सकता है। बुवाई से पहले मिट्टी में नमी की उपलब्धता तय करें। नमी कम होने पर बीजों के अंकुरण पर खराब असर पड़ सकता है, जिससे पौधों की संख्या में गिरावट आ सकती है। बुवाई से पहले मिट्टी की जांच कराएं और केवल अच्छी गुणवत्ता वाले प्रमाणित बीजों का ही उपयोग करें।

बुवाई का सही तरीका

फसल के बेहतर विकास के लिए बीजों की बुवाई में दूरी काफी अहम है। उन्नत किसान रामकुमार कहते हैं कि सरसों की बुवाई करते समय कतार से कतार के बीच की दूरी लगभग 30 सेंटीमीटर रखी जानी चाहिए। बीज को केवल दो से तीन सेंटीमीटर की गहराई में ही बोना चाहिए।

कतार में बुवाई के फायदे

किसान के अनुसार, अधिक गहराई में बुवाई से बीज का अंकुरण रुक जाता है। कतार में बुवाई करने का फायदा यह है कि इससे पौधों की संख्या नियंत्रित रहती है और बाद में निराई-गुड़ाई करने में आसानी होती है। इसके अतिरिक्त, जब फसल में फूल आ रहे हों और फलियां बन रही हों, तब खेत में नमी बनाए रखना अनिवार्य है। संतुलित मात्रा में खाद और उर्वरक का प्रबंधन करने से पौधों का विकास काफी बेहतर होता है।

श्रीगंगानगर में प्याज खुदरा 55 से 60 रूपये प्रति किलो विक्रय हो रहा

प्याज के थोक भाव दस प्रतिशत तक बढ़े, दिवाली तक और महंगा हो सकता है प्याज

बीते एक हफ्ते के दौरान खरीफ फसल की आवक में देरी से मंडियों में प्याज के भाव में 10% की तेजी देखने को मिली है। व्यापारियों का अनुमान है कि नवंबर में मंडियों में प्याज की बंपर आवक पहुंचने से पहले कीमतों में 8 से 10 रुपये प्रति किलो तक की और बढ़त हो सकती है। भारत प्याज का उत्पादन रबी और खरीफ सीजन में करता है। नवंबर-दिसंबर में बोई जाने वाली रबी प्याज की कटाई मार्च-अप्रैल में होती है, जिसके बाद यही प्याज सितंबर या अक्तूबर की शुरूआत तक बाजार की मांग को पूरा करती है। इसके बाद खरीफ प्याज का बाजार में आगमन शुरू हो जाता है।

प्याज मंडी में चढ़े दाम

जानकारी के अनुसार, बीते रबी सीजन की प्याज का भंडार अब लगभग खत्म हो चुका है। दूसरी ओर खरीफ की सुस्त आवक ने भाव को बढ़ाने का काम किया है। देश की सबसे बड़ी प्याज मंडी लासलगांव में प्याज का भाव 4,551 रुपये प्रति क्विंटल पर पहंचा है।

प्रमुख प्याज उत्पादक राज्यों में नवंबर की शुरूआत तक आवक में तेजी की उम्मीद

आमतौर पर सितंबर के आखिर या अक्तूबर की शुरूआत में खरीफ प्याज की आवक शुरू होती थी। लेकिन इस बार अक्तूबर के आखिर तक ही प्याज की आवक में तेजी आने की संभावना है। जानकारों के अनुसार, 15 अक्तूबर के आसपास नासिक में आने वाली खरीफ प्याज की आवक में देरी हुई है। राजस्थान के अलवर से प्याज की सप्लाई नवंबर के आसपास, जबकि नासिक में दिवाली के बाद तेज आवक की उम्मीद है। इसके अलावा एमपी और गुजरात से भी सप्लाई सुधरने के आसार हैं।



क्या कीमतों में नरमी आएगी?

प्याज की आवक में तेजी से कीमतों में गिरावट की संभावना है। लेकिन व्यापारियों का कहना है कि दशहरा और दिवाली के त्योहारी सीजन के दौरान बंपर मांग के कारण कीमतें कुछ समय के लिए ऊंची बनी रह सकती हैं।

बढ़ेगा किसानों का रुझान


जानकारों के अनुसार, प्याज एक कम जल खपत वाली फसल है। ऐसे में सूखा प्रभावित महाराष्ट्र के किसान गेहूं-गन्ना की जगह लेट खरीफ प्याज की ओर रुख कर सकते हैं। ऐसा होने पर जनवरी से प्याज की सप्लाई में तेजी आ सकती है, जिससे कीमतों में भारी गिरावट के आसार हैं।

क्या कहते हैं सब्जी विक्रेता

श्रीगंगानगर फल सब्जी मंडी में वर्तमान में प्याज 45 से 48 रूपये प्रति किलो मिल रहा है। सब्जी विक्रेता जसवंत सिंह ने बताया कि दीवाली पर प्याज के रेट और बढ़ेंगे। अभी 48 रूपये प्रति किलो विक्रय किया जा रहा है। त्यौहार को देखते हुये प्याज के भावों में बढ़ोतरी सम्भव है। भाव बढ़ने से रसोई का बजट बिगड़ गया है। खुदरा में प्याज 55 से 60 रुपये प्रति किलो तक विक्रय किया जा रहा है। अभी तीन से पांच रुपये तक इसके भावों में और वृद्धि देखी जा सकती है।



मटर की खेती; अच्छी कमाई के साथ सुधरेगी मिट्टी की सेहत



रबी सीजन में मटर की खेती से किसान दोहरा फायदा ले सकते हैं। एक तरफ अगेती किस्मों की बुवाई से किसान अच्छा मुनाफा कम सकते हैं, तो दूसरी तरफ यह फसल मिट्टी की गुणवत्ता को बढ़ाने का काम करती है। बिगड़ती मिट्टी की सेहत के बीच जानकार किसानों को फसल चक्र में मटर जैसी दलहन फसलों को शामिल करने की सलाह देते हैं।

हवा से नाइट्रोजन सीधे पौधे तक पहुंचती है

मटर सर्दियों के लिए एक बेहतरीन सब्जी है क्योंकि यह ठंडे मौसम में अच्छी तरह विकसित होती है और इसे नाइट्रोजन वाले उर्वरकों की कम जरूरत पड़ती है। जानकारों के अनुसार, मटर की जड़ों की गांठों में ऐसे बैक्टीरिया होते हैं, जो हवा में मौजूद नाइट्रोजन को खींचकर पौधे तक पहुंचाते हैं। इस तरह मिट्टी की सेहत में सुधार होता है।

ये किस्में देंगी बंपर उपज : जानकारों के अनुसार, किसान बंपर उपज के लिए पंजाब 89 और मीठी फली जैसी किस्मों का चुनाव कर सकते हैं। पंजाब 89 किस्म के चुनाव के किसान बेहतर विकास और गहरे हरे रंग की फलियां हासिल कर सकते हैं। यह किस्म 60 क्विंटल प्रति एकड़ की उच्च उपज के लिए भी जानी जाती है। इसके अलावा मीठी फली किस्म को बिना छिले पूरी फली को एक साथ खाया जाता है। इस तरह पारंपरिक किस्मों के मुकाबले यह खाने योग्य लगभग दोगुना उपज देती है।

जरूरी सलाह : विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि जिन खेतों में पहली बार मटर उगाई जा रही है, वहां बीजों को राइजोबियम लेग्युमिनोसारम से जरूर उपचारित करें। इससे पौधों का विकास, फलियों की गुणवत्ता और कुल पैदावार बढ़ती है। इसकी पछेती बुवाई 30 नवम्बर तक की जा सकती है।

नवंबर में करें भिंडी की अगेती खेती

नवंबर में भिंडी की अगेती खेती किसानों के लिए बेहतर मुनाफे का जरिया बन सकती है। सर्दियों में फसल तैयार करने के लिए खेत की गहरी जुताई कर मिट्टी को भुरभुरा और समतल बनाएं। जुताई के समय प्रति एकड़ 8-10 टन सड़ी गोबर की खाद मिलाएं। बुवाई के लिए अर्का अनुपमा, परभणी क्रांति या वर्षा उपहार जैसी उन्नत किस्में चुनें। कतार से कतार और पौधे से पौधे के बीच उचित दूरी रखते हुए बीज बोएं। बुवाई के तुरंत बाद हल्की सिंचाई करें, जिससे अंकुरण ठीक से हो। खेत में जलभराव बिल्कुल न होने दें और आवश्यकतानुसार ही पानी दें। रासायनिक उर्वरकों का उपयोग मिट्टी परीक्षण के आधार पर ही करें। लागत और मुनाफे का सही आकलन करने के लिए बीज, खाद, सिंचाई और मजदूरी का खर्च पहले जोड़ें। सही प्रबंधन और अगेती बाजार भाव मिलने पर किसान एक एकड़ से अच्छी बचत हासिल कर सकते हैं।



गेहूं की बंपर पैदावार चाहिए तो 15 नवंबर तक निपटा लें बुवाई

रबी सीजन में गेहूं और जौ की अच्छी पैदावार के लिए किसानों को 1 से 15 नवंबर के बीच बुवाई पूरी कर लेनी चाहिए। भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान ने किसानों के लिए यह सलाह जारी की है। संस्थान के अनुसार, सही समय पर अगेती बुवाई करने से बीजों का अंकुरण अच्छा होता है और पैदावार बढ़ती है। बुवाई में देरी होने पर, फसल पकते समय अचानक तापमान बढ़ने से दाने छोटे रह जाते हैं, जिससे उत्पादन घट जाता है।

आपके राज्य के लिए टॉप किस्में : संस्थान ने मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान के उदयपुर और कोटा में सिंचित खेतों के लिए 8 किस्में हैं, जिनमें डीबीडब्ल्यू 187, डीबीडब्ल्यू 303, डीबीडब्ल्यू 327, डीबीडब्ल्यू 445, जेडब्ल्यू 1399 (एमपी 1399), पीडब्ल्यूडी 906, एचडी 3463 और जेडब्ल्यू 543 शामिल हैं। संस्थान ने साफ किया है कि किसान केवल अपने क्षेत्र के लिए सुझाई गई किस्मों की ही बुवाई करें, अन्यथा फसल में गंभीर रोग लगने का खतरा रहता है। बीज हमेशा प्रमाणित विक्रेताओं से ही खरीदें।



गेहूं की सीधी बुवाई अपनाने की सलाह : फसल अवशेषों (पराली) को जलाने के बजाय, संस्थान ने हैप्पी सीडर या स्मार्ट सीडर जैसी मशीनों से गेहूं की सीधी बुवाई करने की सलाह दी है। इससे पराली खेत में सड़कर खाद का काम करती है और मिट्टी की गुणवत्ता बढ़ती है। इसके अलावा, आवश्यकता से अधिक खाद और पानी के इस्तेमाल से बचने और पौधों की जरूरत के अनुसार संतुलित सिंचाई करने की सलाह दी गई है।

सेंसर वाली साहीवाल-बिलोना घी की मिठास: दोस्तों ने खड़ी की 37 लाख की डेयरी

नौकरी मांगने के बजाय नौकरी देने की सोच के साथ शाहजहांपुर के पसगवां गांव में तीन युवाओं—आलोक मिश्र, गोपाल शर्मा और विशाल शर्मा—ने आधुनिक गोपालन की मिसाल पेश की है। वर्ष 2024 में राजस्थान से आठ साहीवाल गायों के साथ शुरू हुआ यह सफर आज 50 गोवंश के परिवार में बदल चुका है, जो रोजाना 20 से 25 स्थानीय लोगों को आजीविका दे रहा है।

गायों की डिजिटल निगरानी और प्राकृतिक देखभाल

एनडीआरआई, करनाल से प्रशिक्षण लेने वाले इन युवाओं ने पारंपरिक डेयरी को आधुनिक तकनीक से जोड़ा है। यहां गायों के स्वास्थ्य पर नजर रखने के लिए डिजिटल सेंसर लगाए गए हैं, जो बुखार या अन्य समस्याओं का तुरंत संकेत देते हैं। शेड में मालिश की मशीनें और आरओ पानी की व्यवस्था है। गायों को खूंटे से बांधने के बजाय खुले में चरने की छूट है। आहार में सहजन, गिलोय, नेपियर और जैविक चारा दिया जाता है, जिसे वे अपनी जमीन पर बिना रासायनिक खादों के उगाते हैं।



37 लाख रुपये का टर्नओवर

वर्ष 2024-25 में इस फार्म को यूपी सरकार की मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत 11.80 लाख रुपये का 50 फीसदी अनुदान मिला। वर्तमान में रोजाना करीब 95 लीटर दूध का उत्पादन होता है, जो सर्दियों में बढ़कर 150 लीटर पहुंच जाता है। फार्म से 90 रुपये प्रति लीटर औषधीय दूध और पारंपरिक बिलोना विधि से तैयार शुद्ध घी 2,900 रुपये प्रति किलो बिकता है। दूध से सालाना 25 लाख, तीन क्विंटल घी से करीब नौ लाख और छाछ की बिक्री से तीन लाख रुपये मिलकर कुल 37 लाख रुपये का सालाना टर्नओवर हासिल हो रहा है। युवा उद्यमियों का ध्यान फिलहाल निजी मुनाफे से ज्यादा संचालन गुणवत्ता और ग्रामीण रोजगार पर है। कर्मचारियों को वेतन के साथ भोजन और दूध भी दिया जाता है। स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन का यह मॉडल ग्रामीण उद्यमशीलता की शानदार तस्वीर पेश कर रहा है।

25 परिवारों को दिया रोजगार

मौसम

अधिकतम 32.6° | न्यूनतम 18.0°

आर्द्रता

सुबह 81% | शाम 51%

विंड स्पीड

2-10KM/h

आज का सूर्यास्त

05:47PM

कल का सूर्योदय

06:50AM

आंशिक रूप से बादल रहेंगे।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,38,540

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,28,160

चांदी (प्रति किलो) ₹1,82,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

न्यूज इन ब्रीफ

मतदान दलों का रेण्डेमाईजेशन पूर्ण

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। पंचायती राज आम चुनाव के तहत निष्पक्ष, पारदर्शी एवं स्वतंत्र रूप से सम्पन्न करवाने के लिए रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में तृतीय चरण के मतदान दलों का तीसरा व चतुर्थ चरण के लिए ईवीएम के प्रथम रेण्डेमाईजेशन की प्रक्रिया जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में पूर्ण की गई।

निर्धारित सॉफ्टवेयर के माध्यम से जिले में जारी पंचायत चुनाव के तहत जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, पंच पदों के लिए तृतीय चरण के मतदान दलों का तीसरा व चतुर्थ चरण के लिए ईवीएम के प्रथम रेण्डेमाईजेशन किया गया। इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी परमजीत सिंह, मलकीत सिंह, अजय मेहता, गगनदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

विप्र फाउंडेशन ने लगाया शिविर

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। विप्र फाउंडेशन द्वारा जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को राजकीय जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विप्र समाज सहित सर्व समाज के लोगों ने 59 यूनिट रक्तदान किया।

जिलाध्यक्ष महेश सारस्वत ने बताया कि कार्यक्रम में प्रेम शर्मा, रवि शर्मा, विशाल गौड़, बबीता गौड़, प्रदीप धेरड़, हिमांशु पारीक, सुबोध शर्मा, नरेश शर्मा, भगवती प्रसाद शर्मा, जगदीश गौड़, के.सी. आसोपा, अनिल शर्मा, सुरेश गौड़, रविकांत शर्मा, सुमेश शर्मा, शिव कुमार जोशी आदि ने रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया। शिविर की शुरूआत सामाजिक कार्यकर्ता जयमल राम ने रक्तदान कर की। रक्तदाताओं का गुलाब के फूल से स्वागत-अभिनंदन करने के साथ उन्हें प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जीवन प्रमाण-पत्र शिविर आयोजित

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी कल्याण समिति द्वारा रविवार को समिति कार्यालय सुखाड़िया पार्क में पेंशनभोगियों हेतु जीवन प्रमाण-पत्र शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष हरपाल सिंह सिद्धू ने बताया कि शिविर से 745 पेंशनर्स लाभान्वित हुए। शिविर रविवार प्रातः 9 बजे से ही समिति कार्यालय सुखाड़िया पार्क में चहल-पहल शुरू हो गई थी तथा जीवन प्रमाण-पत्र प्रमाणीकरण के लिए सैकड़ों की संख्या में पुरुष तथा महिलाएँ बड़े उत्साह के साथ पहुँचे। पेंशनभोगियों की सुविधा के लिए फॉर्म वितरण, फॉर्म भरवाना, हस्ताक्षर करवाना तथा प्रमाणीकरण का कार्य सुचारू रूप से किया गया। प्रमाणीकरण का कार्य धीरज सक्सेना, तरुण गुप्ता, गोपाल शर्मा एवं जसविंदर कौर ने किया। ट्रेजरी से विशेष रूप से मौजूद रुचि गोयल व छाबड़ा ने हाथों-हाथ ऑनलाइन कार्य सम्पन्न किया।

2 महीने तक फाइलों पर कुंडली मारकर बैठे रहे जिम्मेदार; कड़े पत्र के बाद मचा हड़कंप, रिपोर्ट सौंपने का जिम्मा अब प्रशिक्षु आरएएस को

गंगनहर में धड़ल्ले से बह रहा 'औद्योगिक जहर', अदालत के आदेश पर 5 सदस्यीय ज्वाइंट टीम का आदेश देकर भूला प्रशासन, अब सुनवाई 3 को

सीमा सन्देश#श्रीगंगानगर।

श्रीगंगानगर जिले की आबादी के लिए जीवन रेखा कही जाने वाली गंगनहर अब सीधे तौर पर लोगों की सांसें और जिंदगी छीन रही है। पंजाब के लुधियाना, फगवाड़ा और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों की टेक्सटाइल, लेदर इंडस्ट्रीज और केमिकल फैक्ट्रियों का जहरीला व अनुपचारित कचरा बिना किसी रोक-टोक के गंगनहर में डाला जा रहा है।

इसका खौफनाक और जानलेवा असर अब सरकारी आंकड़ों में भी खुलकर सामने आ चुका है। अकेले बीकानेर के आचार्य तुलसी कैंसर अस्पताल में श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ क्षेत्र से हर साल औसतन 1,000 से 1,200 नए कैंसर मरीज इलाज के लिए भर्ती हो रहे हैं। गंगनहर में आने वाले केमिकल युक्त पानी की निगरानी और इसकी जांच के लिए जब 'राधेस्याम गोयल बनाम जिला कलेक्टर आदि' (प्रकरण संख्या 24/2025) के तहत जिला स्थायी लोक अदालत के संज्ञान में लाया गया। इसके बाद अदालत ने इस मुद्दे को गंभीर मानते हुए 5 वरिष्ठ अधिकारियों की एक संयुक्त टीम गठित कर जमीनी हकीकत जांचने के सख्त आदेश दिए थे। लेकिन प्रशासनिक संवेदनहीनता और कोताही का आलम यह है कि आदेश जारी होने के दो महीने बीत जाने के बाद भी प्रशासन ने एक इंच जमीन पर काम नहीं किया और रिपोर्ट तक पेश नहीं की। अब स्थायी लोक अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को 3 नवंबर तक हर हाल में अनुपालना रिपोर्ट पेश करने का अंतिम अल्टीमेटम दिया है।

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ से हर साल औसतन 1,000 से 1,200 नए कैंसर मरीज इलाज के लिए हो रहे भर्ती



जहर उगलता बुड्ढा नाला



2019 से 2025 तक ये रही स्थिति

साल	यू बढ़ी मरीजों की संख्या
2019	1159
2020	965
2021	1086
2022	1122
2023	1215
2024	1135
2025	975

कागजों में दफन हुआ आदेश

मौका तक नहीं देखा

स्थायी लोक अदालत ने 18 अगस्त 2026 को अपने विस्तृत आदेश में हरिके बैराज से लेकर श्रीगंगानगर तक आने वाले पानी की मात्रा, उसकी गुणवत्ता, उसमें मिलने वाले केमिकल और प्रदूषण के मुख्य स्रोतों की गहन जांच व वीडियोग्राफी-फोटोग्राफी कराने के निर्देश दिए थे। अदालत द्वारा गठित 5 सदस्यीय संयुक्त दल में जिला कलेक्टर, श्रीगंगानगर द्वारा मनोनीत आरएएस रैंक या अन्य उच्च अधिकारी, जिला पुलिस अधीक्षक, श्रीगंगानगर द्वारा मनोनीत आईपीएस या उच्च रैंक का अधिकारी, अधीक्षण अभियंता, गंगनहर, जल संसाधन विभाग श्रीगंगानगर। केन्द्र सरकार के अधिवक्ता आनंद व्यास और राज्य सरकार के राजकीय अभिभाषक सतविन्द्र सिंह गिल को शमिल किया था। अदालत ने इस कमेटी को 15 अक्टूबर को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा था। परन्तु कमेटी द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करना तो दूर इस मामले में जांच तक नहीं कि गई।

कड़ी फटकार; कोर्ट ने कहा- प्रगति रिपोर्ट नहीं तो मानी जाएगी अवमानना

जनहित के गंभीर मुद्दे पर अदालत द्वारा जारी आदेश पर प्रशासन की ओर से दो माह तक कार्यवाही नहीं किए जाने पर स्थाई लोक अदालत ने इसे गंभीरता से लिया है। अदालत के आदेश की अवहेलना और सुस्ती पर संज्ञान लेते हुए स्थायी लोक अदालत के सदस्य भुवनेश चन्द्र शर्मा ने पत्र जारी कर जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अधीक्षण अभियंता और अन्य संलिप्त पक्षों को कड़ी फटकार लगाई। पत्र में स्पष्ट कहा गया कि 18.08.2026 के आदेश के बावजूद आज दिनांक तक कोई प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है, जो सीधे तौर पर आदेश की अवमानना है। अदालत ने चेतावनी दी है कि 3 नवंबर तक हर स्थिति में अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

पंजाब से इस तरह आ रहा 'जहर'

स्थायी लोक अदालत में प्रस्तुत तथ्यों के मुताबिक, सतलुज नदी का पानी पंजाब से होकर ही गंगनहर के जरिए राजस्थान में प्रवेश करता है। पंजाब के औद्योगिक शहरों (लुधियाना, फगवाड़ा आदि) में स्थित रंगाई, छपाई, चमड़ा कारखानों और बूचड़खानों का जहरीला, केमिकल युक्त और गंदा पानी बिना किसी ट्रीटमेंट प्लांट के सीधे सतलुज नदी और नालों में छोड़ दिया जाता है, जो बहकर गंगनहर में आ मिलता है। खेतों में धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहे अत्यधिक रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक और शहरों का सीधा सीवर का पानी इस जल को पूरी तरह से दूषित कर रहा है। इस दूषित पानी के प्रत्यक्ष सेवन से जिले के ग्रामीण इलाकों में किडनी फेलियर, गंभीर लीवर इंफेक्शन, हेपेटाइटिस और कैंसर जैसी लाइलाज बीमारियां महामारी का रूप ले चुकी हैं। स्थिति इतनी भयानक है कि कई गांवों में एक ही परिवार या एक ही मोहल्ले के 5 से 7 लोग इन गंभीर बीमारियों की चपेट में आकर दम तोड़ चुके हैं।

ऐसे बढ़ रहा है रोगियों का आंकड़ा

आरटीआई कार्यकर्ता और स्थायी लोक अदालत में इस मामले के परिवादी अधिवक्ता राधेश्याम गोयल को बीकानेर केआचार्य तुलसी क्षेत्रीय कैंसर उपचार एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा आरटीआई के तहत उपलब्ध कराए गए आधिकारिक आंकड़े इस बात की तस्दीक करते हैं कि इलाके में कैंसर किस कदर लगातार विकराल रूप ले रहा है। सस्थान द्वारा उपलब्ध करवाए आंकड़ों के तहत वर्ष 2019 में 1159, 2020 में 965, 2021 में 1086, 2022 में 1122, 2023 में 1215 , 2024 में 1135 और 2025 में 975 नए मरीज सामने आए हैं। यह स्थिति तब है जब जिला मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल के अलावा कई निजी चिकित्सा संस्थानों में बड़ी संख्या में कैंसर रोगी स्थानीय स्तर पर ही अपना ईलाज करवा रहे हैं। अगर प्रदेश स्तर पर आचार्य तुलसी क्षेत्रीय कैंसर उपचार एवं अनुसंधान संस्थान में वर्ष 2025 में 10861 नए रोगी आए और 106502 पुराने रोगियों को ईलाज दिया गया।

सुखाड़िया सर्किल से बीएसएफ रोड तक चला अभियान

बाजारों में नगर परिषद की कार्रवाई, शोरूम व दुकानों के बाहर से हटाया सामान, काटे चालान

अब कैश नहीं क्यू आर कोड से जमा होगी जुर्माना राशि

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

शहर में अतिक्रमण के कारण बाधित हो रहे यातायात को सुचारू बनाने के लिए नगर परिषद ने बाजारों में अभियान चलाया। सुखाड़िया सर्किल से बीएसएफ रोड तक चली कार्रवाई में कई शोरूम और दुकानों के बाहर रखा सामान हटवाया गया। नियमों की अनदेखी करने वाले प्रतिष्ठानों के चालान भी काटे गए।

अतिक्रमण प्रभारी अमनदीप कौर के नेतृत्व में नगर परिषद की टीम सुखाड़िया सर्किल से शिव चौक, चहल चौक और मीरा चौक होते हुए एसएसबी रोड स्थित बीएसएफ तक पहुंची।

इस दौरान होंडा, एलजी और सुजुकी शोरूम, वी मार्क, जोधपुर स्वीट होम, दीपक टेलीकॉम, बालाजी इलेक्ट्रिक, दिव्या ज्योति शोरूम, जेलिओ शोरूम, अंबुजा शोरूम और बालाजी ट्रेडर्स सहित अन्य प्रतिष्ठानों के बाहर कार्रवाई की गई। इस दौरान टीम द्वारा जप्त सामग्री के तीन ऑटो टीपर भर गए। नगर परिषद की टीम ने दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर रखे सामान को हटवाया। साथ ही संबंधित दुकानदारों के चालान काटे।

अभियान के दौरान यातायात थाना प्रभारी राजेश और पुलिसकर्मियों ने भी सहयोग किया। नगर परिषद के सफाई निरीक्षक उमेश वाल्मीकि और अनिल धारीवाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।





जानकारी अनुसार नगरपरिषद द्वारा एक हजार रुपए जुर्माना लगाया जा रहा है। मौके पर ही जमा कैश जमा करवाने का प्रावधान है। दुकानदार द्वारा जुर्माना राशि कर्मचारी को कैश देने पर परिषद कर्मिकों पर उगाही के भी आरोप लग सकते है। इसी संभावना को देखते हुए सोमवार से नई व्यवस्था की गई है।

इसके तहत जुर्माना राशि क्यूआर कोड के जरीए अतिक्रमण जुर्माना राशि एकत्र करने के लिए खुलवाए बैंक अकाउंट में जमा होगी। राशि जमा होने पर इसकी रसीद नगरपरिषद कार्मिक द्वारा उपलब्ध करवाए जाएगी। इसमें ऑनलाइन जमा करवाई गई राशि का समय और उसके ट्रांजेक्शन का अंक भी दर्ज होगा।

नवोदय कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा 21 को

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। पीएम श्री नवोदय विद्यालय महियांवाली श्रीगंगानगर प्रथम में कक्षा 6 के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा 21 नवम्बर को आयोजित की जाएगी। प्राचार्य अजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि जिन अभ्यार्थियों ने कक्षा 6 की चयन परीक्षा 2027 के लिए आवेदन किया था। उनके प्रवेश पत्र ऑनलाईन पॉर्टल एचटीटीपीः// सीबीएसईआईटीईएमएस.आरसीएलएल.जीओवी.इन// एनवीएस पर अपलोड कर दिए गए हैं। पंजीकृत अभ्यार्थी अपना विवरण भरकर कर ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से प्रवेश पत्र डानलोड कर सकते हैं।

'गांडीव हार्दिक मिलन 1.0' अभियान का आगाज, पूर्व सैनिकों व वीर नारियों की समस्याओं का होगा समाधान

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय सेना की गांडीव डिवीजन ने पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए 'गांडीव हार्दिक मिलन 1.0' अभियान का शुभारंभ किया है। इस विशेष पहल का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को पेंशन संबंधी मामलों, सरकारी योजनाओं और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में आवश्यक मार्गदर्शन व सहायता उपलब्ध कराना है। इस 15 दिवसीय संपर्क अभियान की शुरूआत 1 नवंबर 2026 को कोटा, जयपुर, लालगढ़ जाटान और अलवर से एक साथ की गई। अभियान के तहत गठित चार समर्पित टीमें 15 नवंबर तक राजस्थान



के विभिन्न जिलों और दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों का दौरा करेंगी। प्रशिक्षित सैन्य कर्मियों की ये टीमें सीधे पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों से संवाद स्थापित कर उनकी जमीनी समस्याओं को दर्ज करेंगी और संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएंगी। डिवीजन ने इसे वार्षिक अभियान के रूप में जारी रखने की योजना बनाई है, ताकि पूर्व सैनिक समुदाय से निरंतर जुड़ाव बना रहे। यह पहल राष्ट्र सेवा में समर्पित रहे वीर योद्धाओं के प्रति सेना के गहरे सम्मान, संवेदनशीलता और अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

वार्ड 27 में जर्जर सड़कों से जनता परेशान, धरने की चेतावनी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। दीपावली का पावन पर्व अत्यंत निकट होने के बावजूद शहर के वार्ड नं. 27 में चरमराई सफाई व्यवस्था और टूटी-फूटी सड़कों की जर्जर स्थिति को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों में गहरा आक्रोश है।

नवनिर्वाचित भाजपा पार्षद रवीना नारंग और पूर्व पार्षद कमल कुमार नारंग ने नगर परिषद तथा नगर विकास न्यास पर वार्ड के साथ सौतेला व्यवहार करने और जानबूझकर भेदभाव का गंभीर आरोप लगाया है। पूर्व पार्षद कमल कुमार नारंग ने बताया कि सेतिया फार्म,



विनोबा बस्ती और प्रेम नगर-सी ब्लॉक सहित कई प्रमुख कॉलोनियां और मार्केट इस बड़े वार्ड के अंतर्गत आते हैं, जहां से प्रतिदिन हजारों शहरवासियों का आवागमन होता है। इसके बावजूद 4000 से अधिक मतदाताओं वाले इस विशाल क्षेत्र में मात्र 14 सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं, जो नाकाफी हैं। कचरा उठाव भी अब सुबह-शाम की बजाय केवल सुबह के समय ही हो रहा है, जिससे जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं। बाबा खेत्रपाल मंदिर रोड और गुरु रामदास गुरुद्वारे वाली रोड सहित कई महत्वपूर्ण सड़कें जगह-जगह से टूटी हुई हैं। कई बार अधिकारियों को अवगत कराने और जेईएन द्वारा सर्वे होने के बावजूद आज तक सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई है। इसके अलावा, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों और मच्छरों के बढ़ते प्रकोप के कारण डेंगू-मलेरिया जैसी महामारियां फैलने की आशंका लगातार बनी हुई है।

वर्तमान में केंद्र, राज्य और स्थानीय निकाय स्तर पर ट्रिपल इंजन भाजपा सरकार होने तथा वार्ड में भाजपा पार्षद के होने के बावजूद बुनियादी जनसमस्याओं की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दीपावली से पहले व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

दिवाली पर सजा बाजार: डेकोरेशन और गिफ्ट की दुकानों पर बढ़ी चहल-पहल

इलेक्ट्रोनिक आइटम पर भी रुझान; बजट और गुणवत्ता परख रहे हैं ग्राहक, गोल बाजार व स्वामी दयानन्द मार्ग की हुई सजावट, दोपहर के समय अधिक भीड़

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

दीवाली की रौनक अब शहर में पूरी तरह दिखाई देने लगी है। पर्व को लेकर शहर के प्रमुख बाजार सजकर तैयार हो चुके हैं। दुकानों पर रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट ने माहौल को उत्सवी बना दिया है। घरों को सजाने के सामान से लेकर पूजा-पाठ की सामग्री, पटाखे, मिठाइयां, कपड़े, जूते और रोजमर्रा की जरूरत का हर सामान बाजार में उपलब्ध है।

व्यापारी भी पूरी तैयारी के साथ ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं। हर साल की तरह इस बार भी गोलबाजार और स्वामी दयानन्द मार्ग का क्षेत्र दिवाली पर स्थानीय लोगों के आकर्षण का केंद्र बनने को तैयार है।



त्योहार की तैयारियों के बीच गोलबाजार एरिया में दो दिन पहले ही सजावट कर दी गई है। मुख्य सड़कों को झालरों से सजा दिया गया है, जिससे बाजार की खूबसूरती देखते ही बन रही है। हालांकि, बाजार में रौनक और सजावट के बीच फिलहाल चहल पहल अपने परवान पर नहीं है। व्यापारियों का कहना है ग्राहक दुकानों पर पहुंच रहे हैं और अलग-अलग सामान के दाम पूछ रहे हैं। व्यापारियों के मुताबिक, बाजार में लोगों की आवाजाही तो शुरू हो गई है, लेकिन खरीदारी की रफ्तार अभी धीमी बनी हुई है।

व्यापारियों का मानना है कि लोगों की खरीदारी क्षमता पर भी असर दिखाई दे रहा है। पहले जहां त्योहार के दिनों में ग्राहक बाजार पहुंचते ही खरीदारी शुरू कर देते थे, वहीं इस बार लोग सामान के दाम और बजट का आकलन करने के बाद ही फैसला ले रहे हैं। दूर-दराज से आए व्यापारी भी ग्राहकों की संख्या बढ़ने का इंतजार कर रहे हैं।


वहीं, खरीदारों का कहना है कि दिवाली की खरीदारी में अभी जल्दबाजी करने की जरूरत नहीं है। बाजार में कई तरह के सामान उपलब्ध हैं, ऐसे में पहले दुकानों पर जाकर सामान की गुणवत्ता, डिजाइन और कीमतों की जानकारी ली जा रही है। इसके बाद बजट के हिसाब से खरीदारी की जाएगी।

खरीदारों को उम्मीद है कि त्योहार नजदीक आने के साथ बाजार में और नए विकल्प मिलेंगे।

कीमतें बढ़ीं, फिर भी उत्साह बरकरार

पब्लिक पार्क क्षेत्र के दुकानदार पवन नारंग ने बताया कि इस बार पिछले वर्ष की तुलना में रंग-बिरंगी लाइटों की मांग में काफी बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, विभिन्न प्रकार की लाइटों के दाम भी बढ़े हैं। लड़ी लाइट, लेजर लाइट और फ्लावर लाइट की कीमतों में 50 से 100 रुपये तक का इजाफा हुआ है। वहीं, चाइनीज झालरों के दाम भी पिछले साल की अपेक्षा 20 से 30 रुपये तक बढ़ गए हैं। बाजार में सजावटी लड़ियों की कीमत 20 रुपये से शुरू होकर 1500 रुपये तक है। ग्राहकों की पसंद और बजट के अनुसार दुकानों पर अलग-अलग रेंज के उत्पाद उपलब्ध हैं। दुकानदार राधेश्याम गोयल, नरेश व अतुल ने बताया कि इस बार स्वदेशी उत्पादों की मांग अच्छी है। उनके पास भारतीय कंपनियों की झालरों और एलईडी लाइटों का स्टॉक रखा है। ग्राहक भी स्वदेशी एलईडी और सजावटी लाइटों की खरीदारी में खासी रुचि दिखा रहे हैं। दुकानदारों को उम्मीद है कि दिवाली नजदीक आने के साथ ही खरीदारी में और तेजी आएगी तथा इस बार कारोबार अच्छा रहेगा।

वर्ग पहली क्रमांक 7967



ó बायें से दायें:- 1) चीजें, 15) मर्यादा पुरुषोत्तम, पक्षपाती, 4) दिक्कत, 6) 16) भगिनी, 17) संयोजन; खोज, 7) असावधान, 9) प्रबंध, 18) छलकता, 20) बड़प्पन, 10) नृत्य, 11) पनस *(सागसब्ज़ी)*, 21) अकस्मात्, 13) संबंध, 14) ज़रूर, 22) मूल, 26) कीड़ा. एक मादक पेय, 17) पहुँ- (उत्तरः अगले अंक में)

चना, 19) गंध, 21) मज़- *पिछली पहेली का उत्तर*

रूर, 23) मंचकर्मी, 24)

ईन्धन, 25) छोकरी, 27)

वर्तमान में, 28) परिचर्या.

ô ऊपर से नीचेः- 2)

द	ग	फ़	सा	द	■	स	मा	वि	ष्ट
प	■	ज़	■	बा	ल	म	■	व	■
ति	ल	■	श	व	■	क	क	ह	रा
■	श	■	य	■	सा	क्ष	र	■	ज
■	क	मी	न	गी	■	■	व	ह	म
मो	र	■	क	■	चं	प	त	■	ह
ती	■	अ	क्ष	र	■	र	■	पा	ल
चू	ह	■	■	म	त्प	व	ता	र	■
र	ट	ना	■	ता	■	श	■	स	दी

कृषिउत्पाद, 3) व्यस्त, 4) दुविधा, 5) थज्जी थज्जी, 7) दलदल, 8) सरकना, 11) देखना, 12) चटपटी

आज का इतिहास

नयी दिल्ली, (वार्ता) 02 नवम्बर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1774 - अंग्रेज अधिकारी कमांडर इन चीफ ऑफ ब्रिटिश इंड़िया राबर्ट क्लाइव ने इंग्लैंड में आत्महत्या की।

1834 - एटलस नाम का जहाज भारतीय मजदूरों को लेकर मॉरिशस पहुंचा था जिसे वहां अप्रवासी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

1835 - अमेरिका के मूल निवासियों के विभिन्न गुटों के बीच फ्लोरिडा के ओसिओला में दूसरा सेमीनोले युद्ध शुरू हुआ। यह लड़ाई फ्लोरिडा युद्ध के नाम से भी मशहूर है।

1841 - अकबर खान ने अफगानिस्तान में शाह शुजा के खिलाफ विद्रोह किया,जिसमें उसे सफलता मिली।

1852 - फ्रेंकलिन पियर्स अमेरिका के राष्ट्रपति बने।

1914 - रूस द्वारा तुर्की के विरुद्ध युद्ध घोषित।

1950 - जार्ज बर्नार्ड शा का 97 वर्ष की आयु में देहावसान।

1951 - मिस्र में ब्रिटेन के खिलाफ हुए प्रदर्शनों पर काबू पाने के लिए करीब छह हजार ब्रिटिश सैनिक पहुंचे।

1984 - अमेरिका में 1962 के बाद पहली बार एक महिला वेल्मा बारफिल्ड को फाँसी की सजा दी गयी।

1986 - बेरूत में कट्टरपंथियों के जरिए बंधक बनाए गए एक अमेरिकी नागरिक डेविड जैकोब्सन को रिहा कराया गया।

1999 - पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में संयुक्त राष्ट्र संघ और अमेरिकी केन्द्रों पर अज्ञात लोगों के द्वारा राकेट से हमला।

2000 - पश्चिम एशिया में हिंसा रोकने के फामूर्ले पर सहमति।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 3 नवंबर (एनएनएस) मंगलवार कार्तिक बदी नवमी को गेहूं, ग्वार, ग्वार गम, मोटे चावल, जौ, जई, ढैंचा, काला चना, देशी घी, दूध पाउडर, राजमां चित्रा, मोठ, मसूर, लौंग, मेथी, आंवला, कलौंजी, चिरौंजी, लालमिर्च, महुआ फूल, अमचूर, अरंडी, अजवायन, कॉपर, पीतल के भावों में लाभ तथा मक्की, बाजरा, ज्वार, उड़द, तुवर, मूंग, चीनी, नीम तेल, सरसों, सोया, बिनौला एवं इसके तेल, पाम तेल, जीरा, पिस्ता, छोटी-बड़ी इलायची, इमली, किशमिश, गोला, शक्कर, टिन इंगट में हानि हो सकती है। **भाग्यांक 3-5-7-9 है। यात्रा विचार-दक्षिण दिशा की ओर 9.52 बजे पूर्वार्द्ध के बाद यात्रा शुभ होगी।**

आज का राशिफल

02 नवम्बर सोमवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

कार्तिक कृष्ण तिथि सप्तमी, नक्षत्र-पुष्य, योग-साध्य, करण-बव, दिशाशूल-पश्चिम, सूर्योदय 6.47 बजे, सूर्यास्त 5.48

ग्रह स्थिति : सूर्य, बुध, शुक्र - तुला राशि में, मंगल, चन्द्र-कर्क, गुरु - सिंह राशि में, चंद्रमा-मिथुन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह, शनि-मीन राशि में संचार कर रहे हैं।

मेष : आज धन लाभ के योग हैं। शांत रहकर सोचें, दूसरों का सपोर्ट लें और शांत एनर्जी से फैसले लें।

वृषभ : पर्सनल समस्याओं को हल करें। ऑफिस परफॉर्मेंस बेहतर होगी, बिजनेस में कॉन्फिडेंट रहें और सेहत का ध्यान रखें।

मिथुन : सोच-समझकर फैसले लें। मानसिक तनाव से बचें, सेहत पर ध्यान दें और नई जिज्ञासा से मौके पाएं।

कर्क : प्यार में सुखद पल बिताएं। लवर की उम्मीदों पर खरे उतरें, काम पर सावधानी बरतें और बैलेंस बनाए रखें।

सिंह : नया आइडिया आजमाएं। मजाक करें, सुनें और सपोर्ट करें। दिन रोमांचक और दूसरों की मदद करने वाला रहेगा।

कन्या : जिज्ञासा से मेहनत और सपोर्ट आकर्षित करें। बिना जल्दबाजी के व्यावहारिक अवसर मिलेंगे, फोकस्ड और दयालु रहें।

तुला : छोटे एक्सपेरिमेंट और बातचीत से जानकारी पाएं। आइडिया आसानी से समझाएं, मदद स्वीकार करें और योजना बदलें।

वृश्चिक : प्रैक्टिकल डिसीजन से शांति और रिजल्ट पाएं। धैर्य रखें, योजनाओं को जीत में बदलें और दोस्तों की मदद लें।

धनु : स्टेबल तरीके से योजना बनाकर काम पूरे करें। छोटे कदम उठाएं, प्रेशर से बचें और छोटी जीत का जश्न मनाएं।

मकर : कोमल स्वभाव से आइडिया पाएं। क्रिएटिव काम करें, भावनाएं शेयर करें और शांति के लिए आसान रूटीन फॉलो करें।

कुंभ : दोस्ताना बातचीत और नई सीख का दिन है। स्मार्ट आइडिया पर ध्यान दिया जाएगा और पैसों का आगमन होगा।

मीन : विनम्रता से मदद स्वीकार करें। कॉन्फिडेंस बढ़ाएं, काम और परिवार में छोटे कदम उठाएं और अच्छी सलाह मानें।

ग्रामीण बोले – पूर्व विधायक जांगिड ने स्वीकृत करवाई थी पीएचसी, 1 करोड 15 लाख से बनवाया सुविधाओं से युक्त केंद्र भवन

अमरगढ़ में मिल रहा चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

सादुलशहर (रवि गोयल)।

ग्राम पंचायत करडवाला के गांव अमरगढ में स्थापित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गांव की ही नहीं आसपास के चकों, ढाणियों के लिए भी उपचार एवं मधुर स्वभाव का केंद्र बना हुआ है। खास यह भी है कि चिकित्सा प्रभारी के पद सहित सभी दस पदों पर चिकित्सा कर्मी तैनात हैं। इस केंद्र की प्रति माह ओपीडी करीब 1300 है। पूर्व सरपंच देवीलाल मेघवाल, बबनदीप सिंह ढिल्लों, गुरटेक सिंह चानी, निर्वतमान डायरेक्टर मघाराम मेघवाल, युवा नेता राजीव मेघवाल सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि तत्कालीन विधायक जगदीश चंद्र जांगिड ने ग्रामीणों तथा आसपास के चकों, ढाणी निवासियों को गांव स्तर पर ही बेहतर इलाज, जांच एवं निशुल्क दवा सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाने की मंशा को लेकर तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार से गांव अमरगढ में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत करवाया। यहीं नहीं इसके बाद



चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग राजस्थान सरकार के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आधुनिक भवन निर्माण के लिए 1 करोड 15 लाख रूपए की राशि स्वीकृत करवाई। इसके तुरंत बाद तत्कालीन विधायक जगदीश चंद्र जांगिड ने 8 अक्टूबर 2023 को पंचायत समिति के निर्वतमान प्रधान निशान सिंह सिधु, जिला परिषद की निर्वतमान डायरेक्टर मीनाक्षी खीचड, निर्वतमान सरपंच सुखजीत कौर, पंचायत समिति के निर्वतमान डायरेक्टर मघाराम की मौजूदगी में शिलान्यास कर आधुनिक भवन का निर्माण भी शुरू करवाया, जो पूर्ण होने के उपरांत रोगियों, अभिभावकों एवं स्टाफ को काफी राहत दे रहा है। यही नहीं इस केंद्र के अधीन निकटवर्ती गांवों के छह सब सेंटर्स भी लाभान्वित हो रहे हैं। गांव की पीएचसी से ही दवाइयां आदि पहुंचती हैं।

ये हैं पद स्थापित

केंद्र प्रभारी डॉ. राकेश चावला, नर्सिंग ऑफिसर पूजा एवं प्रदीप कुमार, एएनएम ममता, लैब टैक्नीशियन जगदीश, फार्मासिस्ट मुस्कान एवं दो सहायक कर्मी सरोज एवं शीशपाल, कंप्यूटर ऑपरेटर पंकज शर्मा तैनात हैं।

सीएमएचओ बोले: बेड और फर्नीचर की भेजी है डिमांड

सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि पीएचसी हो अथवा सब सेंटर सभी में अच्छी व्यवस्था करने के प्रयास किए जाते हैं। अमरगढ पीएचसी में नए बेड एवं फर्नीचर उपलब्ध करवाने के लिए स्टेट लेबल पर डिमांड भेजी हुई है। शीघ्र बेड और फर्नीचर उपलब्ध होने की उम्मीद है।

सुविधाओं से लैस भवन

आधुनिक सभी सुविधाओं से सुसज्जित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन में एसी युक्त चिकित्सक कक्ष, लेबर रूम, लेबोरेट्री, रोगी भर्ती वार्ड, टीकाकरण कक्ष, दवा वितरण खिडकी, दवा भंडारण कक्ष, एएनएम कक्ष के साथ-साथ पीने के पानी के लिए वाटर कूलर स्थापित किया गया है। खास बात यह भी रही कि रोगियों एवं स्टाफ के लिए महिला एवं पुरुष शौचालय के अलावा निशक्त जनों के अलग शौचालय की व्यवस्था भी की हुई है। एक रिहायशी क्वार्टर स्थापित किया हुआ है। सभी कक्षों एवं लॉबी में सिलिंग फेन एवं एसी तक लगवाए गए हैं। रोगियों, अभिभावकों एवं स्टाफ के लिए वाहन स्टैंड भी स्थापित है। परिसर में केंद्र स्टाफ द्वारा अपने स्तर पर गार्डन भी विकसित किया गया है, जिसमें लगे विभिन्न तरह के फूल महक रहे हैं। सिर्फ केंद्र में बैड एक होने के कारण भर्ती रोगियों को परेशानी का सामना करना पडता है।

प्रजापति वारियर्स बनी कुम्हार समाज क्रिकेट टूर्नामेंट चैंपियन

सीमा सन्देश# सूरतगढ़।

कुम्हार समाज क्रिकेट टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में प्रजापति वारियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चक्रा टाइटंस को 34 रन से पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में श्री यादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने विजेता टीम को ट्रॉफी व 21 हजार तथा उपविजेता चक्रा टाइटंस को ट्रॉफी के साथ 11 हजार रुपए की नकद राशि देकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। कुम्हार समाज समिति के



तत्वावधान में कुम्हार समाज क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित चार दिवसीय प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में चक्रा टाइटंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रजापति वारियर्स ने निर्धारित 10 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 154 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से रिंकू ने महज 13 गेंदों पर 49 रन की विस्फोटक पारी खेलकर मुकाबले का रुख अपनी टीम के पक्ष में कर दिया। प्रतियोगिता में कुनाल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। कपिल वर्मा को मैन ऑफ द सीरीज के खिताब से नवाजा गया। सुभाष को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज व सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार मिला। समापन समारोह में मुख्य अतिथि टाक ने कहा कि खेल आपसी भाईचारे, अनुशासन व सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम हैं। कुम्हार समाज के तहसील अध्यक्ष नत्थूराम कलवासिया व प्रजापति समाज के जिला उपाध्यक्ष हजारीलाल प्रजापत भी उपस्थित रहे।

श्मशान के लिए एक बीघा भूमि दान



सीमा सन्देश# रायसिंहनगर।

मानवता और सामाजिक सरोकार की एक मिसाल पेश करते हुए ग्राम पंचायत भोमपुरा के गांव 52 एनपी में एक परिवार ने अपने पूर्वजों की स्मृति को चिरस्थायी बना दिया। चक 70 आरबी निवासी सुलतानराम व जोधाराम तथा स्व. प्रेमराज की पत्नी पूर्व उपसरपंच विमला देवी उनके पुत्र राकेश व सुरेन्द्र ने अपने पूर्वज स्व. जिसूखराम डाल की स्मृति में कल्याण भूमि (श्मशान) के लिए एक बीघा नहरी भूमि दान की है। दानदाताओं ने समस्त ग्रामीणों की उपस्थिति में दान दी गई भूमि की रजिस्ट्री ग्रामीणों को सौंपी। भूमि दान के माध्यम से दोनों भाइयों ने अपने पिता की स्मृति को जनसेवा से जोड़ते हुए सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की। इस अवसर पर पूर्व सरपंच गंगासिंह डाल, सोहन लाल डाल, हरदीप सिंह, विद्यादेवी नायक, लालचंद नायक, मुखराम, बनवारी लाल, साधूराम मेघवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस नेक कार्य के लिए दानदाता परिवार का आभार जताया।

ईंट भट्ठे पर शुरू हुई निशुल्क पाठशाला



सीमा सन्देश# खाजूवाला।

शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षित कर समाज एवं देश की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से खाजूवाला में सामरदा फांटे के पास स्थित सियाग ईंट उद्योग पर निशुल्क उज्जवल पाठशाला की शुरूआत की गई। शुभारंभ पर 30 बच्चों का नामांकन किया गया तथा उन्हें निशुल्क शिक्षण सामग्री वितरित की। पाठशाला में बच्चों की प्रतिदिन नियमित कक्षाएं संचालित की जाएंगी। यहां बच्चों को अक्षर ज्ञान एवं बुनियादी शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक जीवन का ज्ञान भी दिया जाएगा। सुनील माहर ने बताया कि उज्जवल पाठशाला ईंट उद्योगों में मजदूरी करने वाले प्रवासी श्रमिक परिवारों के बच्चों के लिए शुरू की गई है। इन परिवारों को आर्थिक एवं सामाजिक परिस्थितियों के चलते कई आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाती हैं। मजदूर परिवार दिनभर मेहनत करके अपने परिवार की रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने में जुटे रहते हैं। ईंट उद्योग संचालक मेघराज सियाग ने कहा कि बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का यह बहुत ही नेक कार्य है। इस पुनीत कार्य में उनका पूर्ण सहयोग रहेगा। वहीं मुरली जी सर एवं विकास जी बंसल ने बच्चों के लिए शिक्षण सामग्री उपलब्ध करवाई। कार्यक्रम में हरजीराम, ओमप्रकाश धुंधवाल, उमाराम जाखड़ एवं राहुल उपस्थित रहे।

डेलवा गांव में क्रिकेट महाकुंभ 18 से



सीमा सन्देश# पदमपुर।

मां आशापुरा क्रिकेट लीग सीजन 3 का महाकुंभ 18 से 20 नवंबर को गांव डेलवा में आयोजित होगा। संभाग स्तरीय तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर सिंधी समाज के युवाओं की जालफा माता मंदिर धर्मशाला में पदमपुर व डेलवा पंचायत की संयुक्त बैठक पूर्व सरपंच मोहनलाल मीठिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष लालचंद बादलानी ,पूज्य भानुशाली सिंधी पंचायत अध्यक्ष तुलसी हंजवानी ,राजकुमार गजरा घनश्याम मीठिया णदमपुर एवं जीवतराम मिठिया , सुनील फुलिया, एस एल भदरा, तीर्थ नाखवा, लकी हरवानी, रमेश भदरा, प्रेम डामा , किशन बदरा, हीरालाल मठिया, नारायण मवानी, हीरा बदरा, मुकेश बदरा, राजकुमार बदरा, हीरालाल भदरा, नारायण दास गजरा, हरीश , रिंकू मिठिया, मुकेश गजरा ने बताया कि मां आशापुरा क्रिकेट लीग सीजन श्री के आयोजन से क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। आयोजक कमेटी के अनुसार खाजूवाला, रावला, घड़साना, अनूपगढ़, विजयनगर, रायसिंहनगर, सूरतगढ़, जैतसर, गंगानगर, करणपुर, केसरीसिंहपर ,अरायन, हनुमानगढ़ सहित अन्य स्थान से करीब 34 टीमे में भाग ले सकती है ।

उप प्राचार्या सुमन देवी को पीएचडी



सीमा सन्देश#अनूपगढ़।

खालसा पीजी कॉलेज अनूपगढ़ की उप प्राचार्य सुमन देवी को पीएचडी की उपाधि मिली है। श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय, हनुमानगढ़ के दीक्षांत समारोह में सुमन देवी को इतिहास विषय में डॉक्टर ऑफ फिलासफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने राजस्थान के थार मरुस्थल में पारंपरिक पर्यावरण संरक्षण और प्रबंधन प्रथाओं का इतिहास विषय पर शोध किया है। समारोह में मुख्य अतिथि स्वामी ओम दास जी महाराज, हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश मनोज कुमार गर्ग, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के उपाध्यक्ष प्रो. कुलदीप चंद्र अग्निहोत्री सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति और गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। उनकी उपस्थिति में सुमन देवी को डिग्री एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उप प्राचार्य सुमन देवी की इस उपलब्धि पर परिवार, स्टाफ और शुभचिंतकों ने खुशी जताई।

गंगनहर का वरीयताक्रम



02 नवम्बर 2026, सोमवार [सम्भावित]

पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
एफ	753 (8)	26 अक्टूबर रात्रि 12 बजे	03 नवम्बर सायं 6 बजे
केके	766 (7)	27 अक्टूबर प्रातः 9 बजे	03 नवम्बर सायं 6 बजे
एलएनपी	1043 (4)	30 अक्टूबर प्रातः 3 बजे	06 नवम्बर रात्रि 9 बजे
ईईए	1103 (4)	30 अक्टूबर प्रातः 9 बजे	06 नवम्बर सायं 6 बजे
बीबी	1301 (2)	01 नवम्बर प्रातः 3 बजे	08 नवम्बर सायं 6 बजे
एमके	1399 (2)	01 नवम्बर प्रातः 3 बजे	08 नवम्बर दोपहर 12 बजे
एच	1706		
वाई	1737		
जैड	1892		
डी-भागसर	1910		
बीआईएफ+जे	1951		
पीएस	2111		
समेजा	2313		
आरबी	2583		
एचएच	2618		
रिडमलसर	2629		
फार्म	2690		
करणीजी	3020		01 नवम्बर प्रातः6 बजे
एमएलए	3061		30 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
एमएल	3121		30 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
नेतेवाला	3142		29 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
हिरणावाली	3164		29 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
जीजी	3365		29 अक्टूबर सायं 6 बजे

नोट : गंगनहर में रविवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1628 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	6370	साहवा	250
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	2550
एनडी	निल	कंवरसैन	512
रावतसर	55	बिरधवाल हैड से नीचे	2407
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

रविवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 01.11.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1632.70
पानी की आवक - 9037 क्यूसेक, निकासी- 8400 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1359.72
पानी की आवक- 3064 क्यू., निकासी- 9003 क्यू., बीकानेर - 2169

सार्दुल ब्रांच 785, करणीसिंह ब्रांच- 415, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

28 अक्टूबर से 05 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

रतनपुरा	42	नवां-सतीपुरा	987
नाथवाना	73	मोरजण्डा	1200
प्रतापपुरा	248	नगराना	1208
हरिपुरा	261	लीलांवाली	1448
दीनगढ़	274	भाखरांवाली	1453
सूरतपुरा	283	करनीसिंह	1783
मोडिया	508	मम्मड़खेड़ा	1978
पीलीबंगा	653	जोड़कियां	2058
लोंगवाला	868	सूरतगढ़	2178
अमरपुरा	963	भगतपुरा	2216
रोड़ांवाली	976	संगरिया	2222

अहोई अष्टमी पर रखा व्रत

सीमा सन्देश#सूरतगढ़। संतान की लंबी आयु, सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना को लेकर माताओं ने अहोई अष्टमी का व्रत श्रद्धा व आस्था के साथ रखा। इस दौरान महिलाओं ने परंपरानुसार अहोई माता की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-शांति और संतान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। व्रत रखने वाली महिलाओं ने दिनभर उपवास रखकर शाम को अहोई माता की कथा सुनी और विधि-विधान से पूजा की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अहोई अष्टमी का व्रत संतान की दीघार्यु व खुशहाली के लिए रखा जाता है।

पटेल जंयती मनाई



सीमा सन्देश# श्रीकरणपुर। लोह पुरुष भाई वल्भ भाई पटेल की जयंती पर पुलिस थाना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सीएलजी सदस्यों के साथ मीडिया क्षेत्र से जुड़े लोगों को भी बुलाया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिल्ली में आयोजित किए गए कार्यक्रम का लाईव प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम में सीआई सीर कौर, ए एस आई बाबू खान व गुरमेल सिंह ने आदि उपस्थित रहे।

खुंखार कुत्ते ने बच्चे पर किया हमला, कान काट खाया



सीमा सन्देश # सादुलशहर। गांव गद्दरखेडा के निमार्णाधीन आईटीआई कॉलेज के समीप हड्डा रोडी के एक खूंखार कुत्ते ने कॉलेज में कार्य करने वाले एक श्रमिक बलविंद्र सिंह-मनप्रीत कौर दंपती के मासूम चार वर्षीय पुत्र ओंकार सिंह को काट खाया। इसे तुरंत सादुलशहर के राजकीय उप जिला अस्पताल लाया गया। यहां रेबीज के इंजेक्शन तथा प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया गया। बलविंद्र सिंह ने बताया कि मासूम ओंकार सिंह खेलते हुए जैसे ही कॉलेज भवन से बाहर निकला एक कुत्ते ने हमला कर दिया। रोने-चिल्लाने की आवाज पर वे चिल्लाते हुए बाहर आए और कुत्ते को भगाने का प्रयास किया परंतु वह बालक के कान के टुकडे को ही खा गया। बलविंद्र सिंह ने यह भी बताया कि घटना के उपरांत खूंखार कुत्तों के कारण वह परिवार सहित गांव छोड़कर अपने मूल गांव रिडमलसर जा रहा है।

स्व. पवन गोदारा की पुण्यतिथि पर लगे शिविर में 35 यूनिट रक्तदान



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। स्व. पवन गोदारा की प्रथम पुण्यतिथि पर ट्रॉमा सेंटर में गोदारा परिवार के तत्वावधान तथा महावीर इंटरनेशनल के सहयोग से 209वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 35 यूनिट रक्त संग्रह कर दिवंगत पवन गोदारा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिविर का शुभारंभ दिनेश गोदारा एवं ममता गोदारा ने रक्तदान कर किया। नर्सिंग अधिकारी अनिल गोदारा ने बताया कि राजकीय जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. हरविंदर सिंह के निर्देशन में काउंसलर मेजर सिंह, नर्सिंग अधिकारी मुन्नी चौधरी एवं उनकी टीम ने रक्त संग्रह किया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उप जिला चिकित्सालय प्रभारी डॉ. सुभाष महर्षि, पूर्व पालिकाध्यक्ष परसराम भाटिया, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष मैना रानी, माकपा सचिव सखी मोहम्मद, भानु गोदारा, नरेश रिणवा, प्रवीण भाटिया, डॉ. मांगीलाल लेघा, डॉ. संदीप सुथार, डॉ. सपना बवेजा, डॉ. संदीप बिश्नोई, राजाराम सियाग, पृथ्वीराज जाखड़, भारत भूषण शर्मा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। शिविर के सफल आयोजन में महावीर इंटरनेशनल एवं समाजसेवियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए भेजे, रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने सूरतगढ़ सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि सूरतगढ़ में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेतराम खुड़िया ने गुरु कृपा ऑयल एंटरप्राइजेज से मूंगफली (तर्पण ब्रांड) एवं खुले सरसों के तेल के नमूने लिए। अन्य स्थानों से खाद्य तेल, दूध, मिर्च पाउडर, भुजिया, गुड़ और पैक्ड मैदा के नमूने भी एकत्र किए गए। जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया कि केवल नमूना लिए जाने से किसी उत्पाद को मिलावटी नहीं माना जा सकता। आमजन से खाद्य पदार्थ खरीदते समय गुणवत्ता, पैकिंग और एक्सपायरी तिथि जांचने की अपील की गई है।

मिलावट संबंधी शिकायतें व्हाट्सएप नंबर 9351504313 पर दर्ज कराई जा सकती हैं।

छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण



सीमा संदेश # रतनगढ़। पीएमश्री भगवानदेवी भुवालका राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की 153 छात्राओं ने हरित स्कूल अभियान के तहत शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने सीकर स्थित स्मृति वन, नेहरू उद्यान म्यूजियम, लक्ष्मणगढ़ नेचर पार्क, मोदी विश्वविद्यालय लक्ष्मणगढ़ तथा फतेहपुर के एक अस्पताल का अवलोकन किया। साथ ही अपने ट्रेड आईटी एवं आईटीईएस तथा हेल्थ केयर ट्रेड से संबंधित व्यावहारिक जानकारी भी हासिल की। विद्यालय से भ्रमण दल को प्रधानाचार्य गोपाल कंवर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भ्रमण दल में प्रधानाचार्य नीतू वर्मा, हरिराम मेघवाल, महेंद्र डूडी, सुनील कुमार, रविप्रकाश शर्मा, उस्मान गनी, पूनम कुमारी, जगदीशप्रसाद शर्मा, पूजा प्रजापत, सुशीला देवी, निर्मला जाट, उषा शर्मा, अनिल कुमार, अरबाज खान एवं बिमला देवी शामिल थीं।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर विशेष कार्यक्रम



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। स्व. गुरुशरण छाबड़ा राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया गया। विवेकानंद सभागार में हुए कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. उग्रसेन सिहाग ने सरदार पटेल की देशी रियासतों के एकीकरण में ऐतिहासिक भूमिका और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के देश विकास में योगदान पर प्रकाश डाला।

राजस्थान 12 योजनाओं में देश में प्रथम, 10 में द्वितीय और 8 कार्यक्रमों में तृतीय रहा

राष्ट्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में राजस्थान का उत्कृष्ट प्रदर्शन : सीएम

सीमा सन्देश # जयपुर



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में राजस्थान के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और दूरदर्शी नेतृत्व से प्रेरित होकर राज्य सरकार विकास, सुशासन, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, स्वच्छता और जनकल्याण के क्षेत्रों में लगातार बेहतर कार्य कर रही है।

डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां : मुख्यमंत्री ने बताया कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से राजस्थान ने राष्ट्रीय स्तर पर 12 योजनाओं एवं कार्यक्रमों में प्रथम, 10 में द्वितीय और 8 में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि प्रशासनिक दक्षता, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और केंद्र-राज्य समन्वय का परिणाम है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2025 में 2.18 करोड़ और रबी 2025-26 में 1.71 करोड़ पॉलिसियों के साथ राजस्थान देश में पहले स्थान पर रहा। वहीं, पीएम-कुसुम योजना के कंपोनेंट-ए के तहत अक्षय ऊर्जा स्थापना और कंपोनेंट-सी के तहत सौरकृत फीडरों की संख्या में भी राज्य ने अग्रणी स्थान हासिल किया है।

स्वच्छता, योग और जनभागीदारी में भी उपलब्धि : मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 पर राजस्थान में 62 हजार 915 स्थानों पर 85 लाख से अधिक लोगों की भागीदारी दर्ज की गई, जो देश में सर्वाधिक रही। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 और पोषण पखवाड़ा 2026 की गतिविधियों में भी राजस्थान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि फिट इंडिया फ्रीडम रन 2024 के तहत देशभर में आयोजित 10 हजार 443 कार्यक्रमों में से छह हजार से अधिक आयोजन राजस्थान में हुए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान 11 हजार 209 शिविरों के माध्यम से 5.94 लाख उज्ज्वला कनेक्शन उपलब्ध कराकर राज्य ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

स्वास्थ्य, खनन और सामाजिक क्षेत्र में भी सम्मान : मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती आबा जनभागीदारी अभियान में राजस्थान को बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट का पुरस्कार मिला। वर्ष 2025 में अंगदान एवं प्रत्यारोपण के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करना भी बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन का विशेष पुरस्कार और खनिज ब्लॉकों की नीलामी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि केंद्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और राजस्थान सुशासन एवं विकास के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान मजबूत करे।

शानदार क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन



सीमा सन्देश # सादुलशहर। गांव खेरूवाला में बाबा बुदन शाह क्लब के तत्वावधान में मरहूम नजर हुसैन एवं छिंदरपाल (मलिंगा) की स्मृति में आयोजित शुद्ध ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रदीप खीचड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदीप खीचड़ ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से युवाओं की प्रतिभा को निखरने का अवसर मिलता है। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बाबा बुदन शाह क्लब, आयोजकों एवं ग्रामवासियों की सराहना की। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31 हजार रुपये तथा द्वितीय पुरस्कार 17 हजार रुपये रखा गया था। इसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज के लिए विशेष सरप्राइज पुरस्कार तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए भी पुरस्कार निर्धारित किए गए थे। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रदीप खीचड़ ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर समस्त ग्रामवासियों को बधाई दी।

पंचायतीराज चुनाव तैयारियों की समीक्षा

सीमा सन्देश # चूरू। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तृतीय चरण के मतदान को लेकर निर्वाचन पर्यवेक्षक डॉ. महेन्द्र खड़गावत ने रविवार को सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने और कानून-व्यवस्था पर सतत निगरानी रखने को कहा।

जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने निर्वाचन तैयारियों की जानकारी दी, जबकि पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने सुरक्षा व्यवस्थाओं से अवगत कराया।

प्रतिभावान विद्यार्थियों को 16 लाख 20 हजार रुपए के चेक वितरित



सीमा सन्देश# रायसिंहनगर। नवीन आस्था विकास समिति द्वारा जरूरतमंद एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से रविवार को एमडी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 16 लाख 20 हजार रुपये के चेक विद्यार्थियों को प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि बीएसएफ कमांडेंट के.के. सिंह रहे। कार्यक्रम में नवीन आस्था विकास समिति के अध्यक्ष कुलभूषण गोस्वामी, एमडी गर्ल्स कॉलेज के प्राचार्य सत्यनारायण शर्मा, डॉ. मंगत बादल, राजेंद्र गोदारा, समिति के कोषाध्यक्ष बलराम टाक, सचिव रविन्द्र सिंह, यंग प्रकाश जोहिया, बलतेज सिंह पीटीआई, हर प्रभु आसरा समिति के मुखिया हरि सिंह खालसा, सीए बलवीर सिंह, सुनील अरोड़ा, हरि कृष्ण गोसाई, सरोज गोस्वामी, ध्रुव कुमार कटारिया, प्रितपाल सिंह बेदी, गुरिंदर शाह, पर्यावरण प्रेमी पन्नालाल, कृष्ण लाल तालनिया, राजेन्द्र गोठवाल, प्रधानाचार्य रामकुमार बोला, सुरेश अरोड़ा, ईशान कुमार, किरण बादल तथा रेणुका सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने समिति के इस सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्य की सराहना की। जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता के लिए समिति का यह प्रयास समाज में शिक्षा, सहयोग एवं सेवा भावना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

भारत स्काउट गाइड का राज्य पुरस्कार जांच शिविर, 142 गाइड और 34 रेंजर दे रहे परीक्षा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय भगतसिंह चौक पर 2 नवंबर तक राज्य पुरस्कार गाइड एवं रेंजर जांच शिविर आयोजित किया जा रहा है। सीओ स्काउट इंद्राज सुथार ने बताया कि शिविर में श्रीगंगानगर जिले के विभिन्न विद्यालयों से 142 गाइड एवं महाविद्यालयों से 34 रेंजर परीक्षा दे रही है। गाइड विभाग में मुख्य जांच परीक्षक सहायक लीडर ट्रेनर गाइड संतोष एवं रेंजर में मोनिका यादव सीओ गाइड को राज्य मुख्यालय द्वारा लगाया गया है।

शिविर के दौरान दूसरे दिन बीकानेर मंडल के सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट रामजस लिखाला ने शिविर का अवलोकन कर परीक्षाओं की व्यवस्था का जायजा लिया और व्यवस्थाओं को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुछ सुझाव भी साझा किए। शिविर में सहायक लीडर ट्रेनर पूनम रानी, संजय कुमारी, राखी , रजनी, सुषमा,सुमन, वीणा कुमारी, गुरप्रीत कौर, मीना शर्मा, सुनीता शर्मा एवं अन्य सहायक स्टाफ के रूप में राज्य पुरस्कार की जांच परीक्षा में अपना सहयोग प्रदान कर रहे है। सीओ गाइड मोनिका यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में राज्य पुरस्कार उत्तीर्ण करने वाली गाइड और रेंजर को आगामी 22 फरवरी को जयपुर में आयोजित राज्य पुरस्कार अवार्ड रैली में राज्यपाल महोदय द्वारा राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जावेगा। स्काउट गाइड के प्रधान एडवोकेट विनोद गोयल ने बताया कि श्रीगंगानगर जिले से इतनी अच्छी संख्या में राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा में गाइड्स और रेंजर का भाग लेना अच्छा संकेत है कि हमारी बेटियां भी किसी से कम नहीं है।

पर्यावरण संरक्षण का दिलाया संकल्प

सीमा सन्देश # चूरू। मिशन लाइफ के तहत रविवार को नेचर पार्क में ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक का जिला स्तरीय शुभारंभ हुआ। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई और स्काउट-गाइड की जागरूकता रैली को रवाना किया। उन्होंने जल संरक्षण, ऊर्जा बचत, प्लास्टिक के कम उपयोग और स्वच्छता को सतत जीवनशैली का आधार बताया। डीएफओ संदीप कुमार ने बताया कि 1 से 7 नवंबर तक चलने वाले अभियान में जल संरक्षण, ऊर्जा बचत, ई-कचरा प्रबंधन और एकल उपयोग प्लास्टिक से बचाव सहित सात विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समारोह में विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्काउट-गाइड और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पदमपुर व डाबला के पीएमश्री विद्यालयों में हुए नवाचार सांझा

सीमा सन्देश # पदमपुर। शिक्षा विभाग के टिचिंग ऑफ स्कूल्स (अन्य विद्यालयों के साथ साझेदारी) कार्यक्रम के तहत पीएम श्री राजकीय बाउ माध्यमिक विद्यालय, पदमपुर की छात्राओं के दल ने पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, डाबला का शैक्षिक भ्रमण किया। कार्यक्रम प्रभारी दिलदीप कौर रहीं तथा भ्रमण दल का नेतृत्व पदमपुर विद्यालय की प्रधानाचार्य पुष्पा पांडे ने किया। अतिथि के रूप में शहीद कैप्टन नवपाल सिंह सिद्धू राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की उप प्रधानाचार्य रितु गेरा उपस्थित रहीं। डाबला पहुंचने पर मेजबान विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र सहारण एवं समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा विजिटिंग टीम को विद्यालय की विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों, बेहतरीन कार्यप्रणालियों और नवाचारों से विस्तारपूर्वक परिचित करवाया। भ्रमण के दौरान दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों के मध्य इंटर-स्कूल प्रतियोगिताओं का भी शानदार आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में निबंध लेखन, वाद-विवाद और विभिन्न खेलकूद गतिविधियां शामिल रहीं, जिनमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय की गतिविधियों के पश्चात विद्यार्थियों और स्टाफ के दल ने प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल गुरुद्वारा बुड्ढा जोहड़ के भी दर्शन किए तथा वहां के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी प्राप्त कर गुरुघर का आशीर्वाद लिया। इस महत्वपूर्ण शैक्षिक भ्रमण और साझेदारी कार्यक्रम में पदमपुर विद्यालय से कार्यक्रम प्रभारी दिलदीप कौर के साथ व्याख्याता निशा, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक सुखविंदर राम, वरिष्ठ सहायक रविता कुमारी और एनटीटी शिक्षिका पायल शर्मा उपस्थित रहीं।



अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था करने, सीसीटीवी कैमरे चालू रखने की अपील



सीमा संदेश # रामसिंहपुर। दीपावली पर्व के मद्देनजर कस्बा मंडी रामसिंहपुर में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस थाना में व्यापारियों एवं विभिन्न प्रतिष्ठान संचालकों की बैठक हुई। अध्यक्षता थानाधिकारी रामप्रताप वर्मा ने की।

इस दौरान दीपावली के दौरान बाजार में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं आगजनी की घटनाओं से बचाव को लेकर चर्चा हुई। थानाधिकारी वर्मा ने व्यापारियों से सीसीटीवी कैमरे चालू रखने तथा रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने की अपील की। उन्होंने दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था सुनिश्चित करने और आगजनी से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए।

थानाधिकारी ने पटाखा व्यापारियों को निर्देशित किया कि आतिशबाजी एवं पटाखों की बिक्री केवल नियमानुसार अधिकृत स्थानों पर ही की जाए।

प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री एवं भंडारण नहीं किया जाए तथा पटाखों की दुकानों पर अग्नि सुरक्षा संबंधी नियमों की पालना सुनिश्चित की जाए। ज्वलनशील पदार्थों को सुरक्षित दूरी पर रखने के भी निर्देश दिए गए। त्योहार के दौरान बाजार में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए व्यापारियों से दुकानों के सामने अनावश्यक अतिक्रमण नहीं करने तथा यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की गई।

थानाधिकारी ने कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु अथवा गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। बैठक में उपस्थित व्यापारियों एवं प्रतिष्ठान संचालकों ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

स्नेहपूर्वक पल जीवन में खुशियों का संचार करते हैं: बी के वंदना



सीमा सन्देश # पदमपुर। ब्रह्माकुमारीज सेंटर पर दीपावली स्नेह मिलन आयोजित किया गया। नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष, पार्षद एंव व्यापार मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे। बी के वंदना ने कहा खुशियों का यह पर्व सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम है जो आध्यात्मिक व भारतीय परंपराओं से जुड़ा है। आज के भागदौड़ जीवन में स्नेह पूर्वक पल हमारे जीवन में खुशियों का संचार करते हैं जिससे हमारी तनाव भरी जिंदगी में खुशी व उमंग का नया परिवर्तन नजर आने लगता है। किड्स पैराडाइज कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा मुस्कान परनामी के मार्गदर्शन पर मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन पर आधारित झांकी प्रस्तुत की गई। नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र नारंग ने कहा कि नगर के सभी पार्षद मिलकर शहर को स्वच्छ बनाने में अपना भरपूर योगदान दे रहे हैं, आवश्यकता है मन की सफाई की जिसके बिना स्वच्छ नगर की कल्पना नहीं कर सकते। व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय कालड़ा ने ब्रह्मकुमारीज के इतने बड़े नेटवर्क की प्रशंसा की। वाइस चेयरमैन परविंदर सिंह संधू, राधेश्याम, राहुल मित्तल, मलकीत सोनी, संदीप मिड्ढा, संदीप सोनी एवं कांग्रेस नगर अध्यक्ष एवं पार्षद राजकरण गिल, सुरेश मित्तल (हैप्पी) निशु फंडा, रेखा, सरस्वती देवी अक्षय कुमार डोली, मनोहर सोनी, ज्योति रानी, येतेंद्र राणा, राजकुमार बाजीगर सहित बड़ी संख्या में नगर के प्रमुख व्यक्ति दीपावली स्नेह मिलन में उपस्थित रहे।

पूनाराम अध्यक्ष व सोमन सचिव निर्वाचित



सीमा सन्देश # खाजूवाला। अनाज मंडी पल्लेदार लेबर यूनियन सीटू तहसील कमेटी खाजूवाला, बीकानेर के चुनाव रविवार को हुए। यूनियन के पल्लेदार श्रमिकों की ओर से दूसरी बार चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाई गई।

चुनाव में सर्वसम्मति एवं श्रमिकों की सहमति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव में पूनाराम को अध्यक्ष, सोमन यादव को सचिव तथा जागीर सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। महेंद्र को उपाध्यक्ष और विजय को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा पुनाराम को प्रचार मंत्री बनाया गया। कार्यकारिणी में अन्य सदस्यों को भी जिम्मेदारियां दी गईं। इस अवसर पर अनाज मंडी के पल्लेदार श्रमिकों ने भाग लिया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने श्रमिकों के हितों की रक्षा करने, उनकी समस्याओं को प्रशासन एवं मंडी प्रशासन के समक्ष उठाने तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए मिलकर कार्य करने की बात कही।

आंजनेय शर्मा का राजस्थान अंडर-16 क्रिकेट टीम में चयन



सीमा सन्देश#चूरू। जिले के छापर निवासी युवा क्रिकेट खिलाड़ी आंजनेय शर्मा का बीसीसीआई की अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए राजस्थान क्रिकेट टीम में चयन हुआ है। प्रतियोगिता 14 नवंबर से लखनऊ में शुरू होगी। इसमें आंजनेय राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

आंजनेय इससे पहले अंडर-16, अंडर-19 और अंडर-23 आयु वर्ग की विभिन्न प्रतियोगिताओं में चूरू जिले की टीम के लिए खेल चुके हैं। इन मुकाबलों में उन्होंने गेंदबाजी, बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। उनके राजस्थान टीम में चयन पर छः न्याति ब्राह्मण महासंघ जिला अध्यक्ष महेश बावलियां, सरदारशहर अध्यक्ष शम्भू दयाल पांडिया, महामंत्री अभिषेक पारीक, छापर अध्यक्ष श्यामलाल पारीक जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष पराक्रम सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष मनोज गढ़वाल एवं संयुक्त सचिव मुरलीलाल शर्मा सहित खेलप्रेमियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

जानिए जिले की किस पंचायत समिति में जिला परिषद के कौन-कौन से जोन आते हैं, राजनीतिक पार्टियों ने प्रचार में ताकत झौंकी

यह हैं श्रीगंगानगर जिला परिषद के 39 जोन; 9 जोन में कल किया जाएगा मतदान

रेवती रमण शर्मा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। जिले में जिला परिषद के डायेक्टर चुनने के लिए मंगलवार 3 नवम्बर को मतदान करवाया जाएगा। इसकी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी मतदाताओं से सम्पर्क साधने में जुटे हुए हैं। 3 नवंबर को सूरतगढ़, श्रीविजयनगर और राजियासर पंचायत समिति के 9 जिला परिषद जोन के चुनाव होंगे।

जिला परिषद के जोन की बात करें तो श्रीकरणपुर पंचायत समिति के अधीन जोन नं. 1, 2 व 39 आते हैं। पदमपुर पंचायत समिति के अधीन जोन नं. 25,26,27 व 28 आते हैं। रायसिंहनगर पंचायत समिति के अधीन जोन नं. 3, 4, 5, 23 व 24 आते हैं। अनूपगढ़ पंचायत समिति के अधीन जोन नं. 6, 7, 12 व 13 जोन आते हैं। घड़साना पंचायत समिति के अधीन जोन नं. 8, 9, 10 व 11 हैं। श्रीबिजयनगर पंचायत समिति के अधीन जोन नं. 14,15 व 22 हैं। राजियासर पंचायत समिति के अधीन जोन नं. 16 व 17 हैं। सूरतगढ़ पंचायत समिति के अधीन जोन नं. 18, 19, 20 व 21 हैं। सादुलशहर पंचायत समिति के अधीन जोन नं. 29, 30, 31 व 32 हैं। श्रीगंगानगर दक्षिण पंचायत समिति में जोन नं. 33 व 34, श्रीगंगानगर उत्तर पंचायत समिति के अधीन जोन नं. 35, 36 व 37 हैं। जोन नं. 38 ऐसा है, जो श्रीगंगानगर उत्तर व दक्षिण दोनों पंचायत समितियों में बंटा हुआ है। इसी तरह जोन नं. 24 भी ऐसा है, जो रायसिंहनगर व श्रीकरणपुर विधानसभा क्षेत्र में बंटा हुआ है।

इन पंचायतों से बने हैं ये जोन

■ **जोन नं. 1 :** ग्राम पंचायत 14 एस माझीवाला, 36 एच नग्गी, रड़ेवाला, 42 एच, मौड़ां, 15 ओ, 2 डब्ल्यू गुरुसर, दलपतसिंहपुर, 8 वी, धनूर, 2 एक्स व लखियां।

■ **जोन नं. 2 :** ग्राम पंचायत रूपनगर, माणकसर, 48 जीजी श्रीनगर, 43 जीजी खरलां, 9 एफएफ बड़ोपल, मुकन, 2 एफएफए, मोटासर खूनी, 9 एफए माझीवाला, 14 एफएफ, 61 एफ, 56 एफ, 52 जीजी गुलाबेवाला।

■ **जोन नं. 3 :** ग्राम पंचायत लखाहाकम, संगराना, 71 आरबी, ख्यालीवाला, थांदेवाला, लुहारा, खाटां, फौजूवाला, कंवरपुरा, भदवांवाला।

■ **जोन नं. 4 :** ग्राम पंचायत ठाकरी, 22 पीएस, भोमपुरा, बगीचा, नानूवाला, सांवतसर, लिखमेवाला, 30 पीएस ए, 43 पीएस, 40 एनपी।

■ **जोन नं. 5 :** ग्राम पंचायत 68 एनपी, मोहकमवाला (9-10 केएसडी), श्यामगढ़, समेजा, 22 पीटीडी बी, 75 एनपी, 6/8 एलपीएम, सरदारपुरा बीका, 6 पीटीडी बी, 2 एलपीएम (छोटा लालपुरा), बरूवाला (2 बीडब्ल्यूएम)।

■ **जोन नं. 6 :** ग्राम पंचायत 1 एलएसएम (बांडा कॉलोनी), 4 एसपीएस (सलेमपुरा), 21 एसजेएम (खोखरांवाली), 30 एपीडी, 90 जीबी, 4 केएसएम बांडा (सिराजसर), 4 एलएसएम, 7 एपीएम-ए, 19/21 एपीडी, 87 जीबी, 4 एमएसआर।

■ **जोन नं. 7 :** ग्राम पंचायत 27 ए, 8 के बी, 18 पी, 12 एच (हिशामकी), 15 ए बी, 5 पी, 6 एच, 11 पी पतरोड़ा, 22 ए ए, 6 पी।

■ **जोन नं. 8 :** ग्राम पंचायत 13 एमडी ए, 17 एमडी ए, 2 जीडी बी, 9 एमडी, 1 एसकेएम बी, 12 एमएलडी ए, 2 जीएम बी, 22 एमडी, 5 एमडी बी, 6 एसकेएम ए, 19 जीडी।

■ **जोन नं. 9 :** ग्राम पंचायत 10 केडी, 12 केएनडी, 13 डीओएल ए, 7 केएनडी ए, 8 केएनडी, 10 डीओएल, 17 केएनडी ए, 2 केएलडी, 2 केएनडी, 12 केडी, 1 केवाईडी, 3 केवाईडी।

■ **जोन नं. 10 :** ग्राम पंचायत 1 केएलएम, 22 आरजेडी, 2 आरकेएम ए, 4 केपीडी, 5 पीएसडी ए, 8 पीएसडी बी, 9 पीएसडी ए, 2 एमजीएम बी, 6 पीएसडी सी।

■ **जोन नं. 11 :** ग्राम पंचायत 2 केएम, 3-4 आरएसएम, 7 एमएलडी बी, 5 एमएलडी ए, 1 एमएलके सी, 3 एमएलडी बी, 2 एमएलडी ए, 6 जेडडब्ल्यूएम, 6 डीडी, 1 जीडी ए, 9 डीडी,

■ **जोन नं. 12 :** ग्राम पंचायत 3 एनडी, 11/12 एनडी (नाहरांवाली), 20 एलएम (लूणिया), 4 एलएम, 9 एलएम बी, 15 एलएम, 3 एनएम(ढाबां), 1 एनडब्ल्यूएम, 6 एनडी, 4 ए, 61 जीबी, 4 केएएम (खाल)।

■ **जोन नं. 13 :** ग्राम पंचायत 11 एसजेएम बी, 14 एपीडी (कमरानियां), 7 एसजेएम, 2 पीजीएम बी, 65 जीबी, 54 जीबी, 59 जीबी (रामसिंहपुर), 72 जीबी, 74 जीबी, 68/2 जीबी, 78 जीबी।

■ **जोन नं. 14 :** ग्राम पंचायत 15 बीएलडी (रतनेवाला), 48 जीबी ए (रेडबग्गी), 7 एपीडी (भातीवाला), 6 एपीडी, 12 बीएलएम ए, गोमांवाली, 10 एएस, 42 जीबी, 17 जीएम, 5 एएस (मोटासर), 16 एएस (कूंपली), 50 जीबी।

■ **जोन नं. 15 :** ग्राम पंचायत 6 बीएलएम, 14 बीजीडी, 4 बीएलडी, 8 एसटीबी, 10 बीएलएम ए (बिलौचिया), 29 जीबी (शिवपुरी), 28 जीबी, 17 जीबी, 20 जीबी, 33 जीबी, 24 जीबी, 8 बीजीडी, 3 केएसडी, 1 एनजेडएम ए।

■ **जोन नं. 16 :** ग्राम पंचायत लालगढ़िया (4 एलजीएम), 1 एएस, भोपालपुरा, हिंजरासर, बीरमाना, बख्तावरपुरा, गोविंदसर, गोपालसर, रघुनाथपुरा, हरदासवाली, 1 एलएम, गुडली, मालेर, हरिसिंहपुरा, 6 डीडब्ल्यूएम।

■ **जोन नं. 17 :** ग्राम पंचायत उदयपुरा गोदारान, राजियासर स्टेशन, राजियासर गांव, सांवलसर, रत्तासर, देईदासपुरा, मोकलसर, ठुकराना, सिंगरासर, करडू, रायांवाली।

■ **जोन नं. 18 :** ग्राम पंचायत राजपुरा पिपेरन, रंगमहल, सरदारपुरा खर्था, भोजेवाला, ऐटा, ठेठार, भैंरूपुरा उर्फ सीलवानी, अमरपुरा जाटान।

■ **जोन नं. 19 :** ग्राम पंचायत 2 एपी, मानकसर, जानकीदासवाला, पदमपुरा, 13 एसडी, 2 एसडी, 7 एसजीएम, भगवानसर, 8 एसएचपीडी, 2 एसएचपीडी।

■ **जोन नं. 20 :** ग्राम पंचायत 15 एसजीआर, संघर, ढाबां झलार, रामसरा जाखड़ान, 4 केएसआर (श्योपुरा), 17 एसटीबी पालीवाला, 28 पीबीएन।

■ **जोन नं. 21 :** ग्राम पंचायत रामपुरा न्यौला, निरवाना, सरदारपुरा बीका, भगवानगढ़, मानेवाला, घर्मंडिया, गुरुसरमोडिया, सादकवाला, फरीदसर, किकरवाली जोहड़ी, सरदारगढ़।

■ **जोन नं. 22 :** ग्राम पंचायत 10 सरकारी, 19 एसडी, 12 जीबी, 6 बीजीडी, 5 जीबी बी, 2 जीबी ए, 7 जीबी, 1 एमएसडी (मघेवाली ढाणी), 3 जेएसडी, 4 जेएसडी (बुगिया), 3 एसएडी (मसानीवाला), 1 जीबी ए (जैतसर)।

■ **जोन नं. 23 :** ग्राम पंचायत बाजूवाला, 5 टीके, डाबला, 5 टीके, डाबला, मालसर, ठंडी, सतजण्डा, करड़वाली, 6 जेकेएम, हरिपुरा, 11 टीके, 19 एनपी, 12 एनआरडी, 35 एमएल।

■ **जोन नं. 24 :** ग्राम पंचायत उड़सर, किकरवाली, 7 पीएस, झोटांवाली, 3 एमके, 16 पीएस, मुकलावा, गंगूवाला, 10 टीके, 28 एमएल बी, 66 आरबी।

■ **जोन नं. 25 :** ग्राम पंचायत 1 पीएस, 3 आरबी ए, 32 आरबी (फकीरवाली), 39 आरबी, 51 आरबी (तामकोट), 69 एलएनपी, 75 एलएनपी (रतनपुरा), जीवनदेसर, 60 एलएनपी (रिड़मलसर)।

■ **जोन नं. 26 :** ग्राम पंचायत 35 बीबी, 4 डीडी (डेलवां), 4 जेजे, 46 आरबी बी (राजपुरा), 5 बीबीए, 6 आरबी (जलौकी), 7 डीडी, 20 बीबी, 23 बीबी, 8 एनएन ए।

■ **जोन नं. 27 :** ग्राम पंचायत 5 केके, सावंतसर, 16 बीबी, 19 बीबी, 9 बीबी (रत्तेवाला), 37 जीजी (घुद्दूवाला), 4 एनएन (चानणा), 4 बीबी।

■ **जोन नं. 28 :** ग्राम पंचायत 54 एलएनपी, 83 एलएनपी, 34 एलएनपी, मांझूवास (52 एलएनपी), घमूड़वाली, फरसेवाला, 11 ईईए, बींझबायला, नरसिंहपुरा (49 एलएलडब्ल्यू)।

■ **जोन नं. 29 :** ग्राम पंचायत 9 टीकेडब्ल्यू, 15 एसपीएम (चौ. चेतरामवाला), ताखरांवाली, डूंगरसिंहपुरा, 16 एलएलजी (जोगीवाला), रोटांवाली, 13 एसडीपी (जमीयतसिंहवाला), सरदारपुराजीवन, मोरजंडखारी, मम्मड़खेड़ा, पन्नीवाली।

■ **जोन नं. 30 :** ग्राम पंचायत 4 एसडीपी (सुंदरपुरा), मन्नीवाली, किलांवाली, 8 बीजीएस (अबोहरिया), धर्मसिंहवाला, लालगढ़ जाटान, छापांवाली, बहरामपुरा बोदला।

■ **जोन नं. 31 :** ग्राम पंचायत 4 केआरडब्ल्यू (अमरगढ़), 30 पीटीपी (प्रतापपुरा), 24 पीटीपी (हाथियांवाली), करड़वाला, नूरपुरा, खेरूवाला, अलीपुरा, नारायणगढ़, खाटसजवार, 2 एलएलजी (चक केरा)।

■ **जोन नं. 32 :** ग्राम पंचायत 30 केएसडी (चमारखेड़ा), 25 केएसडी बी (पतली), 5 बीजीएस (दलियांवाली), गदरखेड़ा, हाकमाबाद, बुधरवाली, बनवाली, भागसर, चक महाराजका, तख्तहजारा बावरियान।

■ **जोन नं. 33 :** ग्राम पंचायत 9 एमएल, 8 एचएच, मनफूलसिंहवाला, लाधुवाला, महियांवाली, 4 एलएल, 5 एलएल, 21 जीजी, गणेशगढ़।

■ **जोन नं. 34 :** ग्राम पंचायत 11 एलएनपी, 4 जैड, 6 एलएनपी, 12 एलएनपी, 17 एमएल, 5 जी छोटी, नेतेवाला, 18 जीजी (गोविंदपुरा)।

-जोन नं. 35 : ग्राम पंचायत 18 एमएल, पक्की, कोठा, शिवपुर फतूही, मदेरां, हिन्दुमलकोट, ओड़की, दुल्लापुर केरी, महाराजा गंगासिंहपुर (शिवपुर हैड 500 एलएनपी)।

■ **जोन नं. 36 :** ग्राम पंचायत 3 वाई, साधुवाली, मोहनपुरा, कालियां, 9 जैड, खाटलबाना, 9 वाई।

■ **जोन नं. 37 :** ग्राम पंचायत संगतपुरा, रोहिड़वाली, कोनी, दौलतपुरा, 11 क्यू बख्ताना, मटीली राठान, 3 सी छोटी, मिर्जेवाला।

■ **जोन नं. 38 :** ग्राम पंचायत 10 जेड, 6 ए छोटी, जोधेवाला, 27 जीजी, चूनावढ़, 13 जी छोटी, 3 एच छोटी, साहिबसिंहवाला, 18 जेड, साहुवाला, ततारसर।

■ **जोन नं. 39 :** 3 ओ, 10 ओ तेजेवाला, धरिंगांवाली, 25 एफ गुलाबेवाला, 7 एस कीकरवाली, मलकाना कलां, मलकाना खुर्द, 12 एच मोहलां, अरायण, कमीनपुरा, फूसेवाला।

दोनों दलों से नाराज जाट हनुमान बेनीवाल की रालोपा की ओर दिखा सकते हैं झुकाव

श्रीगंगानगर जिले में भले ही मुख्य रूप से भाजपा, कांग्रेस व माकपा तीन ही दलों का बोलबाला रहा है, लेकिन कई बार चौथी ताकत या निर्दलीय भी बाजी मारने में पीछे नहीं रहे। छोटे चुनाव चूंकि व्यक्तिगत परिचय या प्रत्याशी की पहचान पर अधिक आधारित होते हैं। इन चुनावों में पार्टी की हवा उतना असर नहीं करती, जितना प्रत्याशी का परिचय, स्वभाव और व्यवहार असर करता है। राजस्थान के जाट नेता, सांसद हनुमान बेनीवाल की पार्टी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) का इस जिले में यूं तो कोई आधार नहीं रहा है, लेकिन इस बार हनुमान बेनीवाल इस इलाके में सक्रिय रहे और उन्होंने घड़साना किसान आंदोलन के दौरान पहुंचकर यहां के किसानों के आंदोलन को अपना समर्थन देते हुए अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करवाई। इसके साथ ही रालोपा इस जिले में चर्चा में आ गई। यहां रालोपा का जिला कार्यालय भी खुल गया और ग्रामीण क्षेत्रों में किसान भी उसके साथ जुड़ गए।

जिला परिषद श्रीगंगानगर के चुनाव में रालोपा ने जोन नं. 3 से सुमित्रा देवी, 5 से नीना देवी, 9 से चन्द्रकला, 10 से शशि वर्मा, 11 से रोशनी, 12 से भानीराम, 15 से वीरपाल कौर, 17 से महेन्द्रनाथ, 20 से दयाराम, 21 से राकेश कुमार, 23 से रोशनी कुमारी शर्मा, 24 से चरणजीत सिंह, 25 से नवीन सिराव, 28 से कृष्णादेवी, 33 से जसविंदरसिंह व 37 से परविंदर सिंह को प्रत्याशी बनाया है। यह अपने आप में मजेदार तथ्य है कि रालोपा ने केवल जाटों ही नहीं सभी समाजों के लोगों को अपना प्रत्याशी बनाते हुए जिला परिषद की 16 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारकर मुकाबले को रोचक बना दिया है। कहने को तो दूसरे दोनों प्रमुख दलों भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशी यह कह सकते हैं कि रालोपा का इस जिले में कोई आधार नहीं है, और वह एक भी सीट नहीं जीत रही। लेकिन जमीनी स्तर पर वास्तविकता यह है कि इन दोनों ही पार्टियों ने जिले के प्रमुख जाट नेताओं को अपने इलाके में टिकटों से वंचित कर दिया। यह वे जाट नेता हैं, जिनका गत चुनावों में पंचायत समितियों व जिला परिषद में दबदबा रहा है। इससे जाटों में पैदा हुई नाराजगी का रालोपा को कुछ इलाकों में पूरा लाभ मिलता दिख रहा है। जिला परिषद के दो जोन ऐसे माने जा रहे हैं, जिन पर जाट मतदाता एकजुट होकर रालोपा के साथ लगे हुए हैं। उनके लिए प्रत्याशी महत्त्वपूर्ण नहीं हैं, लेकिन जाट समाज की एकता महत्त्वपूर्ण हो गई। वे दोनों पार्टियों को जवाब देने के लिए रालोपा के साथ आए हैं। ऐसे में यदि रालोपा इस चुनाव में अपना खाता खोलने में कामयाब हो जाए, तो यह बड़ी बात नहीं होगी। इस तरह इस इलाके में हनुमान बेनीवाल की पार्टी का पौधा लगने के आसार दिखाई दे रहे हैं।



इनमें 4 करणपुर, 3 सादुलशहर तथा एक-एक सूरतगढ़ व अनूपगढ़ इलाके के हैं

जिले के 9 जोन में सीधी और कांटे की टक्कर

जिला परिषद श्रीगंगानगर के चुनाव में कुछ सीटें ऐसी हैं, जिन पर केवल कांग्रेस व भाजपा दो ही दलों के प्रत्याशी मैदान में हैं। इस तरह से इन जोन में सीधा मुकाबला है। कहने को तो यह कहा जा सकता है कि केन्द्र व राजस्थान में भाजपा की सरकार होने के कारण इस सीधे मुकाबले में भाजपा हावी है, लेकिन सभी जगह ऐसा नहीं है। इसमें यह फैक्टर भी काम कर रहा है कि यह सीटें जिन विधानसभा क्षेत्रों में आ रही हैं, वहां के विधायक का कितना प्रभाव इस इलाके में है। श्रीकरणपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जोन नं. 2 में भाजपा की परमेश्वरी देवी व कांग्रेस की रामदेवी के बीच कांटे का मुकाबला है। इस सीट पर जिले के प्रमुख नेताओं ने अपनी-अपनी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने के लिए ताकत झोंक रखी है। अनूपगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आने वाले जोन नं. 13 में भाजपा की राजविन्द्रकौर व कांग्रेस की शांति देवी के बीच सीधी टक्कर है। दोनों ओर से पूरी ताकत लगी हुई है। सूरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जोन नं. 18 में भाजपा की मंजू व कांग्रेस की द्रोपती के बीच सीधा मुकाबला है। इस इलाके में भाजपा व कांग्रेस के प्रमुख नेता भी गांव-गांव सक्रिय हैं और अपनी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने में जुटे हुए हैं। श्रीकरणपुर विधानसभा क्षेत्र के ही जोन नं. 26 में भाजपा के तेजाराम व कांग्रेस के ओमप्रकाश के बीच सीधी टक्कर है। यहां भले ही बड़े नेताओं की सक्रियता कम हो, लेकिन दोनों दलों के प्रमुख कार्यकर्ता पूरी तरह सक्रिय हैं। इसी से सटे जोन नं. 27 में भाजपा की हरजीत कौर व कांग्रेस की रणजीत कौर के बीच मुकाबला है। दोनों पार्टियों के नेता इस सीट पर भी अपनी पार्टी के प्रत्याशी को जितवाने के लिए सक्रिय हैं। सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र के जोन नं. 32 में भाजपा की बाधूदेवी और कांग्रेस की संतोष के बीच मुकाबला है। यहां भी दोनों पार्टियों के नेता विशेष रूचि ले रहे हैं। सादुलशहर के ही जोन नं. 35 में भाजपा के अमृतपाल सिंह व कांग्रेस के कृष्णलाल के बीच सीधा मुकाबला है। यहां भी दोनों दलों के नेता गांवों में सभाएं कर अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। दोनों तरफ युवाओं की टीम अधिक सक्रिय दिखाई दे रही है। सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र का ही जोन नं. 38 भी ऐसी सीट है, जहां भाजपा की अमरजीत कौर और कांग्रेस के जसपाल कौर के बीच डायरेक्ट फाइट है। दोनों दलों के नेताओं की इस जोन में भी खासी रूचि बनी हुई है। श्रीकरणपुर इलाके का जोन नं. 39 भी ऐसा है, जहां भाजपा के आसाराम व कांगेस के बैसाखा सिंह के बीच सीधा मुकाबला है। दोनों दलों के पदाधिकारी इस इलाके में चुनावी सरगर्मियों में सक्रिय हैं और अपने प्रत्याशी को जिताने की कोशिश में जुटे हुए हैं। विशेष बात यह है कि इन सभी 9 जोन में से 7 में मुकाबला इतना कड़ा है कि हार-जीत का अंतर दहाई में ही सिमटता हुआ नजर आ रहा है। इसमें खास बात यह भी है कि इनमें से तीन विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के, जबकि एक में भाजपा का विधायक है। दोनों के विरोधी दलों ने अधिक जोर लगा रखा है।



माकपा अपनी खोई हुई जमीन प्राप्त करने की कोशिश में जुटी, 18 जोन में उतारे प्रत्याशी



माकपा व भाकपा की कहने को तो इस जिले में उपस्थिति है, किन्तु वह पहले के मुकाबले कमजोर हुई है। अब दोनों ही पार्टियां केवल मजदूर संगठनों तक ही सिमट कर रह गई हैं। यह भी असंगठित मजदूर हैं। किसान आंदोलन में कभी जिले में इन दोनों वामपंथी दलों की तूती बोलती थी, लेकिन इन दोनों दलों के प्रमुख नेताओं ने गत 12 सालों में या तो कांग्रेस से हाथ मिला लिया या फिर भाजपा से। इसका विपरीत असर पार्टी कार्यकर्ताओं पर भी पड़ा। कभी जिले में विधानसभा की सीटें जीतने वाली माकपा व भाकपा अब इतनी कमजोर हो चुकी हैं कि वे पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में भी सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े करने में सफल नहीं हो पा रहीं। जिला परिषद के चुनाव में माकपा ने जोन 3 से मोनिका, 4 से देवकरण, 5 से कविता, 6 से हनुमानराम, 7 से मनजीत कौर, 8 से रोबिन कुमार, 9 से रामेश्वरी, 10 से हरप्रीत, 11 से चंदादेवी, 12 से विनोद कुमार, 14 से संतरो देवी, 15 से नवदीप कौर, 22 से सुमन, 23 से प्रमिला, 24 से माणकलाल, 28 से अमनदीप सिंह, 30 से सुनीता, 34 से बेअंत सिंह को प्रत्याशी बनाया है। इस तरह उसने अपने 18 प्रत्याशी उतारे हैं। हालांकि यह जिला परिषद की कुल 39 सीटों के मुकाबले आधे से भी कम हैं, लेकिन कई सीटें ऐसी हैं, जहां निचले स्तर पर माकपा का किसान वर्ग में अच्छा आधार है और दो-तीन सीटों पर वह भाजपा व कांग्रेस दोनों के गले की फांस बनी हुई है। माकपा का अधिक जोर भी आंदोलन वाले अनूपगढ़ व रायसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र पर ही अधिक रहा है। अन्य विधानसभा क्षेत्रों में उसने एकाध सीट पर ही प्रत्याशी उतारे हैं। रायसिंहनगर व अनूपगढ़ विधानसभा क्षेत्र की सीटों पर माकपा अच्छे वोट जुटाकर जहां कांग्रेस को नुकसान पहुंचा सकती है, वहीं कुछ सीटें जीतकर वह आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपनी जमीन मजबूत करने की कोशिश में जुटी हुई है।



इनमें सबसे अधिक 5 जोन सादुलशहर, 2-2 जोन अनूपगढ़, रायसिंहनगर व सूरतगढ़ और 1-1 जोन करणपुर व श्रीगंगानगर विधानसभा क्षेत्र के हैं

तिकोणीय मुकाबले ने 13 सीटों पर चुनाव को रोचक बनाया

जिला परिषद के चुनाव में 13 सीटें ऐसी हैं, जिन पर तिकोणीय मुकाबला हो रहा है। इनमें किसी में मुख्य दल का बागी अपनी ही पार्टी के प्रत्याशी की जीत को रोकने की कोशिश में जुटा हुआ है, तो किसी में रालोपा अपना आधार बनाने की कोशिश में है तो किसी में बहुजन समाज पार्टी अजा वर्ग के अपने वोटों को एकजुट करने और कांग्रेस व भाजपा दोनों पार्टियों को नुकसान पहुंचाने के लिए सक्रिय है। बसपा के प्रत्याशी और पार्टी नेता जी-जान से अपने मिशन को पूरा करने की कोशिश में जुटे हैं। इसमें उन्हें कितनी सफलता मिल पाएगी, यह तो ईवीएम खुलने के बाद ही पता चल पाएगा, लेकिन यह अवश्य है कि तिकोणे संघर्ष ने दोनों मुख्य दलों के प्रत्याशियों को अधिक मेहनत करने के लिए मजबूर कर दिया है। इसलिए इन इलाकों में एक-एक वोट के लिए मारामारी बढ़ी हुई है। यह अवश्य है कि तिकोणा संघर्ष जीतने वालों की राह भी आसान करता दिखाई दे रहा है और इन 13 सीटों पर जीतने वाले प्रत्याशी अच्छे वोटों से जीत दर्ज करने की स्थिति में आते दिखाई दे रहे हैं।

श्रीकरणपुर विधानसभा क्षेत्र में आने वाले जोन नं. 1 में भाजपा के शिवभगवान व कांग्रेस के राजकुमार के मुकाबले के बीच भाजपा के ही बागी सुरेन्द्र कुमार ने निर्दलीय मैदान में उतरकर मुकाबले को रोचक बना दिया है। अनूपगढ़ विधानसभा क्षेत्र में स्थित जोन नं. 6 में भाजपा के तेलूराम, माकपा के हनुमानराम व कांग्रेस के गेजसिंह के बीच मुकाबला है। इसी विधानसभा क्षेत्र के जोन नं. 8 में भाजपा के श्रवण कुमार व कांग्रेस के मोहनलाल के बीच माकपा ने अपने युवा प्रत्याशी रोबिन कुमार को उतारकर चुनाव को पूरी गर्मी दे दी। रायसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र के जोन नं. 14 में भी यही स्थिति बन गई है, जहां भाजपा की पूनम बरेसा गोमांवाली, माकपा की संतरो देवी व कांग्रेस की कविता कुमारी के बीच तिकोणीय संघर्ष है। सूरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के जोन नं. 19 में भाजपा के कालूराम, कांग्रेस के सतपाल व निर्दलीय दिनेश कुमार के बीच मुकाबला है। इसी इलाके के जोन नं. 21 में भाजपा के धर्मपाल, कांग्रेस के मांगीलाल व रालोपा के राकेश कुमार के बीच तिकोणीय मुकाबला है। रायसिंहनगर विधानसभा इलाके के जोन नं. 22 में भाजपा की सुनीता, माकपा की सुमन व कांग्रेस की कलावती के बीच तिकोणा कांटे का मुकाबला बना हुआ है। सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जोन नं. 29 में भाजपा की शकुंतला सहारण, कांग्रेस की सुमन व बसपा की बेअंत कौर मैदान में हैं। बेअंत कौर ने मुकाबले को न केवल रोचक बना दिया है, अपितु कांग्रेस के लिए यहां परेशानी भी खड़ी कर दी है। इसी इलाके के जोन नं. 30 में भाजपा की चन्द्रमुखी तरड़, माकपा की सुनीता और कांग्रेस की रुकमणी देवी के बीच मुकाबला है। यहां माकपा से होने वाले नुकसान को बचाने के लिए कांग्रेसी जी-जान से सक्रिय हैं। इसी इलाके के जोन नं. 31 में भाजपा की संदीप कौर, बसपा की राजविन्द्र कौर व कांग्रेस की प्रदीप कौर मैदान में हैं। यहां तीनों के बीच कांटे की टक्कर है। श्रीगंगानगर विधानसभा क्षेत्र में आने वाले जोन नं. 33 में रालोपा के जसविन्द्र सिंह ने मैदान में उतरकर भाजपा के हरजिन्द्र सिंह व कांग्रेस के राहुल सहारण को कड़ी मेहनत करने के लिए विवश कर दिया है। सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र में ही आने वाले जोन नं. 36 में भाजपा के गुरशरण सिंह व कांग्रेस के सुखप्रीत सिंह के बीच आप के वेद भारतीय चुनाव मैदान में उतरे हुए हैं। वेद भारतीय को यदि वोट मिलते हैं तो वे उनके स्वयं के सम्पर्क के आधार पर ही मिलेंगे, आप का इस इलाके में कोई जनाधार नहीं है। नहरी क्षेत्र के लोग आप से पूरी तरह नाराज हैं। ऐसे में यहां मुख्य मुकाबला गुरशरण सिंह व सुखप्रीत सिंह के बीच ही है, लेकिन वेद भारतीय जितने वोट लेते हैं, उससे किसको नुकसान पहुंचेगा, परिणाम उसी पर निर्भर करेगा। यह अलग बात है कि इस इलाके में भाजपा के जो युवा कार्यकर्ता टिकट मांग रहे थे, यदि वे विरोध पर उतर आते हैं, तो परिणाम प्रभावित हो सकता है। सादुलशहर इलाके के ही जोन नं. 37 में भाजपा के दीपक कुमार, कांग्रेस के मंगल सिंह व रालोपा के परविन्दर सिंह के बीच तिकोणा संघर्ष है। तीनों के बीच कांटे की स्थिति रही है, लेकिन रविवार से कांग्रेस ने इस इलाके को संभालने की कोशिश तेज की है।



अलग-अलग गुमशुदगी के मामले दर्ज, युवक ट्रेन से लापता

सीमा संदेश # पीलीबंगा/18 एसपीडी। कस्बे और आसपास के क्षेत्र में तीन अलग-अलग गुमशुदगी के मामले दर्ज हुए हैं। इनमें 20 वर्षीय युवक, 33 वर्षीय महिला और उसकी 8 वर्षीय बेटी तथा 22 वर्षीय आईटीआई छात्रा शामिल हैं। पुलिस के अनुसार वार्ड 12 निवासी संदीप 29 अक्टूबर को मंडी डबवाली से ट्रेन में पीलीबंगा आने के लिए रवाना हुआ था, लेकिन घर नहीं पहुंचा। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। वहीं 45 एनडीआर निवासी सुशीला अपनी बेटी रचना के साथ 30 अक्टूबर से लापता है। तीसरे मामले में 22 वर्षीय छात्रा 28 अक्टूबर को कॉलेज जाने की बात कहकर घर से निकली थी। परिजनों ने एक युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का संदेह जताया है। पुलिस ने तीनों मामलों में जांच शुरू कर दी है।

चुनाव को लेकर डबलीराठान में निकाला फ्लैग मार्च

सीमा संदेश # हनुमानगढ़। पंचायती राज चुनाव-2026 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न करवाने के लिए पुलिस-प्रशासन अलर्ट है। इसी क्रम में जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देशन में सदर थाना क्षेत्र के गांव डबलीराठान में संयुक्त फ्लैग मार्च निकाला गया। इसका नेतृत्व सीओ सिटी मीनाक्षी एवं एसडीएम श्याम सुंदर ने किया। फ्लैग मार्च गांव के मुख्य बाजार एवं प्रमुख मार्गों से गुजरा। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बिना किसी दबाव, भय या प्रलोभन के मतदान करने की अपील की। साथ ही आदर्श आचार संहिता की पालना करने, अफवाहें नहीं फैलाने तथा सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री प्रसारित नहीं करने की हिदायत दी। मतदाताओं को डराने-धमकाने और अवैध सामग्री बांटने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इस दौरान तहसीलदार रवि कुमार सहित पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

अभिमन्यु बने प्रधानमंत्री, मुकेश को शिक्षा और दीपिका को अनुशासन मंत्री की जिम्मेदारी, एपीसी विजय सिंह गोदारा ने दिलाई नवनिर्वाचित कैबिनेट को शपथ

लोकतंत्र की पाठशाला बना प्रेमपुरा विद्यालय, मतदान से चुनी बाल संसद की सरकार

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राउमावि प्रेमपुरा में विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था की व्यावहारिक जानकारी देने के लिए बाल संसद चुनाव आयोजित किया गया। इसमें कक्षा 6 से 12 तक के करीब 200 विद्यार्थियों ने मतदान कर प्रतिनिधियों का चयन किया। चुनाव प्रक्रिया में नामांकन, मतदान, मतगणना एवं परिणाम घोषणा की गई। प्रधानमंत्री पद पर अभिमन्यु ने पुष्पा को 6 मतों से हराया। शिक्षा मंत्री पद पर मुकेश, खेल मंत्री पद पर दिनेश, स्वच्छता मंत्री पद पर अर्जुन तथा अनुशासन मंत्री पद पर दीपिका विजयी रहे। इस दौरान चुनाव प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें विद्यार्थियों ने चार्ट और मॉडल के माध्यम से भारतीय चुनाव प्रणाली की जानकारी दी। कार्यक्रम समन्वयक मुकेश कुमार ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करना है।



नवनिर्वाचित कैबिनेट को दिलाई शपथ

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समग्र शिक्षा हनुमानगढ़ के सहायक परियोजना समन्वयक विजय सिंह गोदारा ने नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री एवं मंत्रियों को पद एवं दायित्वों की शपथ दिलाई। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। ईएलसी प्रभारी राधेश्याम एवं पर्यवेक्षक शीशपाल ने चुनाव प्रक्रिया के सफल संचालन में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। विद्यालय प्रधानाचार्य रजनीश गोदारा ने आयोजन की सराहना करते हुए समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बाल संसद एवं चुनाव प्रदर्शनी विद्यार्थियों को लोकतंत्र की कार्यप्रणाली समझाने तथा उन्हें जागरूक, जिम्मेदार एवं कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनाने की दिशा में सार्थक पहल है। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार व राजेंद्र कुमार, व्याख्याता संतोष कुमारी, मुकेश कुमार, हरलाल, सोहनलाल, सुधा, शीशपाल, महावीर प्रसाद, जगदीश कुमार, नारायण दत्त, रीटा शर्मा, राधेश्याम, चंद्रभान, पूनम, ममता देवी, हरपाल, विजय कुमार एवं वेदप्रकाश सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

नोहर में सर्वाधिक 2.17 लाख मतदाता व 227 मतदान केन्द्र, पल्लू सबसे कम 79 मतदान केन्द्र

जिले की 10 पंचायत समितियों में 11.25 लाख मतदाता 1,168 मतदान केन्द्रों पर करेंगे मतदान

दो चरणों में 3 व 14 को डायरेक्टरों तथा 5 व 16 को सरपंच चुनाव

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत जिले में चुनावी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जिले की एक जिला परिषद और 10 पंचायत समितियों की 325 ग्राम पंचायतों में कुल 11 लाख 25 हजार 750 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 5 लाख 83 हजार 848 पुरुष, 5 लाख 41 हजार 895 महिलाएं और 7 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। चुनाव में जिला परिषद के 37 सदस्यों, 10 पंचायत समितियों के 208 सदस्यों तथा 325 ग्राम पंचायतों में 3,385 वार्ड पंचों का निर्वाचन होगा। जिले में कुल 1,168 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें नोहर पंचायत समिति में सर्वाधिक 227 और पल्लू में सबसे कम 79 मतदान केन्द्र हैं। चुनाव व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए जिले की पंचायत समितियों को 112 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। वहीं, 102 लोकेशन पर 372 संवेदनशील मतदान केन्द्र चिह्नित किए गए हैं। मतदाताओं की संख्या के लिहाज से नोहर पंचायत समिति सबसे आगे है। यहां 2 लाख 17 हजार 168 मतदाता हैं, जबकि पल्लू में सबसे कम 76 हजार 467 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

तीसरे चरण में छह पंचायत समितियों में चुनाव

जिले में तीसरे चरण के तहत 3 नवंबर को भादरा, हनुमानगढ़ जंक्शन, नोहर, पल्लू, पीलीबंगा और राजपुरा (8 बीएचडी) पंचायत समितियों में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए मतदान करवाया जाएगा। जिला परिषद के 37 वार्डों के लिए 118 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। वहीं, इन छह पंचायत समितियों के 130 सदस्य पदों के लिए 410 प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। पंचायत समितिवार देखें तो नोहर में सर्वाधिक 113, पीलीबंगा में 76, भादरा और हनुमानगढ़ जंक्शन में 60-60, राजपुरा में 53 तथा पल्लू में 48 अभ्यर्थी मैदान में हैं। सरपंच और पंच पदों के लिए 5 नवंबर को मतदान होगा। चुनाव के दूसरे चरण में शेष चार पंचायत समितियां शामिल रहेंगी।



चौथे चरण के लिए 4 तक नामांकन प्रक्रिया

चौथे चरण में संगरिया, टिब्बी, रावतसर और हनुमानगढ़ टाउन पंचायत समितियों में चुनाव होंगे। इस चरण में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए 14 नवंबर को तथा सरपंच और पंच पदों के लिए 16 नवंबर को मतदान करवाया जाएगा। चौथे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया 4 नवंबर को अपराह्न 3 बजे तक चलेगी। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 5 नवंबर को होगी, जबकि अभ्यर्थी 6 नवंबर को अपराह्न 3 बजे तक नाम वापस ले सकेंगे। इसी दिन चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे।

सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा मतदान: जिले में दोनों चरणों में निर्धारित मतदान दिवस (3,5,14 और 16 नवंबर) पर सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान करवाया जाएगा। जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं, कार्मिकों की तैनाती, सुरक्षा प्रबंध और चुनाव सामग्री वितरण सहित सभी तैयारियां की जा रही हैं, ताकि चुनाव प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाई जा सके।

राजस्थानी कहानी-संग्रह बातां सारी रह ज्यासी रो का लोकार्पण

प्रो. भंवर सिंह सामोर को दी श्रद्धांजलि



सीमा सन्देश # नोहर। साहित्य कला चेतना परिवार, नोहर एवं शिखर यात्रा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को शिखर यात्रा परिसर में राजस्थानी साहित्यकार अजीत सिंह आर्य के कहानी-संग्रह 'बातां सारी रह ज्यासी रो' का लोकार्पण एवं साहित्य गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में साहित्यकारों और साहित्यप्रेमियों ने राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं लोकसंस्कृति के विभिन्न पहलुओं पर विचार व्यक्त किए। इस दौरान राजस्थानी साहित्य के पुरोधा प्रो. भंवर सिंह सामोर को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्य अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ साहित्यकार रामस्वरूप किसान थे। उन्होंने कहा कि लोकभाषाएं हमारी सांस्कृतिक अस्मिता का महत्वपूर्ण आधार हैं। लोकभाषाओं में रचा गया साहित्य समाज के जीवन, संवेदनाओं, संघर्षों और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने का सशक्त माध्यम है। वक्ताओं ने कहानी-संग्रह की साहित्यिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजस्थानी भाषा में मौलिक लेखन एवं प्रकाशन भाषा के संरक्षण और संवर्धन में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर डॉ. सत्यनारायण सोनी ने प्रो. भंवर सिंह सामोर के साहित्यिक योगदान एवं भाषा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उपस्थित लोगों ने एक मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद आयोजित काव्य गोष्ठी में कुलदीप पारीक, राधेश्याम गौड़, डॉ. किशन कुमार, जयकिशन वर्मा, सुरेंद्र सुथार, राकेश नागल, डॉ. बलदेव महर्षि, डॉ. राजीव कुमार सहित अनेक साहित्यकारों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। मंच संचालन हरीश चंद्र शर्मा ने किया। अंत में कार्यक्रम संयोजक कमल अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ जीवनशैली अपनाने का संकल्प

ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह का शुभारंभ

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जिला पर्यावरण समिति के तत्वावधान में रविवार को टाउन स्थित राजकीय प्राकृतिक चिकित्सालय में ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस वर्ष की थीम स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं रखी गई है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों, विद्यार्थियों और आमजन ने भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरूआत मिशन लाइफ की शपथ के साथ हुई। उपस्थित प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ एवं टिकाऊ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इसके बाद योगाभ्यास, परिसर में पौधारोपण और वॉकाथॉन का आयोजन किया गया।



गोगामेड़ी स्कूल में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

सीमा सन्देश # बरवाली। गांव गोगामेड़ी स्थित महंत रूपनाथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रमसिंह एवं कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र सिंह मीणा के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद प्रधानाचार्य विक्रमसिंह ने विद्यालय के शिक्षकों, स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों को देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में सरदार पटेल के देश के एकीकरण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया। इस अवसर पर विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने विभिन्न देशभक्तिपूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया।



गौशाला को दिए 1.11 लाख रुपए

सेवानिवृत्ति पर किया सम्मान



सीमा सन्देश # भादरा। गांव डोभी स्थित श्री शिव गौशाला में रविवार को करणपुरा से प्रिंसिपल पद से सेवानिवृत्त होकर गांव लौटे धर्मवीर सिंह बेनीवाल का सम्मान किया गया। गौशाला समिति की ओर से उन्हें शॉल और पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान उनके साथ आए सेवानिवृत्त पूर्व अध्यापक पिता दिलेर सिंह एवं पुत्रवधू सावित्री का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर धर्मवीर सिंह बेनीवाल ने कहा कि गौशाला में आने से उन्हें विशेष अनुभूति होती है और मन को शांति मिलती है।उन्होंने कहा कि आज से उन्हें भी गौमाता का सेवादार समझा जाए। बेनीवाल ने सेवानिवृत्ति के अवसर पर गौशाला में 1 लाख 11 हजार रुपये नकद दान दिया। इससे पूर्व वे गौशाला को 61 हजार रुपये की एक दुकान भी दे चुके हैं। उन्होंने प्रतिवर्ष 11 हजार रुपये आजीवन देने की घोषणा भी की। श्री गणेश युवा क्लब की ओर से बेनीवाल को पटका एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सेवानिवृत्ति की बधाई दी गई। कार्यक्रम के बाद ग्रामीण उन्हें ढोल-नगाड़ों के साथ गौशाला से उनके घर तक लेकर पहुंचे। इस अवसर पर गौशाला समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश गोयल, तहसील अध्यक्ष जयवीर सरेवा, रमेश पूनिया, सुरेश बेनीवाल, दयाचंद बेनीवाल, वेदप्रकाश राव, सत्यवीर स्वामी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।



दीपावली पर घर-आंगन की गोबर से लिपाई

सीमा सन्देश # चारणवासी। दीपावली का पर्व नजदीक आते ही ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। लोग घरों की साफ-सफाई और सजावट में जुट गए हैं। गांवों में पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार कच्चे मकानों की मिट्टी व गोबर से लिपाई की जा रही है। महिलाएं आंगन और चौक में आकर्षक मांडने बनाकर लोककला की छटा बिखेर रही हैं। घरों में रंगाई-पुताई कर माता लक्ष्मी के स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। आधुनिकता के दौर में भले ही कई घरों में टाइल्स और पत्थरों का चलन बढ़ा है, लेकिन ग्रामीण अंचलों में मिट्टी, गोबर और गेरू से घर सजाने की परंपरा आज भी कायम है। इनसे घरों में दीपावली परंपरा की झलक के साथ मिट्टी की सोंधी खुशबू भी महक रही है।

सर्वधर्म प्रार्थना सभा में गूंजा एकता और सद्भाव का संदेश

विभिन्न धर्मों की प्रार्थनाओं से आध्यात्मिक माहौल



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ हनुमानगढ़ टाउन के तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्र की एकता और अखंडता के शिल्पी लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति में यह कार्यक्रम राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 2 एसएनएम (श्रीनगर) परिसर में आयोजित हुआ। इसमें विभिन्न धर्मों की प्रार्थनाओं के माध्यम से आपसी प्रेम, सद्भाव और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। प्रार्थना सभा में ट्रेनिंग काउंसलर रतना देवी ने प्रातः स्मरामि, गाइडर कविता रानी ने सरस्वती वंदना, ट्रेनिंग काउंसलर भूपेन्द्र कौशिक ने गुरु वंदना, सहायक जिला कमिश्नर निर्मला कुमारी ने गायत्री मंत्र, ग्रुप लीडर कुलदीप कौर ने अरदास तथा ट्रेनिंग काउंसलर अमीलाल छापोला ने भजन गायन किया।

नोहर फीडर के नवनिर्माण की डीपीआर स्वीकृत, करीब 400 करोड़ रुपए होंगे खर्च

कांग्रेस कर रही गुमराह, भाजपा ने धरातल पर काम किया

सीमा सन्देश # नोहर। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृष्ण भाकर ने कांग्रेस पर किसान हितों की अनदेखी करने और केवल घोषणाओं व नारों के जरिए किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाकर ने कहा कि प्रदेश में जब-जब कांग्रेस की सरकार रही, किसानों को सबसे अधिक संकट का सामना करना पड़ा। इसके विपरीत भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए चरणबद्ध तरीके से काम किया है। भाकर ने कहा कि पिछले करीब 20 वर्षों से नोहर फीडर के नवनिर्माण की मांग उठ रही थी, लेकिन भाजपा ने इसे प्राथमिकता देते हुए इसकी डीपीआर स्वीकृत करवाई है। पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया के नेतृत्व में इस संबंध में मुख्यमंत्री से भी मुलाकात की गई थी। इसके बाद डीपीआर की स्वीकृति जारी हो पाई। उन्होंने बताया कि डीपीआर तैयार होने के बाद पूरी नहर का नवनिर्माण करवाया जाएगा, जिस पर करीब 400 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। नहर के पुनर्निर्माण से किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासन में सिंचाई से वंचित गांवों को नहरी पानी से जोड़ने की घोषणाएं की गईं, लेकिन वे आज तक पूरी नहीं हो पाईं। भाजपा सरकार आने के बाद खालों और माइनरों के निर्माण एवं विकास के लिए करोड़ों रुपए की स्वीकृतियां जारी हुई हैं। भाकर ने कांग्रेस शासन में इन कार्यों के लिए स्वीकृतियां जारी होने के दावों को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस केवल बयानबाजी तक सीमित है।



फसल बीमा योजना को लेकर साधा निशाना

भाकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फसल बीमा योजना में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए। पहले पूरी तहसील को इकाई मानकर नुकसान का आकलन किया जाता था, जबकि अब चक स्तर पर इकाई निर्धारित किए जाने से किसानों को फसल खराबे का बीमा क्लेम मिलने में मदद मिली है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को लगातार मिल रहा फसल बीमा क्लेम कुछ लोगों को रास नहीं आ रहा, इसलिए इस संबंध में भ्रम और अफवाहें फैलाई जा रही हैं। भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि पांच ढाणियों को इकाई मानकर विद्युतिकरण का कार्य जल्द दोबारा शुरू होगा। जल जीवन मिशन के तहत गांवों तक पेयजल पहुंचाया गया है। इसके अलावा सड़क और विद्युत क्षेत्र में भी अनेक विकास कार्य करवाए गए हैं।

वोट चोरी के मुद्दे पर भी कांग्रेस को घेरा

भाकर ने कांग्रेस पर वोट चोरी के मुद्दे पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि लगातार चुनावों में हार और सत्ता से बाहर रहने के कारण कांग्रेस हताशा में है। इसी वजह से जनता के बीच भ्रम का माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नोहर निकाय चुनाव की तर्ज पर पंचायत चुनाव में भी भाजपा ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर रणनीति तैयार की है और पार्टी को इसके सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद है।

मतदान के प्रति किया जागरूक

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन स्थित व्यापार मंडल कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ. नीलम गौड़ एवं संजू गाड़िया ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। शिविर में बीएलओ रोहिताश कुमार एवं लक्ष्मी नारायण ने स्वयंसेविकाओं को मतदान का महत्व बताया। उन्होंने 17 वर्ष से अधिक आयु की छात्राओं को मतदाता पहचान पत्र बनवाने तथा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही परिवार एवं आसपास के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. नीलम गौड़ ने एनएसएस को सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

न्यूज इन ब्रीफ

161 आवेदकों की आज निकलेगी लॉटरी

सीमा सन्देश # भादरा। दीपावली के अवसर पर पटाखा बिक्री के लिए जारी किए जाने वाले अस्थायी लाइसेंसों के आवेदकों का चयन रविवार को लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा।उपखंड मजिस्ट्रेट कार्यालय भादरा की ओर से जारी आदेश के अनुसार इस बार अस्थायी लाइसेंस के लिए कुल 161 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आदेश के अनुसार 1 नवंबर को दोपहर 4 बजे नगरपालिका भादरा के मीटिंग हॉल में लॉटरी प्रक्रिया आयोजित होगी। इसमें सभी 161 आवेदनों को शामिल कर लॉटरी के माध्यम से आवेदकों का चयन किया जाएगा। यह प्रक्रिया उपखंड मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में संपन्न होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि लॉटरी प्रक्रिया के दौरान आवेदक स्वयं उपस्थित होने के लिए स्वतंत्र हैं। आदेश के तहत जारी सूचना का उचित माध्यम से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

चुनाव पर्यवेक्षक से की जा सकती है शिकायत

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतीराज आम चुनाव-2026 अंतर्गत जिले के लिए नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक से चुनाव सम्बन्धी शिकायत एवं समन्वय के लिए सम्पर्क किया जा सकता है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी उम्मेदी लाल मीना ने बताया कि जिले के लिए चुनाव पर्यवेक्षक ईजीएस जयपुर के अतिरिक्त आयुक्त हेमंत स्वरूप माथुर हैं। इनसे टेलीफोन नम्बर 01552-294775 पर सम्पर्क किया जा सकता है। हेमंत स्वरूप माथुर से सर्किट हाऊस के कमरा संख्या 102 में मिला जा सकता है।

धीरज ज्वेलर्स का शुभारंभ

सीमा सन्देश # भादरा। वार्ड नंबर 7 हाथीपुरा बास में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हुए संजय सोनी के प्रतिष्ठान धीरज ज्वेलर्स का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। समारोह में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद हरिप्रकाश शर्मा ने रिबन काटकर प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर हरिप्रकाश शर्मा ने कहा कि नए प्रतिष्ठानों के खुलने से क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलती है तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक विकास के नए अवसर पैदा होते हैं। उन्होंने प्रतिष्ठान की सफलता एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रतिष्ठान संचालक धीरज सोनी ने समारोह में उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अंजन सिंह शेखावत, पुरुषोत्तम सैनी, रिशाल सिंह यादव, रामचंद्र सैनी, पार्षद सज्जन सैनी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पहल : पहले ही दिन 25 महिलाओं ने करवाया पंजीकरण, आत्मनिर्भर बनाने के लिए घर बैठे मिलेगा प्रशिक्षण

यूथ वीरांगनाओं ने शुरू किया निशुल्क सिलाई व ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केन्द्र

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

टाउन की अम्बेडकर कॉलोनी में यूथ वीरांगनाओं की ओर से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल करते हुए निशुल्क ऑनलाइन सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केन्द्र शुरू किया गया। केन्द्र का शुभारंभ रविवार को ब्यूटीशियन सुषमा वर्मा व मंजू गाबा ने फीता काटकर किया। क्षेत्र की आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों की महिलाओं के लिए शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य उन्हें हुनरमंद बनाकर रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना है।



आधुनिक तकनीक सीख सकें

पहले ही दिन लगभग 25 महिलाओं ने प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण करवाया। उन्होंने कहा कि संस्था का प्रयास है कि महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने पैरों पर खड़ी हों और स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार का भी बेहतर ढंग से पालन-पोषण कर सकें। यूथ वीरांगना मीनाक्षी ने बताया कि सिलाई और ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण ऑनलाइन प्रोजेक्ट के माध्यम से दिया जाएगा। अनुभवी एवं प्रशिक्षित मास्टर टेलर तथा ब्यूटी एक्सपर्ट बड़े पर्दे के माध्यम से महिलाओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण देंगे, ताकि वे घर बैठे आधुनिक तकनीक और कामकाज के तरीके सीख सकें।

सामाजिक हित में कार्य

कार्यक्रम में यूथ वीरांगना रजनी ने बताया कि संस्था की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर व जरूरतमंद परिवारों की महिलाओं के लिए निशुल्क ऑनलाइन सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केन्द्र की शुरूआत की गई है। यूथ वीरांगना ऐशना ने संस्था की ओर से किए जा रहे अन्य सामाजिक कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि यूथ वीरांगनाएं लगातार सामाजिक हित में कार्य कर रही हैं। संस्था आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं के विवाह में सहयोग, जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरण, वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण, जरूरतमंद बच्चों को पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाने तथा पढ़ाई में कमजोर बच्चों के लिए विशेष कक्षाएं लगवाने जैसे कार्य कर रही है। मीनाक्षी ने बताया कि इससे पहले भी संस्था की ओर से सिलाई केन्द्र संचालित किए गए थे। वहां प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद कई महिलाएं आज स्वयं का सिलाई व्यवसाय चला रही हैं और आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। इस मौके पर नीलम, स्वीटी, रीमा, कशिश, ज्योति गर्ग, सीमा गोयल, सिलाई प्रशिक्षक दर्शना, कंचन सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

छह स्थानों के लिए मतदान दलों को मिलेगा अंतिम प्रशिक्षण

तीसरे चरण के मतदान के लिए लिए आज रवाना होंगे 4839 मतदान दल

पॉलिटेक्निक कॉलेज में बंटेगी सामग्री, डीएवी स्कूल से होगी रवानगी



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत प्रदेश में चार चरणों में होने वाले चुनावों के क्रम में जिले की 10 पंचायत समितियों में तीसरे एवं चौथे चरण के मतदान के लिए अंतिम प्रशिक्षण, मतदान सामग्री वितरण, मतदान दलों की रवानगी तथा मतदान के बाद चुनाव सामग्री संग्रहण की विस्तृत कार्ययोजना निर्धारित की गई है। निर्धारित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य के चुनाव ईवीएम के माध्यम से, जबकि पंच, सरपंच एवं उपसरपंच के चुनाव मतपेटियों के माध्यम से करवाए जाएंगे। जिले में मतदान दलों का अंतिम प्रशिक्षण, पोस्टल बैलेट से मतदान तथा मतदान सामग्री वितरण एवं दलों की रवानगी के लिए जिला मुख्यालय हनुमानगढ़ जंक्शन पर विभिन्न स्थल निर्धारित किए गए हैं। तीसरे चरण में नोहर, पल्लू, भादरा, राजपुरा (8 बीएचडी), हनुमानगढ़ जंक्शन एवं पीलीबंगा पंचायत समितियों में चुनाव होंगे। इस चरण के लिए कुल 4839 मतदान कार्मिक नियुक्त किए गए हैं। इनमें नोहर के 1455, पल्लू के 514, भादरा के 680, राजपुरा (8 बीएचडी) के 670, हनुमानगढ़ जंक्शन के 679 तथा पीलीबंगा के 841 मतदान कार्मिक शामिल हैं। तीसरे चरण के मतदान दलों एवं संबंधित अधिकारियों का अंतिम प्रशिक्षण 2 नवंबर को केन्द्रीय विद्यालय, हनुमानगढ़ के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा। इसके पश्चात डीएवी कॉन्वेंट स्कूल के खेल मैदान से मतदान दलों को वाहनों के माध्यम से निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जाएगा।

2674 मतदान कार्मिक नियुक्त

इसी प्रकार चौथे चरण में संगरिया, टिब्बी, रावतसर एवं हनुमानगढ़ टाउन पंचायत समितियों में चुनाव होंगे। इस चरण के लिए कुल 2674 मतदान कार्मिक नियुक्त किए गए हैं। इनमें संगरिया के 662, टिब्बी के 781, रावतसर के 562 तथा हनुमानगढ़ टाउन के 669 मतदान कार्मिक शामिल हैं। चौथे चरण के मतदान दलों का अंतिम प्रशिक्षण 13 नवंबर को केन्द्रीय विद्यालय, हनुमानगढ़ के खेल मैदान में आयोजित होगा। इसी दिन राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा तथा डीएवी कॉन्वेंट स्कूल के खेल मैदान से मतदान दलों की रवानगी होगी। मतदान दलों के प्रशिक्षण एवं पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए हनुमानगढ़ जंक्शन में संगरिया-श्रीगंगानगर बाइपास रोड स्थित केन्द्रीय विद्यालय के मुख्य भवन के पीछे का खेल मैदान निर्धारित किया गया है। वहीं, मतदान सामग्री वितरण के लिए राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज तथा मतदान दलों की रवानगी एवं वाहन व्यवस्था के लिए डीएवी कॉन्वेंट स्कूल के मुख्य भवन के पीछे स्थित खेल मैदान निर्धारित किया गया है।

संग्रहण केन्द्रों पर जमा करवाई जाएगी ईवीएम एवं चुनाव सामग्री

पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्यों के निर्वाचन से संबंधित ईवीएम एवं चुनाव सामग्री मतदान समाप्ति के तुरंत बाद 3 नवंबर एवं 14 नवंबर को संबंधित संग्रहण केन्द्रों पर जमा करवाई जाएगी। वहीं, पंच, सरपंच एवं उपसरपंच के चुनाव से संबंधित सामग्री उपसरपंच के चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के तुरंत बाद 6 नवंबर एवं 17 नवंबर को जमा करवाई जाएगी। इस संबंध में मतदान सामग्री के सुरक्षित संग्रहण तथा निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

पंचायत समितिवार संग्रहण केन्द्र निर्धारित

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान समाप्ति के बाद ईवीएम एवं अन्य चुनाव सामग्री संबंधित पंचायत समिति मुख्यालय पर निर्धारित संग्रहण केन्द्रों में जमा करवाई जाएगी। इसके लिए पंचायत समितिवार संग्रहण केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। नोहर में श्री गौरीशंकर बिहाणी राजकीय कन्या महाविद्यालय, पल्लू में राजकीय महाविद्यालय, भादरा एवं राजपुरा (8 बीएचडी) के लिए पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भादरा, हनुमानगढ़ जंक्शन में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, पीलीबंगा में तहसील कार्यालय, संगरिया में किसान शहीद स्मारक खालसा उच्च माध्यमिक विद्यालय, टिब्बी एवं रावतसर में राजकीय महाविद्यालय तथा हनुमानगढ़ टाउन के लिए राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, जंक्शन को संग्रहण केन्द्र बनाया गया है।

जीवन शैली सप्ताह : योग से निरोगी जीवन, पर्यावरण संरक्षण में ही भविष्य

प्रकृति के अनुकूल जीवन जीने को करेंगे जागरूक

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 1 से 7 नवंबर तक विश्व सतत जीवनशैली सप्ताह मनाया जा रहा है। रविवार को कार्यक्रम का आगाज हुआ। सप्ताहभर चलने वाले इस आयोजन के माध्यम से आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के अनुकूल जीवन जीने के लिए जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत मिशन लाइफ के अंतर्गत योग, प्राकृतिक जीवनशैली एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। 'करो योग-रहो निरोग' के संदेश के साथ लोगों को नियमित योगाभ्यास अपनाने तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा।



आयुर्वेद व वन विभाग की टीम ने निभाई सहभागिता

अभियान का मुख्य उद्देश्य दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतों को बढ़ावा देना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना, ऊर्जा एवं जल की बचत करना तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के प्रति आमजन को जागरूक करना है। अभियान के जरिए लोगों को छोटे-छोटे बदलावों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम के शुभारंभ मौके पर आयुर्वेद विभाग से डॉ. तीर्थ शर्मा, डॉ. रामप्रताप, डॉ. कुलदीप, डॉ. मुकेश, डॉ. सुमन, डॉ. पूनम, नर्स निर्मला, सम्पता, शान, कमलेश एवं रिंकू सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे। वहीं वन विभाग की ओर से नोडल अधिकारी गगनदीप, डीएफओ सज्जन, कपिल राहड़, युवराज सहित वन विभाग की पूरी टीम ने सहभागिता निभाई।

खेतों में पहुंच रहे बगुले, कीटों को बनाते हैं भोजन



टोपरियां। गांव टोपरियां के खेतों में इन दिनों बगुलों के झुंड आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सरसों की पहली सिंचाई और गेहूं की बुवाई के दौरान खेतों में निकलने वाले कीट-पतंगों को खाने के लिए बड़ी संख्या में बगुले पहुंच रहे हैं। भोजन की तलाश के बाद ये पक्षी पेड़ों पर समूह में आराम करते नजर आते हैं।

भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व सरपंच बागोरिया



सीमा संदेश # संगरिया। गांव कुलचंद्र के पूर्व सरपंच चंद्रपाल बागोरिया भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक अभिमन्यु पुनिया ने उन्हें कांग्रेस का दुपट्टा व फूल माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियों को देखकर वे कांग्रेस में शामिल हुए हैं। विधायक ने कहा कि भाजपा द्वारा राज्य में कोई ठोस कार्य नहीं किया जा रहा है। भाजपा वोट चोरी में व्यस्त हैं। क्षेत्र में नशा चरम सीमा पर है। नौजवान इसकी चपेट में आ रहा है। उ आज आमजन कांग्रेस पर भरोसा कर रहा है। पंचायत राज चुनावों में आमजन में कांग्रेस के लिए पूरा समर्थन है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार संगरिया तथा टिब्बी में कांग्रेस अध्यक्ष बने हैं, उसी प्रकार से दोनों पंचायत समिति में भी कांग्रेस अध्यक्ष बनेंगे। इस अवसर पर यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद बुडानिया, सरपंच प्रतिनिधि सुखजीत सिंह, पूर्व सरपंच इमरान, दिनेश भाकर, राहुल झाझडिया सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अति संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त जाप्ता तैनात

सीमा सन्देश # चारणवासी। पंचायतीराज चुनाव के मद्देनजर अतिसंवेदनशील घोषित फेफाना, जसाना, रतनपुरा व रामसरा में मतदान के दिन 5-5 अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। रतनपुरा में सोशल मीडिया पर भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच चल रही बयानबाजी और विवाद की आशंका को देखते हुए विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस प्रशासन सोशल मीडिया गतिविधियों पर भी नजर बनाए हुए है। फेफाना थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार सहू ने बताया कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी। आमजन बिना भय के मतदान करें।

शांतिपूर्ण मतदान को लेकर प्रशासन अलर्ट

19 सेक्टर अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी



सीमा सन्देश # नोहर। पंचायत आम चुनाव 2026 के तहत नोहर क्षेत्र में 3 एवं 5 नवंबर को होने वाले मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिला कलक्टर द्वारा नियुक्त 19 सेक्टर अधिकारियों की बैठक उपखंड कार्यालय में एसडीएम सुनीता यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सेक्टर अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों को अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से दुरुस्त करवाया। इसके बाद सभी सेक्टर अधिकारियों द्वारा अपने-अपने सेक्टर का निरीक्षण करने के उपरांत पुनः बैठक आयोजित की गई। इसमें एसडीएम ने अधिकारियों को पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए पाबंद किया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

हनुमानगढ़ : डिंपल अग्रवाल ने हासिल किया गोल्ड मेडल



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय में 31 अक्टूबर को आयोजित द्वितीय दीक्षांत समारोह में बीकॉम-एलएलबी सत्र 2019-2020 की प्रतिभाशाली छात्रा डिंपल अग्रवाल को उत्कृट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। डिंपल अग्रवाल ने यह उपलब्धि हासिल कर विश्वविद्यालय एवं फैकल्टी ऑफ लॉ का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस सफलता से विश्वविद्यालय परिवार और फैकल्टी ऑफ लॉ में खुशी का माहौल है। डिंपल अग्रवाल ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता राजकुमार अग्रवाल एवं शिक्षा अग्रवाल, शिक्षकों तथा विश्वविद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण को दिया। उन्होंने विशेष रूप से फैकल्टी ऑफ लॉ के विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रम मेहरा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन, प्रोत्साहन एवं सहयोग ने इस शैक्षणिक उपलब्धि को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विश्वविद्यालय प्रशासन एवं फैकल्टी ऑफ लॉ ने डिंपल अग्रवाल को इस उल्लेखनीय सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

रावतसर : कुम्हार धर्मशाला के उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में पहुंचे गणमान्य लोग

एक छत के नीचे सर्व समाज को इकट्ठा करना सराहनीय काम: टाक

सीमा सन्देश#रावतसर। भगतसिंह चौक के पास बाजार के हृदय स्थल पर स्थित श्री कुम्हार धर्मशाला का समाज द्वारा पुनः निर्माण कर रविवार को उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री एवं माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने किया। समारोह में विधायक विनोद गोठवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नीलम हरवीर सहारण,पूर्व विधायक धर्मेंद्र मोची, पूर्व विधायक द्रोपती मेघवाल ,पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया, , पूर्व अध्यक्ष ताराचंद ढालिया, राष्ट्रीय कुम्हार महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मंगलराव, कुम्हार कुमावत महासभा के जिला अध्यक्ष टिकुराम गेदर, उप चेयरमैन गुरजीत सिंह एडवोकेट,कुम्हार समाज अध्यक्ष एडवोकेट अर्जुन लाल वर्मा,सहित हनुमानगढ़ जिले के समाज बंधुओं ने बढ़ चढ़ कर उपस्थिति दर्ज करवाई ।कार्यक्रम की मुख्य विशेषता यह रही कि कुम्हार समाज के अलावा भी शहर के अन्य सभी समाजों के अध्यक्षों व प्रतिनिधियों को मंच पर समान रूप से सम्मानित किया गया । माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि एक छत के नीचे सर्व समाज को इकट्ठा करना का सराहनीय काम समाज द्वारा किया गया है। समाज के निजी कार्यक्रम में सर्व समाज को भागीदार बनाने पर कुम्हार समाज की प्रशंसा पूरे क्षेत्र में हो रही है। सभी अतिथियों ने समाज को इस कार्य के लिए बधाई दी और भामाशाहों ने दिल खोलकर सहयोग किया।



अध्यक्ष ने बताया

धर्मशाला समिति के अध्यक्ष एडवोकेट अर्जुन राम ढुंढाडा ने बताया कि सर्व समाज के लिए अब धर्मशाला की बुकिंग शुरू हो चुकी है। इस मौके पर डॉ. विनोद करडवाल, पार्षद रणजीत किरोडीवाल, जयचन्द धनारीया, श्री नीवास सोनी,समीर गेदर, मनोज गेदर, कालुराम वर्मा, श्रवण कुमार, डा पृथ्वी रोकणा,निराणसिह करडवाल, एडवोकेट गोरी शंकर वर्मा, एडवोकेट श्रवण वर्मा, बलवंत राम वर्मा, अन्य सभी समाज के अध्यक्ष मौजूद रहे । मंच संचालक मदन पेंटर कमल किशोर ने किया। कुहमार समाज के अध्यक्ष एडवोकेट अर्जुन लाल वर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया।

संगरिया : शिक्षा से ही सर्वांगीण विकास संभव : पालिकाध्यक्ष सुमन-संजीव सोनी

सीमा सन्देश# संगरिया। शिक्षा व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण के साथ समाज और राष्ट्र के विकास का मजबूत आधार है। शिक्षा के बिना विकास की कल्पना बेमानी है। यह बात नगरपालिका अध्यक्ष सुमन-संजीव सोनी ने वार्ड एक स्थित सेवा भारती के बाल संस्कार केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में शिक्षा से बड़ा कोई धन नहीं है। शिक्षा ही व्यक्ति के चहुंमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में शिक्षा के महत्व को समझने का आह्वान किया। कार्यक्रम अध्यक्ष सेवा भारती अध्यक्ष सतीश नागपाल ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। नागपाल ने बताया कि जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहयोग देने के लिए सेवा भारती की ओर से लाइब्रेरी भी संचालित की जा रही है। सचिव एडवोकेट रामनिवास बेदी ने कहा कि सेवा भारती समाज के जरूरतमंद वर्ग के उत्थान और कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इस अवसर पर करवा चौथ पर आयोजित निःशुल्क मेहंदी शिविर में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली 11 महिला टीम सदस्यों को पालिका अध्यक्ष ने स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रिंस सोनी, धर्मपाल भार्गव, गुलाब सेन, अनिल कुमार, अध्यापक बस्तीराम सहित बाल संस्कार केंद्र के बच्चे, शिक्षक एवं शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



ग्लोबल न्यूज

मस्क ने बताया ट्रिलियन डॉलर की कंपनियां चलाने के साथ 12 बच्चों के लिए कैसे निकालते हैं समय



एलन मस्क ने 14 में से अपने 12 बच्चों संग समय बिताने के लिए नैनी और असिस्टेंट की टीम रखने के यूजर के दावों को गलत बताया है। मस्क ने कहा कि उनके 5-बच्चे स्वतंत्र जिंदगी जीते हैं और वह क्लेयर के साथ अपने बच्चों से हर दूसरे हफ्ते और शिवॉन के बच्चों से कुछ दिनों में मिलते हैं।

आतंकवाद हमारी 'रेड लाइन'; अफगानिस्तान को धमकाते हुए पाकिस्तान



पाकिस्तान ने शनिवार को अफगानिस्तान को चेतावनी दी कि आतंकवाद उसकी 'रेड लाइन' है और नागरिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। इस्लामाबाद ने तालिबान पर अफगान जमीन से होने वाले आतंकवाद को न रोकने का आरोप लगाया। यह बयान सीमा पर हाल की झड़पों और तालिबान प्रवक्ता के आरोपों के जवाब में आया है।

सिलाई करते हुए सो गई महिला, करवट लेने पर पेट में घुसी 4CM लंबी सुई; सर्जरी कर निकाली गई बाहर




ऑस्ट्रेलिया में 50-वर्षीय महिला के पेट से डॉक्टरों ने सर्जरी कर 4-सेंटीमीटर लंबी सिलाई की सुई निकाली है। महिला को अचानक पेट दर्द होने पर अस्पताल लाया गया था। महिला ने आशंका जताई है कि सिलाई करते समय वह सो गई थी जिसके बाद नींद में सुई पर करवट लेने के कारण वह उसकी त्वचा के अंदर चली गई होगी।

11 साल की बच्ची ने रीडिंग चैलेंज में 4 करोड़ छात्रों को हराया, जीता 1.3 करोड़ का इनाम



मिस्र की 11 साल की मयार ओथमैन अल शोरबागी ने दुबई में आयोजित 10वें अरब रीडिंग चैलेंज को जीतकर 500,000 दिरहम (लगभग 1.3 करोड़) का इनाम जीता है। मयार ने 60 किताबें पढ़कर 60 देशों के 4 करोड़ से ज्यादा छात्रों को पीछे छोड़ दिया। वह अपने देश के 1.7 करोड़ से ज्यादा प्रतिभागियों में से चुनी गई थीं।

यूरोप के एक अंतरिक्ष यान ने खोला सूरज की 'S' चाल का रहस्य



यूरोप के एक अंतरिक्ष यान सोलर ऑर्बिटर ने पृथ्वी और सूरज के बीच 'एस' आकार के स्विचबैक की उत्पत्ति का पता लगाया है। यान ने चार्ज ऑक्सीजन-कार्बन कणों की पहचान कर इसे सूरज के गर्म कोरोनल लूप्स से जोड़ा है। 'नेचर एस्ट्रोनॉमी' में प्रकाशित यह शोध अंतरिक्ष के मौसम की सटीक भविष्यवाणी में मददगार होगा।

द इंफॉर्मेशन की रिपोर्ट; मेटा ने डेवलप किया इंसानों जैसा रोबोट



'द इंफॉर्मेशन' की रिपोर्ट के अनुसार, मेटा ने चीनी रोबोटिक्स स्टार्टअप Fourier संग मिलकर 3-महीनों में 'Max' नामक पहला ह्यूमनॉइड रोबोट (इंसानों जैसा रोबोट) प्रोटोटाइप तैयार किया है। 1.5-मीटर लंबा और लगभग 48-किलो वजनी रोबोट चेहरे के भावों की नकल कर सकता है। इसमें इन-बिल्ट स्पीकर और छोटी वस्तुओं को पकड़ने के लिए 5 उंगलियों वाले हाथ दिए गए हैं।

नासा की अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन ने अंतरिक्ष में मनाया हैलोवीन डे



नासा की अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन ने हैलोवीन पर अंतरिक्ष में बैटमैन की पोशाक पहने अपनी तस्वीर शेयर की और सभी को शुभकामनाएं दीं। पोस्ट पर उन्होंने लिखा, अंतरिक्ष में सुपरहीरो बनना एक पसंदीदा विकल्प है और इसके पीछे कई स्पष्ट कारण हैं। पोस्ट पर एक यूजर ने मजाक में लिखा, यह बैट स्पेस स्टेशन से है!



पहाड़ियों के बीच गंगा का अलौकिक सौंदर्य, नीले पानी का विहंगम दृश्य

ऋषिकेश। उत्तराखंड की सुरम्य वादियों में कलकल बहती पतित पावनी गंगा का मनोरम दृश्य पर्यटकों और श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रहा है। हरे-भरे पहाड़ों और पथरीले किनारों के बीच से गुजरती गंगा की यह नीलाभ धारा देवभूमि की अलौकिक पहचान है। बड़ी संख्या में प्रकृति प्रेमी इस नैसर्गिक छटा को निहारने व साहसिक पर्यटन के लिए यहां पहुंच रहे हैं।

टिम साइफर्ट ने खेली शानदार 93 रन की पारी, ग्लेन फिलिप्स ने नाबाद बनाए 65 रन

न्यूजीलैंड ने पांचवां टी-20 सात विकेट से जीता, भारत ने 3-2 से जीती सीरीज

हैमिल्टन में खेले गए पांचवें टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड ने भारत को 12 गेंदें शेष रहते 7 विकेट से मात दी। हालांकि, इस हार के बावजूद भारतीय टीम ने पांच मैचों की सीरीज पर 3-2 से कब्जा जमा लिया। न्यूजीलैंड की जीत में 93 रनों की तूफानी पारी खेलने वाले टिम साइफर्ट और नाबाद 65 रन बनाने वाले ग्लेन फिलिप्स की अहम भूमिका रही।



सीरीज जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते हुए टीम इंडिया के खिलाड़ी

इशान किशन और श्रेयस अय्यर की तूफानी बल्लेबाजी

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत बेहद खराब रही और महज 19 रन पर दोनों सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (1) और संजू सैमसन (4) पवेलियन लौट गए। इसके बाद इशान किशन (32 गेंदों में 61 रन) और कप्तान श्रेयस अय्यर (23 गेंदों में 50 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 93 रनों की आक्रामक साझेदारी की।

निचले क्रम का योगदान और न्यूजीलैंड की कसी हुई गेंदबाजी

मध्यक्रम में नमन धीर ने 33 और नीतीश कुमार रेड्डी ने 22 रनों का उपयोगी योगदान दिया, जिससे भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 191 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। न्यूजीलैंड की ओर से तेज गेंदबाज ऐडम मिल्ने ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार विकेट चटकाए, जबकि ब्लेयर टिकनर और नेथन स्मिथ को दो-दो सफलताएं मिलीं।

192 रनों के लक्ष्य का पीछा और कीवी टीम की आसान जीत

192 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कीवी टीम ने फिन ऐलन (2) का विकेट जल्दी गंवा दिया। इसके बाद डैरिल मिशेल (29) और टिम साइफर्ट के बीच 73 रनों की साझेदारी हुई। साइफर्ट ने 50 गेंदों में 11 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 93 रन बनाए। उनके आउट होने के बाद ग्लेन फिलिप्स (नाबाद 65) ने कमान संभाली और टीम को 18 ओवर में 3 विकेट पर 195 रन बनाकर 7 विकेट से जीत दिला दी।

बॉक्सर अरुंधति चौधरी ने फिनलैंड में जीता गोल्ड

लगातार छठा अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक किया अपने नाम



कोटा। इंटरनेशनल बॉक्सर अरुंधति चौधरी ने लगातार छठे गोल्ड मेडल पर पंच मार दिया है. उन्होंने फिनलैंड में चल रहे टैमर कप इंटरनेशनल टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल हासिल किया है. वह 70 किलोग्राम वजन में भारतीय टीम में शामिल थी. इस प्रतियोगिता में लगभग सभी इंटरनेशनल बॉक्सर भाग लेने के लिए पहुंचे थे. यह टूर्नामेंट फिनलैंड के टैम्पेरे शहर में 28 अक्टूबर से दो नवंबर तक खेला जा रहा है. इसमें बॉक्सिंग के मुकाबले 30 अक्टूबर से 1 नवंबर के बीच हुए है.

सभी मुकाबलों में शानदार प्रदर्शनः अरुंधति के शुरूआती कोच अशोक गौतम ने बताया कि फिनलैंड में खेले गए सभी मुकाबले में अरुंधति चौधरी ने स्वर्ण पदक जीता है. सभी मुकाबले 5-0 से जीते है. प्रतियोगिता के सभी मुकाबलों में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की. इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में ओलंपिक भार वर्ग के शीर्ष आठ खिलाड़ियों ने अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व किया. प्रतियोगिता में भारत की ओर से सात महिला एवं सात पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया था.

क्वार्टर फाइनल से फाइनल तक की जीतः अरुंधति के पिता और कोटा बॉक्सिंग फेडरेशन के अध्यक्ष सुरेश चौधरी ने बताया कि उन्होंने क्वार्टर फाइनल में फिनलैंड की विलमा कूसीक्को, सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड की बीलोओलुना व फाइनल मुकाबले में आयरलैंड की एवलिन ईघरो को 4-1 से पराजित किया है।

श्रीकरणपुर; इंडिया वेट लिफ्टिंग में निकिता ने जीता रजत पदक

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। ग्रामीण परिवेश से निकलकर गांव 53 एफ



जोरावरसिंहपुर की छात्रा निकिता ने इंडिया लेवल वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर परिवार, गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। निकिता, रतिराम की पुत्री हैं। उन्होंने 12वीं तक की शिक्षा राउमावि, जोरावरसिंहपुर से प्राप्त की, जहां शारीरिक शिक्षक मनोज कुमार के मार्गदर्शन में एथलेटिक्स का प्रशिक्षण लिया। उच्च शिक्षा के लिए डीएवी कॉलेज, श्रीगंगानगर में प्रवेश लेने के बाद उनकी रुचि वेट लिफ्टिंग की ओर बढ़ी। इसके बाद उन्होंने पीलीबंगा में कोच मेहताब सिंह के निर्देशन में प्रशिक्षण शुरू किया। 27 और 28 अक्टूबर को गुजरात के मेहसाणा स्थित शंकलचंद पटेल विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में निकिता ने 49 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। रजत पदक जीतकर गांव लौटने पर पंचायत समिति के उपप्रधान अवतार सिंह रंधावा और डॉ. पूर्णचंद कंबोज के नेतृत्व में ग्रामीणों ने निकिता का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनकी उपलब्धि को क्षेत्र के युवाओं, विशेषकर ग्रामीण छात्राओं के लिए प्रेरणादायी बताते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

पीवी सिंधू ने जीता हाइलो ओपन का खिताब

नई दिल्ली। पीवी सिंधू ने जर्मनी में आयोजित हाइलो ओपन सुपर-500 बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है।

फाइनल में उन्होंने डेनमार्क की लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ट को 21-12, 21-14 से हराया।


दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू का यह इस सीजन का दूसरा खिताब है। इससे पहले उन्होंने जुलाई में जापान ओपन जीता था।

भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हाइलो ओपन सुपर-500 टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने डेनमार्क की दुनिया की 25वें नंबर की



खिलाड़ी लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ट को सीधे गेमों में 21-12, 21-14 से हराया। इस जीत के साथ सिंधू ने सीजन का अपना दूसरा खिताब हासिल किया। जर्मनी के सारब्रुकेन में खेले गए फाइनल मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधू ने शुरूआत से ही शानदार खेल दिखाया।

SUCCESS PICTURES





53 वर्ष की हुईं पूर्व मिस वर्ल्ड ऐश्वर्या राय बच्चनः मिस वर्ल्ड से लेकर वैश्विक सिनेमा तक का सफर

01 नवंबर 1973 को मैंगलोर में जन्मीं ऐश्वर्या राय का बचपन मुंबई में बीता। वास्तुकला की पढ़ाई का इरादा रखने वाली ऐश्वर्या ने मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा। वर्ष 1994 में उन्होंने 'मिस इंडिया वर्ल्ड' और फिर 'मिस वर्ल्ड' का खिताब जीतकर वैश्विक स्तर पर भारत का परचम लहराया। रीता फारिया के बाद यह मुकाम हासिल करने वाली वह दूसरी भारतीय सुंदरी बनीं।

कॅरिअर की शुरूआत और मील के पत्थर

वर्ष 1997 में मणिरत्नम की तमिल फिल्म 'इरुवर' से अभिनय की शुरूआत कर उन्होंने उसी साल 'और प्यार हो गया' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। 1998 की तमिल फिल्म 'जीन्स' के बाद 1999 में आई 'हम दिल दे चुके सनम' उनके करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुई, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर मिला। इसके बाद 'ताल' (1999) और 'देवदास' (2002) में पारो के कालजयी किरदार ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय ख्याति दिलाई।

वैश्विक उपलब्धियां और सम्मान

वर्ष 2004 में लंदन के मैडम तुसाद म्यूजियम में उनका मोम का पुतला स्थापित हुआ और 'टाइम मैगजीन' ने उन्हें दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में शामिल किया। 'धूम 2' और 'खाकी' जैसी फिल्मों में विविधता दिखाने वाली इस अभिनेत्री को 2009 में भारत सरकार द्वारा 'पद्मश्री' से नवाजा गया।

कमबैक और हालिया फिल्में

अभिषेक बच्चन से विवाह के बाद ऐश्वर्या ने परिवार को प्राथमिकता दी। 2010 की फिल्म 'गुजारिश' के बाद उन्होंने 2015 में 'जज्बा' से वापसी की। इसके बाद 'सरबजीत', 'ऐ दिल है मुश्किल' और हाल ही में मणिरत्नम की ऐतिहासिक फिल्म 'पोन्नियिन सेलवन' (1 व 2) से उन्होंने एक बार फिर अपनी अभिनय क्षमता को साबित किया।

सतीश, साई प्रतीक के-रुबन कुमार ने खिताब जीते

बेंगलुरु (वार्ता)। भारतीय शटलर सतीश करुणाकरण, साई प्रतीक के-रुबन कुमार ने रविवार को 'इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन 2026' टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वर्ग के खिताब जीते। टूर्नामेंट के कुल पांच में से दो खिताब भारत के शटलरों ने अपने नाम किए।

पुरुष एकल के फाइनल में सतीश करुणाकरण ने हमवतन के तंकारा ज्ञान दत्त तलासिला को 21-9, 23-21 से हराकर खिताब जीता।

पांचवीं वरीयता प्राप्त साई प्रतीक के. और रुबन कुमार रेथिनसाबपति की भारतीय जोड़ी ने मलेशिया के लाउ यी शेंग और ली यी बो को की जोड़ी को 31 मिनट में 21-15, 21-19 से हराकर खिताब जीता।

सीमा सन्देश

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

श्रीगंगानगर, सोमवार, 02 नवम्बर, 2026

लोकतंत्र सरकार की आलोचना की आजादी देता है, तो जनता को आपके बयानों की आलोचना करने का अधिकार भी। देश की चिंता है तो पूरी तस्वीर पर बोलिए, अपनी पसंद के हिसाब से नहीं। - **अन्नू कपूर**

मिलावटखोरी; 16 हजार 394 लीटर घी बाजार में खपाने की थी तैयारी, 3.50 लाख नकद मिले

एक करोड़ 23 लाख रुपए का नकली घी जब्त: अनन्या ट्रेडिंग कंपनी पर छापा, 3 आरोपी गिरफ्तार

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

त्योहारी सीजन में लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर बाजार में नकली घी खपाने की तैयारी कर रहे कारोबारियों का पुलिस ने पदार्फाश किया है। सदर थाना पुलिस, सीआईडी और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने रविवार सुबह चौधरी कॉम्प्लेक्स स्थित अनन्या ट्रेडिंग कंपनी और उसके गोदाम पर छापा मारा। कार्रवाई में 16 हजार 394 लीटर नकली घी बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर गोदाम सील कर दिया।

पुलिस के अनुसार, जब्त नकली घी की बाजार कीमत करीब एक करोड़ 23 लाख रुपए आंकी गई है। मौके से घी की बिक्री से प्राप्त 3 लाख 50 हजार रुपए नकद और सप्लाई में इस्तेमाल की जा रही मारुति वैन भी जब्त की गई है। इस कार्यवाही को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में सीआईडी (सीबी) जयपुर से शैलेन्द्र कुमार उपनिरीक्षक, दुष्यन्त सिंह सहायक उपनिरीक्षक, कृष्ण गोपाल और बृजेश कुमार हैड कांस्टेबल, पुलिस थाना सदर से रामपाल उप निरीक्षक, मनफूल हैड कांस्टेबल , कैलाशचन्द्र कांस्टेबल और स्वास्थ्य विभाग से अजय कुमार सिंगला, सीएमएचओ श्रीगंगानगर, उर्मिला भादू,हंसराज, कंवरपाल सिंह, अजय शर्मा, अनिल शर्मा और नरेश कुमार एफएसओ शामिल रहे। वहीं कार्यवाही में





बृजेश कुमार हैड कांस्टेबल सीआईडी (सीबी) मुख्यालय जयपुर एवं उनकी टीम की विशेष भूमिका रही। जिला मुख्यालय पर कार्यवाही के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की टीम सूरतगढ़ पहुंची। यहां संबंधित संस्थान पर समाचार लिखे जाने तक कार्यवाही जारी थी। सूत्रों के अनुसार यह कार्यवाही सोमवार को पूर्ण होगी। इसके बाद विभाग की ओर से कार्यवाही का विस्तृत ब्यौरा दिया जाएगा।

गोदाम में भरा मिला नकली घी

मुख्यमंत्री की ओर से प्रदेशभर में चलाए जा रहे शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक हरिशंकर यादव के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक शर्मा और आईपीएस नितिन चौधरी के सुपरविजन में सदर थाना प्रभारी सुभाष चंद्र के नेतृत्व में पुलिस, सीआईडी और डीएसटी की संयुक्त टीम ने अनन्या ट्रेडिंग कंपनी पर दबिश दी। गोदाम में बड़ी मात्रा में नकली घी मिलने पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम को मौके पर बुलाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने भी कार्रवाई में हिस्सा लिया। इसके बाद पूरा गोदाम सील कर दिया गया।

पुलिस ने मामले में राम तायल (26) पुत्र भगवान दास निवासी वार्ड नम्बर 52,मकान नम्बर 12 बालाजी स्टेट, मुकेश कुमार (42) पुत्र सुरेश कुमार निवासी मकान नम्बर दस राणा प्रताप कॉलोनी श्रीगंगानगर और विकास कुमार (24) पुत्र मदनलाल निवासी डुंगरसिंहपुरा पुलिस थाना लालगढ़ श्रीगंगानगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है कि नकली घी कहां तैयार किया जा रहा था और इसकी सप्लाई किन-किन शहरों और दुकानों तक की जानी थी।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जिले में अन्य संभावित ठिकानों पर भी दबिश दी जा रही है। जांच में नकली घी के कारोबार से जुड़े दूसरे लोगों और सप्लाई नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

वीजा मास्टर्स इंडिया ने दिखाई राह

श्रीगंगानगर की छात्रा आशिता को जर्मनी के स्टूडियनकॉलेग में प्रवेश

डुसेलडॉर्फ में टी-कोर्स के लिए चयन, फाउंडेशन प्रोग्राम के बाद इंजीनियरिंग या संबंधित क्षेत्र में करेंगी स्नातक की पढ़ाई

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने की दिशा में श्रीगंगानगर की छात्रा आशिता ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्हें जर्मनी के डुसेलडॉर्फ स्थित स्टूडियनकॉलेग (Studienkolleg Düsseldorf) में प्रवेश मिला है। यह सफलता वीजा मास्टर्स इंडिया, श्रीगंगानगर के मार्गदर्शन से मिली है। आशिता को गणित, टेक्नोलॉजी, प्राकृतिक विज्ञान एवं इंजीनियरिंग के टी-कोर्स (T-Course) में प्रवेश मिला है। इस फाउंडेशन प्रोग्राम को पूरा करने के बाद वह इंजीनियरिंग या संबंधित तकनीकी क्षेत्र में स्नातक की पढ़ाई करेंगी।

जर्मनी में उच्च शिक्षा का फाउंडेशन प्रोग्राम है स्टूडियनकॉलेग

स्टूडियनकॉलेग जर्मनी में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए एक तैयारी कार्यक्रम है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को जर्मन विश्वविद्यालयों की शिक्षा प्रणाली और संबंधित विषयों के लिए तैयार किया जाता है। टी-कोर्स विशेष रूप से गणित, टेक्नोलॉजी, प्राकृतिक विज्ञान और इंजीनियरिंग में आगे की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए है। कार्यक्रम पूरा करने और निर्धारित अंतिम परीक्षा फेस्टस्टेलुंग्सप्रुफंग उत्तीर्ण करने के बाद विद्यार्थी अपनी योग्यता के अनुसार संबंधित विषय में जर्मनी के विश्वविद्यालयों में स्नातक डिग्री के लिए आवेदन कर सकते हैं।

प्रवेश के लिए जरूरी हैं शैक्षणिक योग्यता और भाषा दक्षता

स्टूडियनकॉलेग में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को निर्धारित शैक्षणिक योग्यता और भाषा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करना होता है। प्रमुख आवश्यकताओं में शामिल हैं–

- 12वीं या समकक्ष शैक्षणिक योग्यता
- निर्धारित स्तर की जर्मन भाषा दक्षता
- संबंधित संस्थान की प्रवेश प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेज
- IELTS या अन्य भाषा प्रमाणपत्र, जहां आवश्यक हो
- जर्मनी के छात्र वीजा के लिए निर्धारित दस्तावेज
- प्रवेश की शर्तें संस्थान और कार्यक्रम के अनुसार अलग-अलग हो सकती हैं।



विदेश में पढ़ाई के लिए वीजा मास्टर्स इंडिया दे रहा मार्गदर्शन

वीजा मास्टर्स इंडिया, श्रीगंगानगर विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा के लिए मार्गदर्शन एवं तैयारी संबंधी सेवाएं उपलब्ध करवा रहा है। संस्थान की प्रमुख सेवाओं में शामिल हैं–

- विदेश में पढ़ाई के लिए काउंसलिंग एवं कोर्स चयन
- IELTS की तैयारी
- जर्मन सहित विभिन्न विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण
- स्पोकन इंग्लिश की कक्षाएं
- इंटरव्यू की तैयारी
- आवेदन, दस्तावेज एवं स्टूडेंट वीजा प्रक्रिया में सहायता

अप्रैल इंटेक के लिए आवेदन

जर्मनी में स्टूडियनकॉलेग के माध्यम से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए आगामी अप्रैल इंटेक एक महत्वपूर्ण अवसर है। इच्छुक विद्यार्थी समय रहते अपनी शैक्षणिक योग्यता, भाषा दक्षता और आवश्यक दस्तावेजों की तैयारी शुरू कर सकते हैं।

सम्पर्क करें: **वीजा मास्टर्स इंडिया**
6 पी-ब्लॉक, शू बैंक के ऊपर, फर्स्ट फ्लोर,
राधेश्याम रोड, श्रीगंगानगर **+91 93511-88888**

जर्मनी में स्टूडियनकॉलेग, टी-कोर्स, IELTS, जर्मन भाषा प्रशिक्षण और विदेश में शिक्षा संबंधी मार्गदर्शन के लिए संपर्क करें।



कार्रवाई; पीलीबंगा क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा दल ने गाय का 286 लीटर घी किया सीज

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

दीपावली के त्योहार के मद्देनजर आमजन को शुद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिलेभर में खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण और खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को खाद्य सुरक्षा दल ने पीलीबंगा में कार्रवाई करते हुए छाबड़ा एजेंसी का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिष्ठान पर उपलब्ध गौकृष ब्रांड के गाय के घी की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मौके से कुल 286 लीटर घी सीज कर लिया तथा घी का नमूना संग्रहित कर जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भिजवाया। विभाग के अनुसार प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी।

दूध के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे, चाइयां क्षेत्र में भी डेयरियों का किया निरीक्षण

सिंथेटिक दूध की आशंका, विभाग ने 160 लीटर दूध करवाया नष्ट

रावतसर में प्रगति डेयरी पर जांच में सामने आया संदेह

सीमा सन्देश # रावतसर।

दीपावली के त्योहार पर मिलावटखोरी के खिलाफ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। प्रगति डेयरी पर कार्रवाई करते हुए विभागीय टीम ने 160 लीटर संदिग्ध दूध मौके पर ही नष्ट करवाया। मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब (एमएफटीएल) मशीन से की गई प्रारंभिक जांच में दूध के सिंथेटिक होने की आशंका सामने आई। टीम ने दूध के नमूने लेकर विस्तृत जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा दल ने मुखबिर से रावतसर एवं चाइयां क्षेत्र में सिंथेटिक दूध



तैयार करने और उसकी आपूर्ति किए जाने की शिकायत मिलने पर दोनों क्षेत्रों में कार्रवाई की। टीम ने रावतसर स्थित प्रगति डेयरी का निरीक्षण किया। इस दौरान ऑटो रिक्शा मालिक सोहनलाल एवं चालक राकेश कुमार की ओर से डेयरी पर बिक्री के लिए लाए गए दूध की मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के माध्यम से मौके पर जांच की गई। प्रारंभिक जांच में दूध के सिंथेटिक होने की आशंका जताई गई। इस पर विभागीय टीम ने दूध के नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला भेजे तथा संदिग्ध पाए गए 160 लीटर दूध को मौके पर ही नष्ट करवाया, ताकि इसकी आपूर्ति और आमजन तक पहुंच को रोका जा सके। इसके बाद चिकित्सा विभाग की टीम ने चाइयां क्षेत्र में भी अलग-अलग डेयरी संचालकों के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान दूध की गुणवत्ता एवं खाद्य सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जांच की गई। टीम ने डेयरी संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं मानकों का पालन करने तथा उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुदेश कुमार गर्ग, संजय कुमार एवं दीपक कुमार, रावतसर बीसीएमओ डॉ. मनिन्द्र सिंह, लैब सहायक सुभाषचंद, एमएफटीएल वाहन चालक निहाल सिंह तथा वाहन चालक मलकीत सिंह एवं गुरुशरण सिंह मौजूद रहे।

रैगिंग मामला, 80 छात्रों पर कार्रवाई

बाड़मेर। मेडिकल कॉलेज में रैगिंग के कथित मामले में करीब 80 एमबीबीएस विद्यार्थियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। प्राचार्य डॉ. अनूप गुर्जर ने बताया कि एंटी रैगिंग कमेटी की अनुशंसा पर 5-7 विद्यार्थियों को हॉस्टल से स्थायी रूप से निष्कासित किया गया है, जबकि अन्य को 7, 15 और 30 कार्य दिवस तक शैक्षणिक गतिविधियों से दूर रखा गया। मामले में एनएमसी ने भी रिपोर्ट मांगी है।

■ **सोनीपत।** गांव मुडलाना में शनिवार शाम घर में एक जेबीटी शिक्षक जयदेव की पत्नी और उसके तीन बच्चों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आने से इलाके में सनसनी फैल गई। दो पेज का सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। इसमें महिला ने पारिवारिक तनाव, संपत्ति विवाद और कथित भेदभाव का जिक्र किया है।

हजारों नए डिजाइन के आर्टिकल्स उपलब्ध

पुष्य नक्षत्र पर न्यूलाइट ज्वेलर्स में ग्राहकों ने की जमकर खरीदारी



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

पुष्य नक्षत्र के शुभ अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित आभूषण प्रतिष्ठान न्यूलाइट ज्वेलर्स, 85 जवाहर मार्केट में ग्राहकों ने बढ़-चढ़कर खरीदारी की। शुभ मुहूर्त में आभूषण खरीदने को लेकर ग्राहकों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रतिष्ठान में ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए हजारों नए डिजाइन के आकर्षक आर्टिकल्स उपलब्ध करवाए गए हैं, जिन्हें ग्राहक काफी पसंद कर रहे हैं।

धनतेरस और दीपावली के त्योहार को देखते हुए न्यूलाइट ज्वेलर्स में विशेष तैयारियां की गई हैं। यहां आभूषणों की शानदार वैरायटी के साथ धनतेरस की खरीदारी और पूजा के लिए सोने-चांदी के सिक्के, चांदी के नोट व मूर्तियां आदि उपलब्ध ।

ग्राहक अपनी जरूरत और पसंद के अनुसार एक ही स्थान पर त्योहार की खरीदारी कर सकते हैं। वहीं, प्रतिष्ठान की आकर्षक स्पिन एंड विन योजना भी ग्राहकों के लिए विशेष आकर्षण बनी हुई है। इसी योजना के तहत हरिपुरा संगरिया निवासी नरेंद्र जाखड़ ने 35,000 का कैशबैक जीता। योजना को लेकर ग्राहकों में लगातार उत्साह देखने को मिल रहा है। इसके तहत प्रत्येक 1 लाख की खरीदारी पर ग्राहक को एक स्पिन करने का अवसर मिलता है। अधिक खरीदारी करने पर अधिक स्पिन और आकर्षक कैशबैक जीतने के मौके मिलते हैं।

नवीनतम डिजाइनों और आकर्षक कलेक्शन की विशेष रेंज उपलब्ध करवाई

प्रतिष्ठान के संचालक एम.पी. सिंह ने बताया कि न्यूलाइट ज्वेलर्स में ग्राहकों के लिए नवीनतम डिजाइनों और आकर्षक कलेक्शन की विशेष रेंज उपलब्ध करवाई गई है। धनतेरस और दीपावली के अवसर पर ग्राहकों को बेहतर खरीदारी अनुभव देने के उद्देश्य से विशेष तैयारियां की गई हैं। उन्होंने शहरवासियों से त्योहारों के इस शुभ अवसर पर प्रतिष्ठान में आकर नए कलेक्शन का लाभ उठाने की अपील की।

-न्यूलाइट ज्वेलर्स, 85, जवाहर मार्केट, श्रीगंगानगर

एग्रीकल्चर **खरीद लक्ष्यों की स्वीकृति मिलते ही वास्तविक खरीद का कार्य शीघ्र शुरू होगा**

समर्थन मूल्य पर मूंग व मूंगफली की सरकारी खरीद के लिये पंजीकरण आज से प्रारंभ: जानें दोनों जिलों के खरीद केंद्रों, नियमों का पूरा विवरण

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लिमिटेड (राजफेड) द्वारा खरीफ वर्ष 2026 के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन की सरकारी खरीद के लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण 02 नवम्बर से प्रारंभ किया जा रहा है।

किसान राजफेड की आधिकारिक वेबसाइट, ई-मित्र केंद्रों के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकेंगे। भारत सरकार से खरीद लक्ष्यों की स्वीकृति मिलते ही वास्तविक खरीद का कार्य शीघ्र ही शुरू कर दिया जाएगा।

विभिन्न फसलों के घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य और नमी की सीमा

राजफेड के क्षेत्रिय निदेशक हरी सिंह द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार खरीफ सीजन 2026 के लिए केंद्र सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य एवं तय नमी की सीमा निम्न प्रकार है:

- **मूंग: ₹ 8,780** प्रति क्विं. (अधि. नमी: 12%)
- **उड़द: ₹ 8,200** प्रति क्विं. (अधि. नमी: 12%)
- **सोयाबीन: ₹ 5,708** प्रति क्विं. (अधि. नमी: 12%)
- **मूंगफली: ₹ 7,517** प्रति क्विंटल (अधि. नमी: 8%)



पंजीकरण, कोटा और क्रय सीमा के नियम

केंद्रवार पंजीकरण सीमा: प्रत्येक खरीद केंद्र पर अधिकतम 2,000 किसानों के पंजीकरण की सीमा तय की गई है।

प्रति किसान अधिकतम खरीद: एक किसान से मूंग, मूंगफली, सोयाबीन की अधिकतम 40 क्विं. तक ही खरीद की जाएगी।

विशेष छूट: उड़द की फसल बेचने वाले किसानों पर 40 क्विंटल की यह अधिकतम सीमा लागू नहीं होगी।

राज्य स्तरीय एवं स्थानीय खरीद केंद्रों का विस्तृत ब्योरा

प्रदेशभर में किसानों की सुविधा के लिए कुल 812 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें मूंग के लिए 315, मूंगफली के लिए 284, उड़द के लिए 136 तथा सोयाबीन के लिए 77 केंद्र शामिल हैं।

श्रीगंगानगर जिला

- **मूंग के खरीद केंद्र:** जिले में मूंग की खरीद के लिए कुल 48 केंद्र बनाए गए हैं।
- **मूंगफली के खरीद केंद्र:** मूंगफली की खरीद के लिए सूरतगढ़ और श्री विजयनगर को खरीद केंद्र बनाया गया है।

हनुमानगढ़ जिला

- **मूंग के खरीद केंद्र:** जिले में मूंग की खरीद हेतु कुल 12 केंद्र स्थापित किए गए हैं।
- **मूंगफली के खरीद केंद्र:** मूंगफली की खरीद के लिए 7 केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें नोहर, रावतसर, पल्लू, हनुमानगढ़ जंक्शन, टिब्बी, संगरिया और खरलिया शामिल हैं।

भुगतान प्रक्रिया और गिरदावरी संबंधी दिशा-निर्देश

आधार आधारित भुगतान : खरीफ-2026 के दौरान खरीदी गई उपज का सीधा भुगतान किसानों के आधार-लिंक्ड बैंक खातों में आधार आधारित भुगतान प्रणाली के जरिए किया जाएगा। अतः सभी किसान समय रहते अपने बैंक खाते और आधार विवरण को अद्यतन करा लें।

ऑफलाइन गिरदावरी वाले क्षेत्रों के लिए: जिन गांवों या क्षेत्रों में ऑनलाइन गिरदावरी की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां के किसान निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ऑफलाइन गिरदावरी के आधार पर पंजीकरण करवाएं। ऑफलाइन गिरदावरी वाले गांवों की जिलेवार सूची राजफेड के ओपीआर पोर्टल पर उपलब्ध करा दी गई है।

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528